वर्ष 72 अंक 272 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 30 जून, 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

कुछ भी नहीं होता जब तक कि हम पहले सपना न देखें।
– कार्ल सैंडबर्ग

## ऑफ बीट

### विश्व रिकॉर्ड: 24 घंटे में 5,000 किमी रेल यात्रा



*चीन के एक व्यक्ति का रेल यात्रा के प्रति प्रेम देखकर दुनिया दंग रह गई है। दरअसल, इस व्यक्ति ने 24 घंटे के अंदर रेल से 5,000 किलोमीटर की यात्रा की है। ऐसा करके उन्होंने नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। चीन के सिचुआन स्थित डेयांग के रहने वाले वांग डोंग ने 24 घंटे में रेल से सबसे ज्यादा दूरी तय करने का पिछले विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने इस प्रयास के दौरान 5,887.76 किमी यानि 3,658.48 मील की दूरी तय की। सुबह 7.53 बजे वह यिबिन स्थित ट्रेन स्टेशन पहुंचे थे, जहां से यात्रा शुरु हुई थी। वह रेल यात्रा करते हुए चीन के एक कोने से दूसरे कोने तक गए थे। डोंग ने कहा, मैं डेयांग में पटरियों के पास ही बड़ा हुआ हूं। यही कारण है कि उन्हें रेल से इतना लगाव है। 2019 में हांगकांग के हुआंग वेइजी और हुआंग वेइजी ने 24 घंटे में 4,967.8 किलोमीटर की रेल यात्रा कर रिकॉर्ड कायम किया था।*

### पुणे से हैदराबाद जा रही इंडिगो फ्लाइट डायवर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पुणे से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6473 को हैदराबाद एयरस्पेस में भारी ट्रैफिक के चलते विजयवाड़ा डायवर्ट करना पड़ा। विमान ने रविवार सुबह 8.43 बजे पुणे एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी और हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। एयरलाइन सूत्रों के अनुसार हैदराबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल से सूचना मिलने के बाद पायलट ने यह निर्णय लिया। फ्लाइट को सुरक्षित रूप से विजयवाड़ा में उतार लिया गया और सभी यात्री सुरक्षित हैं।

# लापरवाही: पुरी रथयात्रा में फिर भगदड़, तीन की मौत

## शुक्रवार की घटना से नहीं लिया सबक, 50 से अधिक घायल, कलेक्टर-एसपी का तबादला, दो निलंबित

**पुरी/भुवनेश्वर, जेएनएन।** पुरी में भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा के दौरान रविवार तड़के गुंडिचा मंदिर के सामने हुई भगदड़ ने तीन श्रद्धालुओं की जान ले ली और 50 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों में दो महिलाएं और एक वृद्ध पुरुष शामिल हैं। प्रशासन ने इसे गंभीर चूक मानते हुए पुरी के कलेक्टर और एसपी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। साथ ही दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

घटना रविवार तड़के 3.30 बजे से 4.30 बजे के बीच की है, जब रथयात्रा का रथ खींचने का मुख्य आयोजन शनिवार को पूरा हो चुका था और तीनों रथ गुंडिचा मंदिर के सामने खड़े थे। उसी समय 'पहाड़ा भंगा' नामक प्रातःकालीन अनुष्ठान शुरू हुआ, जिसके चलते हजारों की संख्या में श्रद्धालु रथों के दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

विशेषकर भगवान जगन्नाथ के रथ 'नंदीघोष' के आगे भीड़ अचानक इतनी बढ़ गई कि लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। अफरा-तफरी में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

मरने वालों की पहचान बसंती साहू (36, बोलागढ़), प्रवती दास (45, बालिपतना), और प्रेमकांत मोहंती (78, खुरदा) के रूप में हुई है।पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने मीडिया को बताया कि छह घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से तीन को छुट्टी दे दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थानीय लोग सबसे पहले मदद के लिए आगे आए और घायलों को ऑटो और निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचाया। लोगों ने कहा कि इतनी भारी भीड़ की संभावना होने के बावजूद प्रशासन और पुलिस की तैयारी बेहद कमजोर थी।

एक पीड़ित के परिजन ने बताया, 'हम सुबह 3.30 बजे मंदिर पहुंचे और वहां भीड़ बेकाबू थी। पुलिस का कोई नामोनिशान नहीं था। मेरी पत्नी की मौत प्रशासन की लापरवाही से हुई है।' पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हादसे पर संवेदना जताते हुए सरकार पर हमला किया है। उन्होंने लिखा- प्रशासन आयोजन को संभाल नहीं सका।



### ज्यादा भीड़: समय बदला और फैली अव्यवस्था

इस साल की रथयात्रा में भीड़ सामान्य से डेढ़ गुना अधिक थी। शनिवार को रथ खींचने का कार्यक्रम दिन में 1.30 बजे तक पूरा किया गया था, लेकिन देवताओं को रथों से उतारने (पहाड़ा) का अनुष्ठान रात 1.30 बजे से 2.00 बजे के बीच कर दिया गया। सामान्यतः यह अनुष्ठान दिन में होता है। इस अनियमित समय की सूचना मिलते ही हजारों श्रद्धालु तड़के दर्शन के लिए मंदिर पहुंच गए, जिससे सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण व्यवस्था चरमरा गई।

### दो दिन पहले मोड़ पर हुआ था हादसा

शुक्रवार को भी एक मोड़ पर भीड़ बढ़ने से करीब 500 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया था। प्रशासन को अनुमान था कि इस बार अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भगदड़ में अव्यवस्था सामने आई। इसके बावजूद सबक नहीं लिया गया। घटना के बाद पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल को हटा दिया गया है। साथ ही, डीसीपी विष्णुपति और कमांडेंट अजय पाधी को लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### 25 लाख का मुआवजा और जांच के आदेश

मुख्यमंत्री ने 25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि मृतकों के परिजनों को देने की घोषणा की है और डेवलपमेंट कमिश्नर अनु गर्ग के नेतृत्व में एक प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए हैं। उन्होंने कहा, 'घटना में जो भी लापरवाही सामने आएगी, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।' प्रशासन की ओर से शुरुआती जांच में अव्यवस्था और लापरवाही सामने आई है। आगे इस मामले में अन्य अफसरों पर गाज गिर सकती है।

## कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप मामला

# सीसीटीवी फुटेज में छात्रा के साथ जबरदस्ती की पुष्टि

### एसआईटी सदस्यों की संख्या 5 से बढ़ाकर 9 की



**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता की लॉ छात्रा से गैंगरेप मामले में सीसीटीवी फुटेज से गैंगरेप की पुष्टि हुई है। कॉलेज के सीसीटीवी में 25 जून की दोपहर 3.30 बजे से रात 10.50 बजे तक करीब 7 घंटे की फुटेज हैं। जांच अधिकारी के मुताबिक, सीसीटीवी में पीड़ित छात्रा को गार्ड के कमरे में जबर्दस्ती ले जाने की घटना कैद हुई है। इससे छात्रा की लिखित शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है।

वहीं, जिस गार्ड के कमरे में रेप हुआ था, शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में अब तक कुल चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

इसके अलावा मामले में गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) में आज मेंबर्स की संख्या पांच से बढ़ाकर नौ कर दी गई। असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस प्रदीप कुमार घोषाल इसका नेतृत्व कर रहे हैं।

घटना 25 जून को कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा (31) है। घटना में जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) भी शामिल हैं। मनोजीत कॉलेज का पूर्व छात्र है, जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं।

पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में भी रेप की पुष्टि हुई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं।

### इसलिए है गैंगरेप का मामला

मुख्य पुलिस अभियोजक सोरिन घोषाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, बलात्कार करने में मदद करने वाले सभी व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इस मामले में दो अन्य व्यक्तियों ने बलात्कार में मदद की। इस वजह से यह सामूहिक बलात्कार का मामला है।

### एनडब्ल्यूसी सदस्य का लॉ कॉलेज का दौरा

मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनडब्ल्यूसी) की सदस्य अर्चना मजूमदार ने रविवार को कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि उन्हें पीड़िता के ठिकाने की जानकारी नहीं दी गई। मजूमदार ने कहा, 'आयोग पीड़िता के साथ खड़ा है और जब तक वह चाहेगी, हम मदद करेंगे। हमें उसके माता-पिता से भी बात करनी है, यह हमारी जांच का हिस्सा है।'





यहाँ ऐप डाउनलोड करें।

376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स | वेरिफाइड कार हिस्ट्री* | 1 साल तक की वारंटी और 3 फ्री सर्विस*


*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है। छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है।

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

TRUE VALUE CERTIFIED

**SATNA: CITY CARS:** SHERGANJ AMOUDHA KALA, PH: 7879153195, 9669201123 | **SAGAR: ADINATH CARS PVT. LTD.**: NEAR BAHERIYA CHORAHA, PH: 9009780473, 9009799715 | **INDORE: PATEL MOTORS (INDORE) LTD.**: NEAR RAU CIRCLE, PH: 9826670014, 9669112608, 8120456456 | **RANA MOTORS**: 186-187, TALAWALI CHANDA, PH: 9109984937, 9109984952 | **OCEAN MOTORS PVT. LTD.**: LIMBODI, PH: 7389910538, 7389936404 | **KATHED MOTORS:** KHAJRANA, PH: 7471111128, 6262620178 | **KTL AUTOMOBILE:** MANGLIYA BY PASS, PH: 9303786492, 9343698965 | **RUKMANI MOTORS**: RAU, PH: 9098394444, 9074433221 | **RUKMANI MOTORS**: GEETA BHAWAN SQUARE, PH: 7065746146, 9926200939 | **UNITARA MOTORS**: LOHAR PIPLYA, A.B. ROAD, DEWAS, PH: 9303996707, 7697701152 | **KHARGONE: NIMAR MOTORS PVT. LTD.**: SANAWAD ROAD, JETAPUR, PH: 8889062900, 9111024148 | **UJJAIN: YUG CARS:** 78/2, HAMUKHEDI, DEWAS ROAD, UJJAIN, PH: 9109130364, 9630450010 | **CHHINDWARA: KAMTHI MOTORS:** PODAR HIGH SCHOOL, NEAR TOYOTA SHOWROOM, NAGPUR ROAD, PH: 9285506127, 9285506143 | **GWALIOR: NIKUNJ MOTORS (A UNIT OF RSKS AUTOMOTIVE)**: TANSEN ROAD, PH: 9109198253, 9329145264 | **PREM MOTORS:** KOTHI GAON, PH: 9926561545, 9926901502 | **GUNA: PREM MOTORS:** GAUSHALA MAHAVEERPURA, PH: 9826542548 / 9524109400 | **JABALPUR: MAA GAYATRI AUTOMOBILES:** KATANGI ROAD KHARMETA, PH: 7489901041 | **STANDARD AUTO AGENCIES:** VIJAY NAGAR, PH: 7771002288, 9303788839 | **SHUBH MOTORS PVT LTD.:** AAGA CHOWK, PH: 9755093274, 9826110502 | **SHUBH MOTORS PVT LTD.**: MAHANANDA MADAN MAHAL, PH: 9755501146, 7987844141 | **SHAHDOL: STANDARD MOTOCORP PVT LTD.:** NEAR VILLAGE JAMUI, BURHAR ROAD, SHAHDOL, PH: 9303918728 | **SHUBH MOTORS PVT. LTD.**: NEAR SAMBHAG GATE, BURHAR ROAD, SHAHDOL, PH: 9755595544.

## साहित्य सृजन



### कौन हो तुम

क्या तुम पावन गंगा जल हो,
या फिर सोन के जैसे निर्मल।
क्या पाऊंगा तुलना करके,
क्या सपनों के रंग महल तुम।
क्या सागर सा गहरा जल हो,
या फिर तुम पैदा करती लहरें।
शांत झील का नीला जल हो,
या फिर तुम पैदा करती कंपन।
घनी छांव की सुरभित पवनें,
या हो पतझड़ वाली खड़खड़।
क्या तुम प्यासी धरती हो,
या आसमान की काली बदली।
ताल तलैया या फिर नाला,
अब मुझे बता ना देर करो तुम।
बोलो कुछ तो मौन हो कैसे,
अब मुझे बताओ कौन हो तुम।
अब चुप्पी तोड़ो मुझे बताओ,
अब तो ना तुम मुझे सताओ।
अब सच्ची बोलो सच्ची बोलो,
अब मुझे बता दो कौन हो तुम।



**अमित कुमार द्विवेदी, रीवा**




### भारत

पुण्य भूमि यह भारत,
धन्य भूमि यह भारत ।
धरती पे स्वर्ग कहीं,
वह भूमि है ये भारत।
कण-कण में रचा बसा,
शाश्वत भाव है ये भारत ।
युगों-युगों की यह परम्परा,
सत्य सनातन है ये भारत।
है नाम यही, पहचान यही,
जय-जय विजयी, अमर रहे मेरा भारत!
भव्य है, नव्या है, दिव्य है,
प्राण है, प्रणम्य है ये भारत।
पहचान न अपनी मिटने दो,
भारत को भारत ही रहने दो।
अंग्रेजों ने दुनिया को बतलाया,
इंडिया मीन्स दैट इज भारत।
गुलामी की ये कुंठा छोड़ो,
अब हमें है आगे बढ़ना।
अपनी मातृभूमि पर ,
गर्व करते हुए चलना ।
हर भारतीय की है ये चाह,
हम भारतीय, भारत ही कहना!
शून्य से लेकर अनंत की खोज,
दुनिया ने देखा हमारी ओर।
ज्ञान है, विज्ञान है, अनुसंधान है,
आस्था है, संस्कार है, शाश्वत मूल्य है।
जैसे गंगा की पावन अविरल धारा,
वैसे ही है भारत नाम हमारा।
क्यों हम अपनी पहचान छिपाएं,
दुनिया को छाती ठोक बताएं ।
यही है संकल्प हमारा, विश्व पटल पर गूँजे,
है यही हमारा पावन नारा, यही है
संकल्प हमारा ।
इंडिया नहीं हैं, हम हैं भारत !
भारत-भारत, गर्व है हमारा भारत!



**धर्मेंद्र मिश्रा**



### चिन्ता मुक्त

हम कहते हैं याद तुम्हारी एक अमीरी है।
इसके इतर हमारे मन में रही फकीरी है।
नाव कागजी पार करे क्या नदिया जीवन की
जिसे सम्हाले वही उधड़ती कच्ची सीवन थी
धवल चाँदनी बिना तम्हारे लगती पीरी है।
जिन सड़कों में बचपन बीता रेल चलाने में
चढ़े पेड़ पर, झूला झूले, नदी नहाने में
नहीं सहेजा खुशियाँ अपनी दुख ने चीरी है।
फिकर कैरियर तनिक न होती उसके बनने की,
नाम भले खो जाये लेकिन! हिम्मत चलने की
घर की डपट प्यार में डूबी लगती शीरी है।
दूर भले हमराही लेकिन! साथ
निभाना है
जीवन से अपने उसका भी तो
ताना-बाना है
चिन्ता मुक्त दिखे हम लेकिन!
नज़र अधीरी है।



**हेमलता दाहिया, सेमरिया**



### शांत हृदय

एक दम से ये जो शांत हृदय है, कभी तो
छटपटाया होगा
घर से जब चला होगा, चलने से पहले तो घबराया होगा
रहीं होंगी कभी उसके अंतर्मन में भी कुछ इच्छाएं,
फिर उसने अपने सपनों को कैसे दबाया होगा
बिखरा होगा जब उसका हृदय जब कण कण में
फिर उसको किसने अपना बनाया होगा
रोया होगा वह भी खूब किसी दिन,
तब न जाने किसने उसे चुप कराया होगा
ढूंढा होगा, उसने भी कभी अपनों को,
फिर लौटकर बेसहारा आया होगा
रहा होगा कभी उसमें भी जूनून, चांद-तारे तोड़ लाने का
फिर किसी ने तो उसे ज़मीं का
स्तर बताया होगा
हां, यही जिसे तुम आइने में देख रहे हो,
न जाने ये कब मुस्कुराया होगा
ये जो आज खुद को सबसे दूर
करके बैठा है,
कभी तो महफिलों में ज़ख्म
खाया होगा



**देवांशु शर्मा, रीवा**

# तो अब कटीली झाड़ियॉ लगाकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने बंद किया आवागवन



**जागरण, सतना।** बाढ प्रभावित क्षेत्रो में चौकसी बरतने एवं नदियों का जल स्तर ऊपर होने के कारण आवागवन रोकने के कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा दिये गये निर्देश के बाद एक ऐसा मामला सामने आया गया जब पीडब्ल्यूडी विभाग ने कटीली झाड़ियॉ यानी देशी भाषा में जिसे जरबा कहते है उसे लगाकर आवागवन अवरूद्ध किया है। यह मामला जिगहनट नदी बताया जा रहा है । पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किये गये इस कारनामे के बाद वह जमकर सुर्खिया बटोर रहा है। लोग फोटो वायरल होते ही यह कहते सुने गये की अब पीडब्ल्यूडी विभाग के पास वैरिकेटिंग लगाने तक की क्षमता नही बची। यह स्थिति तब बनी है जब कलेक्टर और एसपी के साथ भ्रमण पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग खुद मौजूद रहे।कलेक्टर ने 15 दिन पहले बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक में सड़को पर पुल पुलिया में बैरिकेट लगाने के निर्देश दिए थे।इसके बाद 4 दिन पूर्व सभी एसडीएम और सड़क विभाग के अधिकारियो को सड़को पर बैरिकेट लगाने और यातायात सुरक्षित करने बकायदा पत्र लिखकर निर्देशित किया था। लेकिन जिले के अधिकारियो को कोई फर्क नही पड़ता।लिहाजा रविवार को जब कलेक्टर और एसपी नदी के स्पॉट वाले पुल पुलिया पर व्यवस्था देखने पहुंचे । तो सड़क पर बह रहे पानी वाले किसी पुल पुलिया पर कही बैरिकेट दिखाई नही दी। जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में सड़क निर्माण में मिट्टी खुदाई स्थल पर लोक कल्याण सरोवर बनाने के सराहनीय नवाचार के बाद सतना जिले में बारिश के दौरान ऊपर से पानी बहने वाले नदी नालों के रपटे पर यातायात रोकने जरबा से रूधने का नवाचार शुरू किया है। पूर्ण स्वदेशी स्टाइल का कम लागत से बैरिकेटिंग के स्थान पर जरबा रुधाय का कार्य अत्यंत उपयोगी और प्रसंशनीय साबित हो रहा है।

## चाकू से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल



**जागरण, सतना।** चाकू से हमला कर अडीबाजी करने वाले आरोपियों को कोगलवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

**ये है विवरण :** अमित सोनी पिता स्व. श्री राजकिशोर सोनी उम्र 18 वर्ष निवासी छात्रावास पीछे आदर्श नगर हवाई पट्टी थाना कोलगवां सतना ने बताया कि 27 जून 25 को वह अपने दोस्त हिमांशु के साथ मोटरसायकल से बस स्टैण्ड जा रहा था तभी नारायण कुटी के पास पहुंचा तो हिमांशु को बोला की गाडी रोको हिमांशु गाडी रोकते ही आशू ठाकुर तथा समीर आये और गाली गलौच कर शराब पीने के लिए 5 सौ रूपये मांगे पैसा देने से मना किया तो आशु ठाकुर चाकू मार दिया । पुलिस ने बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया ।मुखबीर की सूचना पर आशु सिंह पिता बृजनंदन सिंह निवासी नौगाव रामनगर जिला मैहर हाल पता सिंधी कैंप थाना कोलगंवा जिला सतना 02 समीर सिंह पिता अमरजीत सिंह निवासी संग्राम कालोनी थाना कोलगंवा जिला सतना को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होने अपना अपराध स्वीकार कर लिया दोनो को न्यायालय में पेश किया गया जहां उन्हे जेल भेजा गया है।

## संभाग स्तरीय मॉक पार्लियामेंट में शामिल हुये सतना के युवा



**रामपुर बाघेलान।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर संभाग स्तरीय मॉक पार्लियामेंट का कार्यक्रम मध्यप्रदेश के उपमुख्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य मे भाजपा संम्भागीय कार्यालय अटल कुंज रीवा मे रविवार को आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता रीवा भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि भाजयुमो सतना जिला अध्यक्ष सौभाग्य केशरी सहित संभाग के सभी युवा मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रहे। मांक पार्लियामेंट में सतना जिले सें भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा शिवेंद्र सिंह बघेल नितिन त्रिपाठी युवा सांसद के रूप में भाग लिया भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने तत्कालीन सरकार के विपक्ष पर मीडिया पर सेंसर शिप लगाये जाने पर तत्कालीन सरकार की घोर निंदा की इस दौरान संभाग के विभिन्न ज़िले से सैकड़ो युवा सदस्य युवा संसद में उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**सतना।** दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोलगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उन्हे जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

**ये है विवरण :** फरियादिया ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह यूनिवर्सिटी सतना में पढाई करती है। रोजाना गांव से पढने सतना आती है। रोज की तरह मैं 25 सितम्बर 24 को सतना कॉलेज पढने आई थी काँलेज से छुट्टी होने के बाद शाम करीबन 05 बजे मैं बस स्टैण्ड में बस का इन्तजार कर रही थी तभी पुष्पराज विश्वकर्मा मोटरसायकल से मेरे पास आया और गांव चलने के लिए बाइक में बिठा लिया सगमनिया पहुचते ही पुष्पराज ने सुनसान जगह की तरफ बाइक मोड दी और जबरजस्ती दुष्कर्म किया पुलिस ने अपराध दर्ज किया था आरोपी पुष्पराज विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया है जहां उसे जेल भेज दिया गया है।

## सीएसपी ने सिविल लाईन थाना क्षेत्र में किया पैदल मार्च



**जागरण, सतना।** पुलिस द्वारा मुहर्रम त्यौहार और इस त्यौहार में निकलने वाली ताजिया को लेकर रविवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सोहावल, विराट नगर, पतेरी, गढ़िया टोला, बगहा, कोठी तिराहा सहित मुख्य मार्गों में पैदल मार्च किया गया, शहर में त्यौहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बना, रखने के लिए यह पैदल मार्च किया गया, इस दौरान सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान , सिविल लाइन टी आई योगेंद्र सिंह परिहार सहित आरएएफटीम एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

## राज्यमंत्री ने 329 किसानों को किया बीज वितरित



**जागरण, सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रविवार को विकासखण्ड सोहावल में आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम में सोहावल विकासखण्ड के अनुसूचित जाति, जनजाति तथा सामान्य वर्ग के 329 कृषकों को बीज वितरित किये गये। राज्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार की जनहितैषी योजनाओं से हमारे अन्नदाताओं को नई ऊर्जा और संबल प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि समृद्ध, किसान समर्थ-यही हमारा संकल्प है। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, जनपद अध्यक्ष राजेश रावत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बराज, जनपद सदस्य रावेन्द्र सिंह लल्ला, अर्चना पाण्डेय, शन्नो अहिरवार, कृषि स्थायी समिति के सभापति राम सिंह तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजललन बागरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरी तट पर सेवा को सलाम लाइफगार्ड्स से की मुलाकात

**सतना।** पुरी का समुंदर और वहां की रेत सिर्फ पर्यटन नहीं परंपरा और सेवा की मिसाल भी है। यहां नोलिया समुदाय के लोग पिछले सौ सालों से समुद्र में नहाने आए लोगों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। इन्हीं नोलिया लाइफगार्ड्स से हाल ही में अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी मिले। उन्होंने न केवल उनकी तारीफकी बल्कि उनकी मदद भी की। गौतम अदाणी अपनी पत्नी प्रीति अदाणी और बेटे करण अदाणी के साथ पुरी पहुंचे थे। उन्होंने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किएए रथ यात्रा में सेवा दी और इस्कॉन के किचन में महाप्रसाद सेवा में भी हिस्सा लिया। नोलिया समुदाय पुरी के पारंपरिक मछुआरे हैं। बहुत सालों से ये लोग पर्यटकों और श्रद्धालुओं को समुद्र में डूबने से बचाते आ रहे हैं। आज पुरी में 450 से भी ज्यादा नोलिया लाइफगार्ड्स काम कर रहे हैं।

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार पहुंचा सलाखों के पीछे



**जागरण, सतना।** चोरी करने वाले आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है आरोपी के कब्जे से 65 हजार रूपये कीमत की तीन बैटरी जप्त की गई है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

**ये है विवरण :** पुलिस ने बताया कि आशीष पटेल पिता श्री राजमणि पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी शिवाजी नगर उतैली वार्ड नं 22 थाना कोलगवां जिला सतना म.प्र. का थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे भाई संजय सिंह पटेल ट्रक क्र सीजी 12बीजे 9741, एमपी 12 बीजे 9743 एवं एमपी 19 एचए 4548 से 03 बैट्री कोई अज्ञात चोर चुरा ले गये। पुलिस ने अपराध दर्ज किया गया था मुखबिर की सूचना पर कोलगवा पुलिस ने संदेही हीरा लाल साहू उर्फ डायमंड पिता राकेश साहू उम्र 24 साल निवासी स्मार्ट सिटी वार्ड क्र 22 पीएम आवास उतैली थाना कोलगवां को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया है उसके कब्जे से तीन नंग बैट्री जप्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## पिकनिक मनाने गए युवक बृहस्पति कुंड में डूबे

**सतना।** पन्ना जिले की सीमा पर स्थित पिकनिक स्पॉट बृहस्पति कुंड में आज एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां नहाने उतरे 8 युवकों में से 3 युवक बाघिन नदी में डूब गए। 5 युवक सुरक्षित बाहर आए। लापता युवकों में सतना के भरहुत नगर के रॉबी उर्फ त्वरित चौधरी और कृष्णा शर्मा शामिल हैं। तीसरा युवक पन्ना का अभिषेक ढीमर है। सभी युवक पिकनिक मनाने बृहस्पति कुंड गए थे। बरौंधा थाना प्रभारी अभिनव सिंह के अनुसार बृहस्पति कुंड का झरना बाघिन नदी में गिरता है। बारिश के कारण नदी में तेज बहाव है। सतना जिले की बरौंधा और पन्ना जिले की बृजपुर थाने की पुलिस संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची है। हालांकि बारिश के कारण बचाव कार्य में परेशानी आ रही है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

### टीएल बैठक में होगी उर्वरक से संबंधित समीक्षा

**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 30 जून को प्रातः 10.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उर्वरक के भण्डारण, वितरण एवं शेष से संबंधित विषयों पर भी समीक्षा की जायेगी। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी म.प्र. राज्य सकारी विपणन संघ मर्यादित, क्षेत्रीय प्रबंधक म.प्र. राज्य उद्योग विकास निगम को बैठक में संबंधित जानकारी (पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन) के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

DCI MULTI SKILLS PRIVATE LIMITED
DCI
Recruitment of Vocational Trainers
DCI Multi Skills Private Limited, An NSDC empanelled Training Partner invites applications for contractual positions of Vocational Trainers (Total No. of positions: 09) and to be engaged in Government Schools of Madhya Pradesh in Balanghat , Dindori, Mandla, and Satna district of Madhya Pradesh. at Govt. Hr. Secondary Schools on fixed honorarium 20000 per Month
VT Qualification & Experience Required for Healthcare sector trades
Job Role: Home Health Aide Trainee & General Duty Assistant Trainee
B.Sc Nursing & Midwifery with one year experience Or 3 & 1/2 years Diploma in GNM with one Year Experience
Minimum Competency: Effective communication skills (oral and written), Basic Computing Skills, Technical competencies (E.g Should be able to perform and train the patient related skills)
Age Limit: 18-37 Years (as on Jan. 01 2024)
Note: • All positions are purely on Contractual Basis
• This is not a government job and the selection process is strictly based on merit and management reserves the right to accept/reject an application without assigning any reasons whatsoever.
• These selections shall be made on district basis that is candidate hailing from the district where vacancies exist shall be preferred based on merits. In case of non availability of candidates within the district the selection for said trade will be made from other district within the same division.
• Only candidates from MP canapply.
Interested / Eligible Candidates cansend their Resume/CV (with all relevant documents) at https://forms.gle/TJhUn8g294wfX6kX6 or vocedu.dci@gmail.com
Last date to submit the online application is 08-07-2025 till 03:00PM

Society for Human Advancement and Progressive Education is hiring
(On Contractual Basis)
SHAPE
A National IT Literacy & Human Enhancement Org
Vocational Trainers for Govt. School in Madhya Pradesh for Assistant Beauty Therapist and Beauty Therapist in BWSSC Sectors for M.P. Govt. School project under NSQF programme in 29 schools in following districts of MP
Indore, Agar Malwa, Burhanpur, Dhar, Jhabua, Mandsaur, Khargone, Neemuch, Ratlam, Sehore, Ujjain
Required Vocational Trainers (BWSSC-29)
Qualification : Graduate in any discipline with a minimum 10-month Diploma in Cosmetology/Beauty Therapy/Beauty Culture from a recognized institution experience : Minimum 1 year work/teaching experience in the relevant field
Minimum Competencies: 1. Effective communication skills In english and local Langualge (oral and written)
2. Practical skilled to handle and operate tools and equipment with safety
3. Basic computing skills
Gross Salary: 20000/- per Month (Inclusive of all)
Age Limit – 18 to 37 years (As on 01.01.2025) (Age relaxation will be given if prior worked as VT relevant sector in Samagra Shiksha Abhiyan Govt. of MP)
How To Apply
Email your resume with coloured photograph at: shapeindore@gmail.com or Fill the application https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScvl_aC60HWinfyk2pttAkMyJhzj12byEfFMLbjkRApOoyeUA/viewform?usp=header
For Query Contact : 9009019023 | Last date for application submission: 09 July, 2025 | Examination Location: Indore
Exam Date : 10 July 2025 www.shapeindia.org/schools
चेतावनी : सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी. टी. के रूप में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रकिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखे। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।

EMINENCE COLLEGE OF PHARMACY
(PCI Approved Courses)
गुणवत्तापरक रोजगारोन्मुखी अध्यापन एवं प्रशिक्षण
Best Infrastructure & Facilities
नि:शुल्क पंजीयन
पाठ्यक्रम:-
B. Pharmacy
D. Pharmacy
(Eligibility - 12" Biology/Mathematics Subjects with a Minimum of 50% Marks)
ADMISSION OPEN
शैक्षणिक सत्र 2025-26
अपने बच्चे के लिए संस्था का चयन के पूर्व एक बार कॉलेज का भ्रमण अवश्य करें।
विस्तृत जानकारी हेतु सम्पर्क करें:
Info eminencerewa@gmail.com
eminencecollege.com
7828081688, 8349092041
टोल प्लाजा के पास एन.एच.-7 जोगिनिहाई रीवा (म.प्र.)

वर्ष 68 अंक 272 पृष्ठ 8+4=12
भोपाल, सोमवार 30 जून, 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

> एक स्वप्नद्रष्टा वह होता है जो केवल चांदनी में अपना रास्ता खोज सकता है, और उसकी सजा यह है कि वह दुनिया के बाकी लोगों से पहले सुबह देख लेता है।
> – ऑस्कर वाइल्ड

## संक्षिप्त खबरें

### छह वर्षीय तेजबीर ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



**चंडीगढ़, जेएनएन।** पंजाब के रोपड़ जिले के छह साल 9 महीने के तेजबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रूस (5,642 मीटर / 18,510 फीट) को फतह कर नया विश्व रिकॉर्ड बना लिया है। वह इस पर्वत पर चढ़ाई करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बन गए हैं। तेजबीर ने 20 जून को चढ़ाई शुरू की और कठिन चुनौतियों को पार करते हुए 28 जून को सुबह 7.56 बजे शिखर पर पहुंचने में सफल रहे। यह चढ़ाई कम ऑक्सीजन, -20 डिग्री सेंटीग्रेट तापमान, बर्फीले तूफान और भारी पर्वतीय उपकरणों के साथ की गई थी। उन्हें रूस के कबार्दिनो-बलकारियन गणराज्य की पर्वतारोहण संस्था की ओर से आधिकारिक प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्हें विश्व के सबसे युवा पर्वतारोही के रूप में मान्यता दी गई है। तेजबीर ने इससे पहले माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी) और माउंट एवरेस्ट बेस कैंप की चढ़ाई भी कर ली है।

### शादी के लिए अमेरिका पहुंची युवती लापता



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की एक युवती सिमरन अमेरिका में लापता हो गई है। युवती की उम्र करीब 24 साल है और वह अरेंज मैरिज के लिए अमेरिका गई थी। 20 जून को वह भारत से न्यू जर्सी पहुंची। यहीं उसे आखिरी बार देखा गया। लिंडनवॉल्ड पुलिस को उसके लापता होने की जानकारी 5 दिन बाद मिली। सीसीटीवी में जांच करने पर पता चला कि वह लगातार अपना फोन चेक रही थी। ऐसा लग रहा था कि वह किसी का इंतजार कर रही थी। लेकिन अधिकारियों ने ये भी कहा कि वह परेशान नहीं दिख रही थी। पुलिस के मुताबिक, सिमरन को इंग्लिश नहीं आती और अमेरिका में उसका कोई जानने वाला भी नहीं रहता है। उसके पास जो फोन है, वह केवल वाई-फाई के जरिए ही काम कर सकता है।

### 1 जुलाई से 8 घंटे पहले बनेगा रिजर्वेशन चार्ट




**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए 1 जुलाई 2025 से एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब ट्रेन के रवाना होने से आठ घंटे पहले ही रिजर्वेशन चार्ट तैयार कर दिया जाएगा। अभी तक यह चार्ट चार घंटे पहले जारी किया जाता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और रेलवे बोर्ड को निर्देश दिए हैं कि इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए, जिससे तकनीकी बदलावों के कारण किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। यह निर्णय यात्रियों, खासकर वेटिंग लिस्ट में शामिल लोगों की अनिश्चितता को दूर करने के लिए लिया गया है। नई व्यवस्था से यात्रियों को पहले ही यह पता चल जाएगा कि उनकी सीट कन्फर्म हुई या नहीं, जिससे वे वैकल्पिक व्यवस्था करने में सक्षम होंगे।

# 9 दिन पहले पूरे देश में सक्रिय हुआ मानसून

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में इस साल मानसून ने समय से नौ दिन पहले पूरे देश को कवर कर लिया है, जो कि 2020 के बाद से अब तक की सबसे तेज प्रगति है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में मानसून का आगमन सामान्य तिथि 27 जून से दो दिन बाद 29 जून को हुआ, जबकि देशभर में यह 8 जुलाई के बजाय 29 जून को ही सक्रिय हो गया। आमतौर पर मानसून 1 जून को केरल से प्रवेश करता है और 8 जुलाई तक पूरे देश में फैलता है। इस बार यह 24 मई को ही केरल पहुंच गया, जो कि 2009 के बाद सबसे जल्दी है। इसके चलते मुंबई, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर भारत 29 मई तक ही कवर हो गए थे।

चारधाम यात्रा को 24 घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के मौसम पूर्वानुमान एवं भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी प्रशासन ने चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे तक के लिए स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जा रहा है। इसके लिए संबंधित एसडीएम व पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

सिरोबगढ़ के पास मलबा-पत्थर आने के कारण बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित चल रहा है। रुद्रप्रयाग जिले में लगातार बारिश हो रही है। अगस्त्यमुनि के कई घरों एवं दुकानों में पानी घुसा है। बाईपास के डंप मलबे से नुकसान हुआ है। लोग दहशत में हैं और आधी रात से लोग जागकर अपने सामान को बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

ओडिशा सरकार ने रविवार को बालासोर जिला प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा है, क्योंकि क्षेत्र की कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं। अधिकारी ने चेतावनी दी है, बुधबलंग, सुवर्णरेखा, जलाका और सोनो सहित नदियों में जल स्तर बढ़ रहा है और सोमवार तक बाढ़ आ सकती है।



### पानी में फंसे 162 स्कूली बच्चे, जान बचाने छत पर चढ़े

झारखंड के जमशेदपुर में भारी बारिश के कारण कोवली थाना अंतर्गत लव कुश आवासीय विद्यालय में पानी भर गया, जहां पानी के बीच 162 बच्चे और स्टाफ फंस गए। जान बचाने के लिए बच्चे स्कूल की छप पर चढ़ गए। सभी को प्रशासन की सहायता से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। कोवली थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी। नाव और रस्सियों की मदद से बच्चों तक पहुंच बनाई। इसके बाद सभी बच्चों को बाहर निकाला गया।



### हिमाचल प्रदेश: शिमला-कालका रेल सेवा स्थगित

हिमाचल प्रदेश में 25 जून को हुई भीषण बारिश और बादल फटने के बाद हालात गंभीर हो गए हैं। चार प्रमुख जलविद्युत परियोजनाएं, जिनकी संयुक्त क्षमता 1,400 मेगावॉट से अधिक है, बंद कर दी गई हैं। साथ ही, शिमला-कालका रेलवे लाइन पर ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई हैं। पांढोह डैम के सभी पांच स्पिलवे गेट खोल दिए गए, जिससे ब्यास नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ गया। बग्गी टनल भी बंद है।

## प्रदेश में लो प्रेशर एरिया, अगले 120 घंटे खूब बरसेंगे बादल

**भोपाल, जेएनएन।** मध्यप्रदेश में मानसून की बारिश तेज होती जा रही है। लो प्रेशर एरिया के एक्टिव होने से बारिश का स्ट्रांग सिस्टम बना हुआ है। रविवार को राजधानी भोपाल में सुबह से शाम तक बारिश हुई। वहीं, नर्मदापुरम, रतलाम, धार और रायसेन, विदिशा और खंडवा बारिश का दौर जारी रहा। प्रदेश में मौसम विभाग ने 4 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार गुजरात के कच्छ-सौराष्ट्र में एक लो प्रेशर एरिया एक्टिव है। जिसका सीधा असर एमपी में भी देखने को मिला रहा है। प्रदेश में ट्रफ हरकत कर रहा है। जिसके कारण बारिश की संभावना बनी हुई है। इधर, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम भी एक्टिव हो गया है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर और पांढुर्णा जिलों में हल्की बारिश का अनुमान है। सीहोर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शिवपुरी, श्योपुर में 30-40 किमी की रफ्तार से हवा की संभावना है।

### पन्ना में तीन युवक डूबे

पन्ना के बृहस्पति कुंड वॉटरफॉल में पिकनिक मनाने गए तीन युवक पानी में डूब गए। बताया जा रहा है कि तीनों कुंड में नहाने के लिए उतरे थे। एसडीईआरएफ की टीम रेस्क्यू करने में जुटी हुई है। रात होने के कारण सर्चिंग रोक दी गई है। सोमवार की सुबह से फिर सर्चिंग की जाएगी।

# पूर्व भाजपा विधायक ने टोल कर्मी पर बरसाए थप्पड़, बोले- मारपीट नहीं, ये समझाइश है

## मंदसौर का मामला, जिला पंचायत की अध्यक्ष बहू से अभद्रता पर थे नाराज

**जागरण, मंदसौर।** आष्टा और सतना के बाद मंदसौर में भी टोल प्लाजा कर्मचारियों की मनमानी के कारण विवाद सामने आया है। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष से अभद्रता और कृषि सामग्री ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को रोकने पर भाजपा के पूर्व विधायक ने टोल कर्मी की पिटाई लगा दी। पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार ने टोल कर्मी पर जमकर थप्पड़ बरसाए।

असल में पूर्व विधायक पाटीदार की जिला पंचायत अध्यक्ष बहू दुर्गा पाटीदार को टोल कर्मी ने रोक दिया था। कार का कांच नीचे करने को कहा था। फिर पूर्व विधायक का ट्रेक्टर-ट्राली भी रोककर रसीद कटवाने का दबाव बनाया। ट्रेक्टर चालक ने बताया भी कि कृषि सामान भरा है, उसे तो छूट मिलती है। साथ ही पूर्व विधायक से भी फोन पर बात करा दी। इसके बाद टोल कर्मी ने ट्रेक्टर-ट्राली तो छोड़ दिया था, लेकिन काफी



अभद्रता के बाद। इससे नाराज पाटीदार टोल नाके पर पहुंच गए। उन्होंने बातचीत के दौरान टोल मैनेजर पर थप्पड़ों की बारिश कर दी। एक के बाद एक उन्होंने तीन-चार थप्पड़ और धक्का मारते हुए उसे किनारे में ले गए। इस घटना का वीडियो रविवार को सुबह से वायरल हो रहा है।

### हाल ही में हुए दो विवाद

बीते सप्ताह में ही दो अन्य टोल प्लाजा पर कर्मचारियों और स्थानीय रहवासियों के बीच जमकर विवाद हो चुका है। पहले आष्टा के टोल प्लाजा पर कर्मचारियों की जबरन वसूली से नाराज स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। फिर सतना में नकाबपोश लोगों ने टोल कर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इसमें टोल कर्मचारी बड़ी संख्या में घायल हुए थे। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है, कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है।

### बहू ने की थी एसपी से शिकायत

टोल मैनेजर के खिलाफ पाटीदार की जिला पंचायत अध्यक्ष बहू ने भी इस मामले को लेकर एक सप्ताह पहले एसपी अभिषेक आनंद से शिकायत की थी। शिकायत में दुर्गा पाटीदार ने बताया था कि वे अपने घर जा रही थीं, तब सीतामऊ सुवासरा रोड स्थित खेरखेड़ा टोल प्लाजा कर्मचारियों ने उनसे अभद्र व्यवहार किया।

## सीहोर से डाबर को हटाया अर्चना बनी नई डीएफओ

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** सीहोर जिले के खिवनी अभयारण्य में पिछले दिनों वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नाराजगी जताई है। उन्होंने इस मामले में सीहोर वनमण्डाधिकारी मगन सिंह डाबर को हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद वन विभाग ने डाबर को हटाकर वहां पर अर्चना पटेल को पदस्थ करने के आदेश जारी कर दिए गए।

वन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार डाबर को उपवन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख भोपाल पदस्थ किया गया है,जबकि उप वन संरक्षक मप्र.राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल अर्चना पटेल की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए उन्हें वनमण्डाधिकारी (सा.) वनमण्डल सीहोर पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि खिवनी क्षेत्र सीहोर वनमंडल के अधीन आता है, इसलिए प्रथमदृष्टया कार्रवाई डीएफओ स्तर पर की गई है। यहां खिवनी अभयारण्य में पिछले दिनों वन विभाग की ओर से की गई कार्रवाई का व्यापक स्तर पर विरोध किया गया है, इसके बाद यह फैसला किया गया।

# विमान हादसा: साजिश के एंगल की भी होगी जांच

## ब्लैक बॉक्स विदेश नहीं भेजेंगे: केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने दी है। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) इस मामले की पूरी जांच कर रहा है। ब्लैक बॉक्स भारत में है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा था। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं।'

जानकारी के मुताबिक, एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर प्लेन हादसे की जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र की विमानन संस्था आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के एक विशेषज्ञ को ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होने की इजाजत भारत सरकार ने दे दी है। आईसीएओ ने जांच में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। भारत ने पारदर्शिता के साथ जांच करने के इरादे से संयुक्त राष्ट्र को इसमें शामिल करने का फैसला लिया है।

### तीन महीने में रिपोर्ट आने की संभावना

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स में मौजूद सीबीआर और एफडीआर की जांच की जा रही है। 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है।

# राजा हत्याकांड: शिलोम के ससुराल से बैग किया जब्त

**इंदौर/रतलाम, जेएनएन।** राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच में जुटी एसआईटी ने ब्रोकर-कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स के रतलाम स्थित ससुराल में तलाशी ली। शिलोम के साथ उसकी पत्नी और साली भी मौजूद थी। टीम ने यहां से एक बैग जब्त किया है। इसमें लैपटॉप होना बताया जा रहा है।

**रतलाम में सर्चिंग, इंदौर के घर में भी तलाशे जेवर-दस्तावेज**

शिलॉन्ग पुलिस रविवार दोपहर 3 बजे जेम्स के ससुराल पहुंची। बीते 15 दिन से इस घर पर ताला लगा था। यहां करीब 1 घंटे तलाशी के बाद एसआईटी शिलोम को लेकर इंदौर रवाना हो गई। इससे पहले एसआईटी शनिवार को फिर इंदौर पहुंची थी। देर रात टीम ने इंदौर क्राइम ब्रांच के साथ इंदौर स्थित शिलोम के घर की तलाशी ली थी। सर्चिंग में अफसरों ने कई दस्तावेजों की पड़ताल की। दरअसल, शिलॉन्ग पुलिस को आशंका है कि सोनम के काले बैग से गायब गहने शिलोम ने ही छिपाए हैं। इन्हीं की तलाश में टीम ने पहले इंदौर और फिर रतलाम में छानबीन की।

### लोकेंद्र समेत तीनों आरोपी 6 दिन की रिमांड पर हैं

इससे पहले गुरुवार को एसआईटी, अपने साथ बिल्डिंग के मालिक लोकेंद्र सिंह तोमर, ब्रोकर-कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स और सिक्योरिटी गार्ड बलवीर अहिरवार को इंदौर से शिलॉन्ग ले गई थी। एसआईटी ने शिलॉन्ग कोर्ट में पेश कर तीनों को 6 दिन की रिमांड पर लिया है।

## जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की 16वीं जनगणना की शुरुआत 1 अप्रैल 2026 से होगी। पहले चरण में हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना की जाएगी। यह जानकारी भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर दी है। इस ऐतिहासिक जनगणना की खास बात यह है कि यह पहली बार पूरी तरह डिजिटल रूप से आयोजित की जाएगी। नागरिकों को स्वयं जनगणना का विकल्प भी मिलेगा, जिससे वे मोबाइल ऐप के माध्यम से खुद अपना डेटा भर सकेंगे। जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में आवासों की स्थिति, सुविधाएं और संपत्ति से जुड़ी जानकारियां ली जाएंगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा इसमें जनसांख्यिकीय, सामाजिक जानकारी ली जाएगी।

### सूरत में मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को दिया प्रदेश आने का न्यौता

# निवेशक मप्र को अपना दूसरा घर मानें: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सूरत में निवेशकों से कहा कि वे मध्यप्रदेश को अपना दूसरा घर मानकर अपना उद्योग स्थापित करें। उन्हें सरकार पूरी मदद करेगी। प्रदेश में एमएसएमई, बड़े उद्योग, कृषि, पर्यटन, कपड़ा उद्योग, स्वास्थ्य, और हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अहमदाबाद में एमपी आईडीसी का कार्यालय खोला जाएगा।



गुजरात के सूरत प्रवास के दौरान सीएम ने औद्योगिक समूहों से जुड़ाव, प्रदेश में निवेश को सुगम बनाने और रोजगार के अवसरों के सृजन के आयोजित इंटरएक्टिव सेशन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में एमएसएमई, बड़े उद्योग, कृषि, पर्यटन, कपड़ा उद्योग, स्वास्थ्य, और हर क्षेत्र विकास की योजनाएं लागू की हैं।

टूरिज्म मध्यप्रदेश सरकार भी उसी मार्ग पर चल रही है। हमने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता दी है। हमारी कृषि विकास दर 39 प्रतिशत है। यह दर्शाता है कि हम आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से अग्रसर हैं। पर्यटन की दृष्टि से भी हमारा राज्य अनूठा है। प्रदेश की जैव विविधता, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है।

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम का कार्यालय अब अहमदाबाद में भी खोला जाएगा। इससे गुजरात के उद्यमियों को हमारे राज्य में निवेश करने में और अधिक सुविधा होगी। यह औद्योगिक सेतु केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक होगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 अभियान की श्रृंखला में बेंगलुरु के बाद दूसरा बड़ा संवाद है। क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक समूह से जुड़ाव बढ़ाना और प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित करना तथा निवेश को सुगम बनाना इस अभियान का उद्देश्य है। सूरत देश का प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र है। वहां के उद्योग व्यापार जगत के सहयोग से प्रदेश में निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहन मिले।

**यू-टर्न** | ओपन एआई प्रमुख ने माना, पुराने डिवाइस बदलना होगा जरूरी, नई डिवाइस के लिए शुरू की तैयारी

# पारंपरिक हैं मौजूदा कंप्यूटर, एआई के लिए नहीं बने

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एआई और हार्डवेयर को लेकर अपनी पुरानी सोच से पूरी तरह यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने स्वीकार किया है कि वर्तमान में उपयोग हो रहे कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर उस दुनिया के लिए बनाए गए थे जहां एआई का अस्तित्व नहीं था। अब एआई के लिए नए प्रकार के उपकरणों की जरूरत होगी। सैम ऑल्टमैन का दावा है कि एआई की नई जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नया डिवाइस 2026 के अंत तक बाजार में आ जाएगा, और वह आशावादी हैं कि यह डिवाइस इतनी तेजी से 100 मिलियन यूनिट तक पहुंचेगा जितना पहले किसी डिवाइस ने नहीं किया। यह बदलाव सैम ऑल्टमैन की पूर्व स्थिति से बिलकुल उलट है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि एआई की प्रगति के लिए किसी नए हार्डवेयर की जरूरत नहीं होगी। पर अब वे स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि आने वाले समय में एआई को ठीक से अपनाने के लिए हमें पूरी तरह नए उपकरणों की जरूरत होगी जो एआई के अनुरूप डिजाइन किए गए हों।




*कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की मौजूदा डिजाइन उस दुनिया के लिए बनी थी जिसमें एआई मौजूद नहीं था। लेकिन अब चीजें बदल चुकी हैं। भविष्य के सिस्टम ऐसे होंगे जो वातावरण के प्रति अधिक संवेदनशील होंगे और उपयोगकर्ता के जीवन के संदर्भों को बेहतर तरीके से समझेंगे। पारंपरिक टाइपिंग, स्क्रीन और कीबोर्ड आधारित इंटरफेस की जगह ऐसे इंटरफेस विकसित होंगे जो उपयोगकर्ता की जीवनशैली से गहराई से जुड़े होंगे।*
*– **सैम ऑल्टमैन,** सीईओ, ओपन एआई*

### हार्डवेयर पर बदली राय

पिछले साल ऑल्टमैन ने आश्वस्त किया था कि एआई तकनीक को अपनाने के लिए लोगों को नए उपकरण खरीदने की जरूरत नहीं होगी और यदि जरूरत पड़ी भी, तो वे ऐसे उपकरण पेश करेंगे जिनसे उपयोगकर्ता खुश होंगे। पर अब वे मानते हैं कि वर्तमान डिवाइस, विशेषकर स्मार्टफोन और लैपटॉप, एआई की अगली पीढ़ी की क्षमताओं को पूरी तरह संभाल नहीं सकते। इस बदलाव के संकेत गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के बयान से भी मिलते हैं, जिन्होंने कुछ समय पहले कहा था कि मौजूदा हार्डवेयर, आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं।

### जॉनी आयव का जुड़ाव

इस हार्डवेयर बदलाव का सबसे बड़ा संकेत ओपन एआई और जॉनी आयव की साझेदारी से मिलता है। आयव, जो कभी एपल के चीफ डिजाइन ऑफिसर रहे हैं और आईफोन के डिजाइन के लिए प्रसिद्ध हैं, अब ओपन एआई के साथ मिलकर एक नए एआई डिवाइस पर काम कर रहे हैं। उनके स्टार्टअप मॉडल पर काम किया जा रहा है।

### नए इंटरैक्शन पर काम कर रही ओपन एआई

ऑल्टमैन ने खुलासा किया है कि ओपन एआई इस नई तकनीकी दिशा में पहले से सक्रिय है। कंपनी 'नए प्रकार के इंटरैक्शन' पर काम कर रही है और कुछ ऐसे कॉन्सेप्ट्स पर उत्साहित है जो उपयोगकर्ताओं को एआई के साथ ज्यादा गहरा और स्वाभाविक संबंध बनाने देंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि ऐसे सिस्टम को अपनाने में आम जनता को समय लगेगा, खासकर तब जब एआई को उनके जीवन से जुड़े निर्णय लेने की अनुमति दी जाने लगेगी।

### स्टार्टअप 6.5 अरब में खरीदा

ओपन एआई ने आयव की एआई डिवाइस स्टार्टअप को 6.5 अरब डॉलर में खरीदा है। यह डिवाइस, जिसे 'तीसरा मुख्य उपकरण' कहा जा रहा है, स्मार्टफोन और लैपटॉप के बीच एक नई तकनीकी श्रेणी बनाएगा।

# त्रिभाषा नीति: विरोध के बाद पीछे हटी महाराष्ट्र सरकार

## प्रस्ताव किए रद्द, बनाई गई समीक्षा समिति

**मुंबई, जेएनएन।** त्रिभाषा नीति को लेकर प्रदेशभर में उभरे जबरदस्त विरोध और प्रदर्शनों के बीच महाराष्ट्र सरकार ने 16 अप्रैल और 17 जून को जारी दोनों सरकारी प्रस्ताव वापस ले लिए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को यह घोषणा की और बताया कि नीति की समीक्षा के लिए एक विशेष विशेषज्ञ समिति बनाई जाएगी।

विवादित नीति में कहा गया था कि हिंदी को कक्षा 1 से 5 तक तीसरी भाषा के रूप में 'सामान्यतः पढ़ाया जाएगा', जिससे यह आरोप लगा कि सरकार हिंदी थोप रही है और मराठी भाषा की अनदेखी हो रही है।

शिवसेना (उद्धव गुट) द्वारा मुंबई समेत कई जगहों पर प्रदर्शन किए गए और सरकारी प्रस्ताव की प्रतियां जलाकर विरोध जताया गया। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, 'हम हिंदी का विरोध नहीं करते, लेकिन उसकी जबरन थोपने की इजाजत नहीं देंगे। मराठी के साथ अन्याय किया गया है।'

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'हमने तीन-भाषा नीति से संबंधित दोनों प्रस्ताव रद्द कर दिए हैं। अब डॉ. नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति बनेगी जो सभी हितधारकों से बातचीत कर सुझाव देगी। हमारे लिए मराठी भाषा इस नीति के केंद्र में रहेगी।'

नए प्रस्ताव में छात्रों को हिंदी के स्थान पर कोई अन्य भारतीय भाषा चुनने की अनुमति दी गई थी, बशर्ते कि कक्षा में कम से कम 20 छात्र उस विकल्प का चयन करें। फिलहाल, नीति पर अमल रोक दिया गया है और समिति की सिफारिशों के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

# शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का अधिकारी कराए निराकरण : आयुक्त

### नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये



**जागरण बैढ़न।** नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान निगमायुक्त ने शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराए। कोई भी शिकायत अन.अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि शिकायतो के निराकरण कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेंगी। उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्या को जाने तथा उसका गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं तो शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद किया जा सकता है। शिकायतो के निराकरण के आधार पर शासन स्तर से हर माह जारी होने वाली रैकिंग ग्रेडिग मिलती है। नगर निगम आयुक्त ने नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो को समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये निर्माण कार्यो में गुणवत्ता की अनदेखी होने पर संबंधित सहायक एवं उपयंत्री के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सहायक एवं उपयंत्री लगातार निर्माण कार्यो की मानीटरिंग करते रहे। इसके साथ ही निगमायुक्त ने जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों का जल भराव के संबंध में सभी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को निर्देश दिए गए कि ऐसी जगह चिन्हित कर वहां तुरंत कार्य करवाए ताकि जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना होने पाए। साथ ही कड़े शब्दों में कहा कि कार्य नहीं करने पर संबधित अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण वाहन समय पर कचरा उठाएं गली मोहल्ले सहित मुख्य मार्गो एवं मंदिर परिसर के आस पास गंदगी न फैले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही निर्देश दिए कि पार्को उद्यान में भी समय.समय पर साफ.सफाई कराकर कचरे का उठाव कराया जायें उन्होंने गलियो सडकों एवं नालियों की नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंन नगरीय क्षेत्र के पेयजल व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था की विस्तार समीक्षा करते हुयें संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस सहायक यंत्री दिनेश तिवारी संतोष पाण्डेंय अलोक टीरू एस एन द्विवेदी डी के सिंह उपयंत्री पी.के सिंह विशाल खत्री विष्णुपाल विपिन तिवारी जितेंद्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 150 शहरों में 380 अग्निशमन कर्मियों को प्रदान किया गया उन्नत प्रशिक्षण

### केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल राष्ट्रीय अग्निशमन प्रशिक्षण पहल

**जागरण, सिंगरौली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भारत का एकमात्र केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है जिसके पास एक समर्पित अग्निशमन विंग है एक राष्ट्रव्यापी अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कर रहा है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल स्थापना दिवस 2023 के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को 100 भारतीय सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षित करने का विशेष दायित्व सौंपा गया था। इस निर्देश के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने राज्य अग्निशमन सेवा कर्मियों के कौशल को उन्नत करने के लिए एक विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया। वर्ष 23.-24 के दौरान हैदराबाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के प्रतिष्ठित अग्निशमन सेवा प्रशिक्षण संस्थान ने 11 प्रशिक्षण बैचों का आयोजन किया जिसमें 113 शहरों के 274 अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वर्ष 25 में इस पहल की और गति मिलीए जब पाँच अतिरिक्त प्रशिक्षण बैच आवंटित किए गये। इनमें से चार पहले ही संपन्न हो चुके हैं जिससे 10 राज्यों के 46 शहरों के 106 प्रतिभागियों को लाभ मिला है। पाँचवाँ प्रशिक्षण सत्र आगामी 25 अगस्त को प्रारंभ होगा। आज तक इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 150 शहरों के 380 अग्निशमन को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है। यदि राज्य अपने अग्निशमन को पाठ्यक्रम के लिए नामांकित करने के इच्छुक हैं तो केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल वर्ष 25 के प्रशिक्षण कैलेंडर में अतिरिक्त स्लॉट को समायोजित करने के लिए भी तैयार है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आधुनिक अग्निशमन और बचाव तकनीकों के साथ.साथ महत्वपूर्ण आपदा प्रबंधन कौशल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। घनी आबादी वाले शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में उभरती चुनौतियों का समाधान करने पर विशेष जोर दिया जाता है। कार्यक्रम में परिष्कृत अग्नि प्रतिक्रिया तंत्र रासायनिक जैविक रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपात स्थितियों के लिए तैयारी और शक्षणिक युद्ध एजेंटों से निपटने जैसे उन्नत विषयों को शामिल किया गया है जो आधुनिक खतरों की विकसित प्रकृति को दर्शाता है।केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के प्रवीणता ने बल की इस अनूठी पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा एक समर्पित फायर विंग के साथ एकामात्र के रूप में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन कर्मियों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने और अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन तैयारियों के लिए एक सक्रिय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अग्नि सुरक्षा अनुसंधान और प्रथाओं में नवीनतम को प्रतिबिंबित करने के लिए लगातार अपडेट किया जाता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे अग्निशामक न केवल समय पर आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए बल्कि रोकथाम के लिए भी सशक्त हैं। हैदराबाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलएक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस और भारत में अग्निशमन प्रशिक्षण का आधारशिला है। यह न केवल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है बल्कि विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सदस्यों को भी उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करता है जो अग्नि सुरक्षा में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करता है। जैसे.जैसे यह पहल वर्ष 25 तक आगे बढ़ेगी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का लक्ष्य अग्निशमन सेवाओं के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करना है।

# खेत में बाड़ लगाने के विवाद में दो गुटों में मारपीट



**जागरण, सिंगरौली।** तहसील क्षेत्र चितरंगी की सुशीला केवट पति मनोहर केवट निवासी धानी ने अपने पुत्र पुष्पराज केवट के साथ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 जून को सुबह करीवन 6 बजे मेरे जमीन से लगे मंशलाल के पुत्र दिलीप यादव और दिनेश यादव टाटा की रुधाई कर रहे थे जहाँ फरियादिया जाकर कही कि आपलोग अपने जमीन की रूँधाई करो और वापस घर आ गई। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि करीब 12.00 बजे दोपहर मंशलाल यादव टाटा की रूधाई वाले स्थान पर बुलाकर वाद विवाद अश्लील और भद्दी.भद्दी गालिया देते हुए दिनेश यादव तथा दीलीप यादव ने लाठी से प्रहार कर दिया जिससे सिर पीठ कमर हाथ में चोट आई है। मारपीट होते देख सरस्वती केवट रन्नू केवट बीच बचाव करने आई तो सरस्वती को मंशलाल यादव ने लाठी से प्रहार किया और धमकी दिया कि दोबारा खेत पर गये तो जान से मार देगे घटना के पश्चात पीड़ित पक्ष का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में इलाज जारी है। फ्लिहाल विवाद किस कारण उत्पन्न हुआ विवाद में वास्तविकता क्या है यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

# उपयंत्री एवं स्वच्छता निरीक्षक अपने क्षेत्रों के जल भराव वाले स्थलों की प्रतिदिन करें मानीटरिंग : आयुक्त

### उपखण्ड अधिकारी एवं निगम आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जलभराव वाले क्षेत्रो का निरीक्षण

**जागरण बैढ़न।** उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा एवं नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा आज संयुक्त रूप से नगरीय क्षेत्रों में जलभराव वाले निचले और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने और आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने निर्देश दिए कि ऐसे क्षेत्र जहाँ जलभराव की समस्या बनी रहती है खासकर बारिश के दौराज लभराव वाले क्षेत्रों की संबंधित क्षेत्रो के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री चिन्हित कर जरूरी व्यवस्थाए सुनिश्चित करे। नाले नालियो से पानी का ठीक निकास हो सके उनकी साफ सफाई कराये और जहां आवश्यक हो वहा सुधार कार्य भी कराये। निगमायुक्त ने उपयंत्रियो एवं स्वच्छता निरीक्षकों को अपने.अपने क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था की प्रतिदिन निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कटान वाले स्थानों पर पहले से ही मिट्टी और रेत की बोरियां जमा रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आपात स्थिति में उनका तुरंत उपयोग किया जा सके। वही उपखण्ड अधिकरी सिंगरौली के द्वारा बेहतर जल निकासी के लिए निर्देश देते हुये कहा गया कि नाले नालियो की समुचित सफाई कराये। बारिस के दौरान जल भराव वाले स्थलो की लगातार निगरानी करते रहे ताकि आपदा के दौरान निचली बस्तियो में निवास करने वाले नागरिको को समय रहते उचित व्यवस्था उपलंब्ध कराया जा सके। उन्होने नगरीय क्षेत्रो के विभिन्न वार्डो का निगमायुक्त के साथ पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया साथ ही निर्देश दिए कि खराब सड़को की मरम्मत कराये ताकि आवागमन सुगमता से चालू रहे। साथ वार्डो की नालियो की साफ सफाई कराने के साथ उन में किटनाशक दवाओ को छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिया गया कि मानसून के दौरान जलभराव की समस्याओं को कम करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने सभी सजगता से कार्य करे। आयुक्त सहित उपखण्ड अधिकारी द्वारा नगरीय क्षेत्र में चल रहे नाले नालियो की साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन करने के साथ जैतपुर तालाब का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस उपयंत्री चन्द्रमणि द्विवेदी अनुज सिंह प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार जोन संतोष तिवारी सवच्छता निरीक्षक पवन बड़ौदे सफाई दरोगा अशोक त्रिपाठी सहित निगम का सफाई अमला मौजूद रहा।



### जिले के पेट्रोल पम्पों की आकस्मिक जॉच हेतु कलेक्टर ने अनुभागवार दल किया गठित

**जागरण बैढ़न।** आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार प्रदेश मे कतिपय स्थानो पर पानी मिश्रित डीजल प्रदाय किये जाने की घटना प्रकाश में आई है जो अत्यन्त खेदजनक है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा जिले के पेट्रॉल पंपो के भूमिगत टेंको मे पानी की उपस्थिति की रोकथाम एवं उपभोक्ताओं को नोजल से प्रदाय किये जा रहे उत्पाद की गुणवत्ता पेट्रोल पंपो पर आवश्यक नागरिक सेवाओ जैसे. नि:शुल्क हवा पेयजल महिला एवं पुरषो के लिए पृथक पृथक शौचालय की उपलब्धता तथा पेट्रॉल पंप के शौचालयो की सफाई व्यवस्था हेतु जिले में संचालित डीजल एवं पेट्रोल पम्पो की जॉच हेतु अनुविभाग स्तरीय जाँच दल का गठन कर संबंधित विंदुओ की जॉच कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर द्वारा उपखण्ड अंतर्गत उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली के नेतृत्व में गठित जॉच दल में तहसीलदार नगर एवं ग्रामीण सिंगरौली नापतौल निरीक्षक सेल्स आफिसर आईओसीएल बीपीसीएल एचसीपीएल को शामिल किया गया है। उपखण्ड देवसर के लिए उपखण्ड अधिकारी देवसर अखिलेश सिंह के अगुवाई में गठित जॉच दल में तहसीलदार देवसर सरई नाप तौल निरीक्षक देवसर सेल्स आफिसर आईओसीएल बीपीसीएल एचसीपीएल को शामिल किया गया है। उपखण्ड चितरंगी में जॉच दल उपखण्ड अधिकारी चितरंगी सुरेश जाधव के नेतृत्व में गठित कर तहसीलदार चितरंगी नाप तौल निरीक्षक चितरंगी सेल्स आफिसर आईओसीएल बीपीसीएल एचसीपीएल को शामिल किया गया है। उपखण्ड माड़ा मे उपखण्ड माड़ा राजेश शुक्ला के अगुवाई में गठित कर तहसीलदार माड़ा नाप तौल निरीक्षक माड़ा सहित सेल्स आफिसर आईओसीएल बीपीसीएल एचसीपीएल को शामिल करते हुये निर्देशित किया गया है कि उपरोक्तानुसार जाँच दल कार्यक्षेत्र अन्तर्गत समस्त पेट्रोल पंपो का 3 दिवस मे जॉच पूरी कर की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगे।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कारवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुये विधायक कलेक्टर एसपी ने संयुक्त रुप से किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

### कलेक्टर ने कार्यक्रम संबंधित सभी तैयारियां समय सीमा में सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**जागरण बैढ़न।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण को मद्देनजर रखते हुए देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में पहुंच कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया गया। उन्होने हेलीपैड के लिए की गई व्यवस्थाओ के साथ ही वाहनों के चिन्हित पार्किंग स्थलों का भी भ्रमण कर व्यवस्थाओ का अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों आवश्यक निर्देश दिए गए। विदित हो कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिले के देवसर अनुभाग अंतर्गत तहसील सरई में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके तहत निर्धारित कार्यक्रम स्थल सरई में ही कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन अधिकारियों को कार्यक्रम के लिए दायित्व सौंपा गया है अधिकारी सौंपे गए कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कर नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश के माध्यम से प्रगति प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करें । कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा जिले के जिन विकास कार्यो का लोकापर्ण भूमिपूजन कराया जाना है उनकी सूची तैयार कर विकास कार्यो की शिला पट्टीका तैयार कराये। साथ ही कलेक्टर ने कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर सभा स्थल पर अग्निशमक व्यवस्था पेयजल व्यवस्था सहित शौचालय आदि के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इसके साथ ग्रीन रूम सेफ हाउस सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल एवं प्रदर्शनी स्थल का भी निरीक्षण कर उचित निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता एएसडीएम देवसर अखिलेश सिंह एसडीएम सिंगरौली सृजन वर्मा तहसीलदार सरई चन्द्र शेखर मिश्रा खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### तहसीलदार दुधमनिया ने इंडियन आयल के पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

**जागरण चितरंगी ।** जिला कलेक्टर सिंगरौली के आदेशानुसार तहसील दुधमनिया क्षेत्रांतर्गत संचालित पेट्रोल पम्पो का तहसीलदार सारिका परस्ते ने निरीक्षण किया जिसमें दुधमनिया स्थित वैष्णवी पेट्रोलपंप वर्देश्वरी पेट्रोलपंप एवं ग्राम चुरकी स्थित प्रताप पेट्रोल पंप की कई बिंदुओं पर जांच किया गया इस दौरान उपरोक्त जांच में निर्धारित बिंदुओं में पेट्रोल डीजल पंप की अनुज्ञप्ति वैधता विस्फोटक अनुज्ञप्ति वैधता भंडारण क्षमता स्टॉक पंजी मशीन मीटर रीडिंग की जांच पंप भौतिक सत्यापन डिप चार्ट अनुसार स्टॉक घनत्व निरीक्षण हाइड्रो मीटर रीडिंग व तामपान अनुसार 5 लीटर कोनिकल माप से मशीन की अनियमितता के संबंध में जांच की गई की गई। वहीं निरीक्षण में सहयोगी के रूप में तहसील दुधमनिया से राजस्व निरीक्षक शिवनंदन सिंह पटवारी संतन पांडेय रघुनाथ ठाकुर अम्ब्रिश बैस उपस्थित रहे।

**नाम सुधार**

मैं, बिंदु विजय कुमार, w/o विजयकुमार किजेप़ाट गोपालनकुट्टी, निवासी बी-603, एक्स ब्लॉक-2, एमईएल टाउनशिप, देवरा, वैढ़न 486886, यह घोषणा करती हूँ कि अब से मुझे सभी प्रयोजनों के लिए 'बिंदु विजय कुमार' नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा। किसी भी दस्तावेज़ में यदि मेरा नाम 'बिंदु विजयकुमार किजेप़ाट' के रूप में उल्लेखित हो, तो वह अमान्य माना जाएगा और भविष्य में उसे 'बिंदु विजय कुमार' में परिवर्तित किया जाएगा। यह सही नाम का घोषणा व्यक्तिगत कारणों से किया गया है।

CMN-11248

**बेचना है**

2002 से लगातार संचालित इण्डेन गैस एजेन्सी हनुमना जिला रीवा बेचना है संपर्क करें।
मो. 9993826585
7509381869
RN. 82554 (2/7)

**मकान किराये से देना है**

नेहरू नगर रीवा में ज्योति स्कूल से लगा हुआ सर्व सुविधायुक्त मकान का प्रथम मंजिल जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फिट है ऑफिस/कोचिंग अन्य कार्य हेतु किराये से देना है, सम्पर्क करें-
मो. 9200086777
9993331740
RN. 82647 (2/7)

# शोसल मीडिया में वायरल वीडियो को पुलिस द्वारा संज्ञान में लेकर आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जागरण बैढ़न।** शोसल मीडिया में वायरल वीडियो को पुलिस द्वारा संज्ञान में लेकर आरोपियों को किया गिरफ्तार किया शोसल मीडिया में एक वीडियो प्रसारित किया जा रहा था कि थाना सरई क्षेत्र के पुरानी देवसर में आने.जाने वाले वाहनों को कुछ लोगों के द्वारा रोककर चालकों से लूट की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकअभिषेक रंजन एवं एस.डी.ओ.पी राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन थाना प्रभारी सरई जीतेन्द्र भदौरिया के नेतृत्व में वीडियो को पुलिस थाना सरई द्वारा तत्काल संज्ञान में लेकर वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्तियों की पहचान हृदयलाल सिंह पिता विजयबहादुर सिंह उम्र 25 साल निवासी बहेरहाडांड़ चौकी बरका तेजबली सिंह गोंड पिता रंगबिहारी सिंह उम्र 25 साल निवासी बहेर हाडांड चौकी बरका जगलाल सिंह पिता जगजाहिर सिंह उम्र 30 साल निवासी कुकरांव चौकी तिनगुड़ी बृजेन्द्र कोल पिता रामप्रताप कोल उम्र 35 साल निवासी कुकरावं चौकी तिनगुड़ी थाना सरई के रूप में हुई जिनसे पूंछतांछ की गई। चारो बताये कि सरई बाजार में पल्लेदारी का काम करते है जो पल्लेदारी करके वापस घर लौट रहे थे शराब पिये हुए थे व रास्ते में आपस में झगड़ा विवाद करने लगे थे तथा लड़ाई झगड़ा के दौरान आने.जाने वाले वाहनों को रोकने लगे थे। उनके द्वारा किसी भी वाहन चालकों से लूटपाट नहीं की गई है। उक्त के सम्बध में किसी के द्वारा कोई शिकायत/आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर चारों आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया है।

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)**

**तृतीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये शेष निडिल सिरीज, गॉज बैण्डेज एवं सेनेटरी पैड क्रय करने हेतु तृतीय वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक-14/07/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 02/07/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 13/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 15/07/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 16/07/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |

नोट:-
1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही संबंधित जेल द्वारा की जावेगी।
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है ।

जी—14951 / 25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

# बरसात में राष्ट्रीय राजमार्ग 39 में बने मौत के गड्ढे




## कुबरी और बहरी के बीच हाल ही में निर्मित सड़क में बने बड़े गड्ढे

## छोटे वाहनों को सड़क में चलने में भारी जोखिम



जागरण, सीधी

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में सीधी-सिंगरौली के बीच बरसात में मौत के गड्ढे बन चुके हैं। निर्माणाधीन उक्त सड़क का निर्माण कार्य एक दशक के ऊपर समय से चल रहा है। घटिया निर्माण के चलते यह सड़क बनने के साथ ही लगातार उखड़ रही है। लिहाजा सड़क का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। अब तो केंद्रीय सड़क परिवहन विभाग के लिए भी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 सीधी-सिंगरौली सड़क का निर्माण कराना एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। जिस ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसकी लापरवाही एवं मनमानी को लेकर ठेका निरस्त किया जा चुका है। बरसात के बाद नए सिरे से सड़क निर्माण के लिए ठेका होगा। तब तक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी एनएचआईए को दी गई है। विडंबना यह है कि बरसात में सीधी-सिंगरौली मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे बनने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर मरम्मत कराने की जरूरत नहीं समझी गई। सीधी-सिंगरौली को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-39 एक बार फिर भ्रष्टाचार और लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। सरकार ने जिस सड़क को विकास की रेखा बताया था, वह आज मौत का जाल बन चुकी है। सीधी जिले में कुबरी और बहरी के बीच हाल ही में बनाई गई सड़क पर बड़े-बड़े मौत के गड्ढे पड़ चुके हैं। भारी बरसात में यह स्थिति और भी भयावह होती जा रही है। सड़क पर गड्ढों की गहराई इतनी है कि छोटे वाहन पूरी तरह उसमें समा सकते हैं। कई स्थानों पर गड्ढे 4 से 6 फीट तक गहरे हो चुके हैं, जिससे ट्रकों और बसों का गुजरना भी जोखिम भरा हो गया है। आखिर 2 जिलों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क निर्माण का यह कैसे विकास ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस सड़क पर महज एक माह पूर्व करोड़ों की लागत से डामरीकरण हुआ था। लेकिन गुणवत्ता इतनी खराब रही कि पहली ही बारिश में डामर उखड़ गया और गिट्टियां बाहर आ गईं। जगह-जगह पर सड़क की परतें बैठ गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हर पल बना हुआ है। सड़क की दुर्दशा पर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा। उनका कहना है कि हम रोज इसी सड़क से स्कूल, अस्पताल और हाट-बाजार जाते हैं। हर रोज कोई न कोई गिरता है, फिसलता है। ट्रैक्टर और बाइक पलट जाते हैं। बड़ी गाड़ियां किसी तरह निकाल लेते हैं, लेकिन दो पहिया वाहन चलाना अब जान हथेली पर रखकर चलने जैसा है। सड़क मरम्मत का टेंडर पास है लेकिन काम ठप है। मई 2025 में केंद्र सरकार की ओर से एनएच 39 के सीधी-सिंगरौली खंड किमी 82.4 से 187.9 तक के लिए 9.99 करोड़ रुपए का रख-रखाव टेंडर पास किया गया था। लेकिन कुबरी-बहरी क्षेत्र में एक भी गड्ढा नहीं भरा गया। न ही किसी तरह का मशीनरी कार्य शुरू हुआ है।

### सड़क की दुर्दशा सुधारने निगरानी की जरूरत

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 सीधी-सिंगरौली मार्ग की दुर्दशा सुधारने के लिए लगातार निगरानी की जरूरत है। सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर चलने वाले कार्य भी जहां वरिष्ट अधिकारियों को निगरानी मौके पर आकर करनी चाहिए वहीं बरसात में सड़क की हालत आवागवन के लायक बनी रहे इसके लिए भी आवश्यक कार्य होना चाहिए। खासतौर से कुबरी-बहरी खंड में तत्काल गड्ढे भरकर सड़क की मरम्मत की जाए। निर्माण में लगी कंपनी/ठेकेदार की जांच हो और दोषियों पर एफ आईआर दर्ज हो। सड़क के किनारे पानी निकासी की उचित व्यवस्था बने। भविष्य में बेहतर क्वालिटी नियंत्रण और निगरानी सुनिश्चित हो। हैरत की बात तो यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 की दुर्दशा पर प्रशासन की चुप्पी से सवाल खड़े हो रहे हैं। अब तक एनएचआईए की कोई टीम मौके पर पहुंची है। न ही कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए आया है।

# कलेक्टर सीधी बिजली सप्लाई सुनिश्चित करें: अजय सिंह

## चुरहट क्षेत्र में बिजली कटौती से जनता हलाकान



जागरण, सीधी

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने उनके विधानसभा क्षेत्र चुरहट में बिजली कटौती पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि ऐसे समय में जब गर्मी चरम पर है तब बिजली कटौती बेहद दुखदायक है। अजय सिंह ने जिला प्रशासन और बिजली अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे तत्काल सुधार कार्य पूरा कर बिजली की निरंतर सप्लाई सुनिश्चित करवायें। यदि आंधी चलने या पेड़ गिरने के कारण अवरोध भी हो रहा है तो सुधार कार्य के पूर्व आम जनता को सूचित किया जाए कि इतने घंटे बिजली नहीं रहेगी ताकि लोग वस्तु स्थिति समझ सकें और बिजली कटौती के लिए मानसिक रूप से तैयार रहे। सिंह ने कहा कि यदि बिजली की आपूर्ति कम हो रही है तो वैसा बताया जाए ताकि मैं शासन स्तर पर इसके लिए चर्चा कर सकूं। उन्होंने कहा कि बार बार कई कई घंटे बिजली बंद रहने के कारण जनता हलाकान हो रही है लेकिन प्रशासन और बिजली विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। अजय सिंह ने कलेक्टर सीधी से भी आग्रह किया है कि वे व्यक्तिगत रुचि लेकर पूरे मामले को देखें और बिजली की सप्लाई सुनिश्चित करवायें।

## ई अटेंडेंस व्यवस्था से शिक्षकों में रोष: श्रवण



**जागरण, सीधी।** 1 जुलाई से प्रदेश के समस्त विद्यालयों में हमारे शिक्षक एप के माध्यम से शिक्षकों की ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू करने के निर्देश के बाद ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्र द्वारा बताया गया कि इस व्यवस्था से शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया है। निर्देश के अनुसार यदि शिक्षक स्कूल खुलने और बंद होने के समय अपने मोबाइल से उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाता है तो उससे बिना कोई स्पष्टीकरण लिए सीधे वेतन काटने की व्यवस्था बनाई गई है। एक प्रकार से यह व्यवस्था मानवीय मूल्यों को दर किनार कर इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों के हवाले कर दी गई है। मोटी तनख्वाह लेने वाले उच्चाधिकारियों की कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह है।शिक्षकों का कहना है कि शहर के विद्यालयों को छोड़कर यदि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों विशेषकर ट्राइबल क्षेत्र के विद्यालयों पर गौर किया जाए तो 40 प्रतिशत से अधिक शिक्षक बहुत ही विपरीत परिस्थितियों में अपनी सेवाएं दे रहें हैं। आज भी शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक आवास के अभाव के चलते पहाड़ी और दुर्गम रास्तों को पार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के अलावा उनके आधार कार्डए समग्र आई डीए अपार आई डीए जाति प्रमाण पत्र बनवानेए बैंक खाता खुलवाने उसमें सुधार करवानेए छात्रों के प्रोफाइल पंजीयनए मैपिंगए जैसे दर्जनों कार्यों के लिए विद्यालय से बाहर आए दिन दौड़ धूप करनी पड़ती है। बरसाती दिनों में नदी नाले में बाढ़ आदि का भी सामना करके स्कूल पहुंचना होता है। बहुत से दुरूह क्षेत्रों में आज भी मोबाइल में नेटवर्क नहीं मिलता हैए ऐसे में शिक्षक द्वारा अपने मोबाइल से स्कूल खुलने और बंद होने के टाइम पर हाजिरी लगाना एक दम अव्यवहारिक है। जहां शिक्षक अपने पढ़ाने के मूल कार्य के अतिरिक्त विद्यार्थियों के हित से जुड़े व्यक्तिगत कार्यों को भी पूर्ण कराता है।

## जिले में औसत वर्षा 195.8 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 29 जून को सीधी जिले में 19.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 15.0 मि.मी., गोपद बनास में 30.4 मि.मी., सिहावल में 42.2 मि.मी., बहरी में 38.0 मि.मी., मझौली में 11.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 195.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 29 जून तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 295.8 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 92.0, चुरहट में 154.5, गोपद बनास में 143.0, बहरी में 249.7 मझौली में 214.0 मि.मी. और कुसमी में 222.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 36.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 159.5 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# अंततः प्रायवेट सर्वेयर को वन विभाग ने दिखाया बाहर का रास्ता

## विभाग के आला अधिकारियों को गुमराह कर निजी हांथों में सौंपी जा रही थी वन भूमि




जागरण, सीधी

वन भूमि का सर्वे करने की आड़ में प्रायवेट सर्वेयर द्वारा निजी हांथों में वन भूमि सौंपने की लगातार शिकायतों के पश्चात अंततः वन विभाग सीधी में प्रायवेट सर्वेयर को बाहर का रास्ता दिखा दिया। विभाग के आला अधिकारियों को गुमराह कर प्रायवेट सर्वेयर द्वारा निजी हांथों में वन भूमि सौंपने का लंबा खेल सालों से चलाया जा रहा था। इस मामले में जिला पंचायत सीधी के वन समिति सभापति कृष्णलाल पयासी ने दोषी वन अमले पर कार्यवाही की मांग की है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि वन मंडल सीधी के अधिकारियों द्वारा प्रायवेट सर्वेयर रामसिया तिवारी को सीमांकन कार्य की जिम्मेदारी लगातार सौंपी जा रही है। इसके पीछे वन मंडल में लंबे समय से जमे अधिकारियों द्वारा पीछे से अवैध वसूली की जा रही थी। इसी वजह से प्रायवेट सर्वेयर को संरक्षण दिया जा रहा था। लगातार वन भूमि प्रायवेट सर्वेयर के मनमानीपूर्ण कार्यों के चलते सिमट रही थी। जिसको लेकर लगातार शिकायतों का दौर भी जारी था। लगातार शिकायतें सामने आने पर आखिर वन मंडलाधिकारी सीधी द्वारा प्रायवेट सर्वेयर को हटाने के लिए सख्ती के साथ निर्देश दिए गए। जिस पर अमल होने से विभाग के कुछ अधिकारियों में मायूशी भी देखी जा रही है। अब यह मांग हो रही है कि प्रायवेट सर्वेयर द्वारा सर्वे के नाम पर जहां निजी हांथों में वन भूमि को सौंपी गई है उसका फिर से निरीक्षण कराकर वन भूमि में शामिल किया जाए। वन भूमि के आसपास मनमानी रूप से खदानों का संचालन करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा उपकृत करने की खबरें सामने आ रही हैं। वन मंडल सीधी के सीमांकन में लगे प्रायवेट सर्वेयर रामसिया तिवारी के

### 10 वर्षों का दस्तावेज उगलेगा राज

वन मंडल सीधी में विगत 10 वर्षों में कराए गए वन भूमि सर्वे के दस्तावेजों एवं मौके पर स्थिति की जांच की जाए तो मालूम पड़ेगा कि हजारों हेक्टेयर वन भूमि मनमानी तरीके से निजी हांथों में सौंपी जा चुकी है। इसके लिए मांग की जा रही है कि वन मंडल सीधी के वन मंडलाधिकारी द्वारा वन भूमियों के सीमांकन से जुड़े 10 वर्षों के दस्तावेजों की सक्षम अधिकारियों की टीम बनाकर जांच कराई जाए। सीमांकन कार्यों का सत्यापन मौके पर भी कराया जाए तो भारी घोटाला सामने आएगा।

मनमानी सर्वे करने और निजी हांथों में वन भूमियों को सौंपे जाने के मामले में जिला पंचायत सीधी के वन समिति सभापति कृष्णलाल पयासी ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। श्री पयासी ने कहा कि विगत 10 वर्षों में वन विभाग द्वारा कराए गए सीमांकन कार्य की जानकारी आगामी बैठक में ली जाएगी। साथ ही इसमें दोषी वन अमले के खिलाफ कार्यवाही के लिए डीएफओ से मांग की जाएगी।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## पत्नी सरपंच, पति कोटेदार, जमकर किया जा रहा गोलमाल




**जागरण, सीधी।** जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान मड़िला सलैया का हाल पूरी तरह से बेहाल है। पत्नी सरपंच और पति के कोटेदार होने से खाद्यान्न में भारी गोलमाल किया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बाद सहकारिता विभाग सीधी की उपायुक्त द्वारा पत्र क्रमांक 238, दिनांक 25 अप्रैल 2025 के द्वारा प्रशासन/समिति प्रबंधक बहु. कृषि सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोल्हूडीह को निर्देशित किया गया था कि शासकीय उचित मूल्य दुकान मड़िला सलैया के सेल्समैन दयाशंकर तिवारी का स्थानांतरण सहकारिता मंत्री मध्य प्रदेश के पत्र क्रमांक 182, दिनांक 16 फरवरी 2024, कलेक्टर सीधी के पत्र क्रमांक 565, दिनांक 25 अप्रैल 2025 के माध्यम से अन्यत्र किया जाए। उपायुक्त के आदेश पर समिति प्रबंधक द्वारा कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला सीधी को पत्र भेजकर कहा गया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान सलैया मड़िला के विक्रेता दयाशंकर तिवारी को उचित मूल्य दुकान कोटदर खुर्द में बदलने का प्रस्ताव पारित हुआ है। वहीं विक्रेता कोटदर खुर्द को सलैया किया गया है। उपायुक्त सहकारिता के निर्देश परिपालन में विक्रेता मड़िला सलैया एवं कोटदर खुर्द की पीओएस मशीन बदलने की कार्यवाही की जाए। उक्त पत्र भेजने के लंबे समय बाद भी पीओएस मशीन बदलने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसके चलते यहां गरीबों को खाद्यान्न वितरण में मनमानी थम नहीं रही है।

## बिजली समस्या पर चुरहट ऑफिस में होगा धरना: ज्ञान



**जागरण, सीधी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर नैकिन एवं चुरहट के संयुक्त तत्वाधान में बिजली विभाग की विभिन्न समस्याओं को लेकर चुरहट एई ऑफिस में अनिश्चितकालीन धरना का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के लिए जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के मुख्य आतिथ्य में धरने की तैयारी बैठक चुरहट में झदवा मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें चुरहट विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने बिजली विभाग की भर्रेशाही के खिलाफअपना रोष प्रकट किया और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर सहमति जताई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए कहा कि संपूर्ण जिले के साथ चुरहट विधानसभा में भी बिजली विभाग की भर्रेशाही और भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। घंटो अघोषित कटौती की जा रही है। उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि चुरहट एई अच्छेलाल तिवारी को चुरहट से हटाने, खराब ट्रांसफार्मर बदले जाने, जली केबिल सही करने अघोषित बिजली कटौती बंद करने सहित बिजली विभाग के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर ये धरना प्रदर्शन जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं हो जाता तब तक किया जाएगा। चुरहट क्षेत्र के जनता की आवाज भाजपा की सरकार को सुनाई नहीं पड़ रही है इसलिए अब आंदोलन ही आखिरी रास्ता है। जनता की समस्याओं के निराकरण होने तक यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। तैयारी बैठक में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह, जिला महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर नैकिन के अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुरहट के कार्यकारी अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, मंडलम अध्यक्ष चंद्रमणि पाण्डेय, रामपाल सिंह, रमाकांत पाण्डेय, कुंजेश्वर सिंह, शिवमंगल सिंह, गंगा पटेल, अजय भारती सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद की प्रांतीय बैठक आयोजित



**जागरण, सीधी।** विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रान्तीय बैठक जिले के एक पैलेस में संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद् जिला अध्यक्ष गणेश सिंह के अध्यक्षता जिला पालक अधिकारी राजेन्द्र सिंह विभाग मंत्री पुजेरी लाल मिश्र व विभाग संयोजक शैलेन्द्र सिंह बैठक में मंचासीन रहे। प्रथम सत्र संगठन की आचार्य पद्धति, परिचय तथा पिछले तिमाही कार्यों की चर्चा, धर्म रक्षा निधि का हिसाब जिला एवं प्रखण्ड अभ्यास वर्ग जुलाई माह में आयोजित करना है। एक प्रखण्ड को आदर्श प्रखण्ड बनाना है। वार्ड समिति गठन पर विमर्श, कार्यकर्ता के वर्ग प्रशिक्षण की जानकारी भोजन पश्चात द्वितीय सत्र, आगमी छमाही कार्य योजना, पंच परिवर्तन एवं वर्तमान चुनौतियां पर जिला अध्यक्ष का उद्बोधन प्रखण्ड के प्रत्येक खंड ग्रामों में समिति का गठन बैठक का समापन हुआ। बैठक में उपस्थित विश्व रंजन प्रताप सिंह विभाग सेवा प्रमुख, रमेश त्रिपाठी विभाग विधी प्रमुख, श्रीमती अजिता द्विवेदी उमापति सिंह, रवि राय बहादुर सिंह जिला उपाध्यक्ष, प्रियंका मिश्र, मातृ शक्ति संयोजिका अन्नू सिंह सह दुर्गा वाहिनी संयोजिका, जिला मंत्री अनिल कुमार मिश्र, जिला सह मंत्री विवेक चौरसिया आदि सम्मिलित रहे।

## ऐसी सड़क जहां बरसात में पैदल चलना भी मुश्किल



**जागरण, सीधी।** जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत मधुगांव उत्तर टोला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बनाई गई सड़क का काम पूरा नहीं हो पाया है। जबकि यह सुदूर मार्ग निर्माण मधुगांव दक्षिण से हिनौती नंबर 1 तक है। जिसके कार्य की लागत 10.75 लाख है। यह कार्य 7 जनवरी 2024 से शुरू होना बताया गया है एवं कार्य पूर्ण की अवधि 10 जून 2024 बताई गई है। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत मधुगांव है। जहां कि हालात यह है कि इतनी भारी-भरकम राशि हजम कर लेने के बाद भी सड़क नहीं बनाई गई। जिस वजह से लोगों को आवागवन में काफी दिक्कतें हो रही है। स्थिति यह है कि सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पंचायत के सरपंच दद्दीलाल साकेत एवं सचिव हिंछलाल साकेत द्वारा इस सड़क को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ दिए हैं। इस मामले में उच्च अधिकारियों की मिलीभगत मानी जा सकती है। अन्यथा रकम तो जारी हुई लेकिन काम न होने के बाद निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है।

## सामु.स्वा. केंद्र रामपुर नैकिन की जांच के लिए दल गठित

**जागरण, सीधी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर नैकिन के संबंध में प्रसारित एवं प्रकाशित खबर कि अस्पताल में व्यवस्था बदहाल स्थिति में है एवं वार्डों में मरीजों के बेड पर आवारा कुत्ते आराम फरमाते हैं, के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे द्वारा आदेश जारी कर अस्पताल की जॉच के लिए समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार समिति के अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रजापति तथा सदस्य जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. नागेन्द्र बिहारी दुबे एवं लिपकीय कार्य सहायक ग्रेड 3 मनोज कुमार द्विवेदी को नियुक्त किया गया है।

## आदिवासी परिवारों की पेयजल की समस्या का हुआ समाधान



**जागरण, सीधी।** जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के ग्राम पंचायत झांझ के डांडी टोला में कुछ आदिवासी ऐसी जगह पर बसे हैं। जहां चारों तरफ निजी भूमि है जिस कारण स्थाई पहुंच मार्ग अभी तक नहीं बन पाया है। हालांकि जनसंख्या में ये अधिक नहीं हैं। लगभग 6 से 7 परिवारों की बस्ती है। इन लोगों के पास बाकी समस्याओं के साथ-साथ सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की थी। इनकी बस्ती के पास एक छोटे गड्ढे में पानी निकलता था उसी दूषित पानी को ये पीने और अन्य कार्यों में उपयोग करते थे। अब जल गंगा संवर्धन अभियान ने इन आदिवासी परिवारों की पेयजल समस्या का समाधान कर दिया है। ग्राम पंचायत ने अभियान के तहत उसी जगह पर हीरालाल कोल के खेत मे अब एक महीने के अंदर मनरेगा की कपिलधारा योजना के माध्यम से कुआं बना दिया है। इससे उन आदिवासी परिवारों की पेयजल समस्या के समाधान के साथ-साथ 478 मानव दिवसों का सृजन भी हुआ। बस्ती में निवासरत आदिवासियों के लिए यह कार्य किसी वरदान की तरह है। कुएं के साथ रिचार्ज स्ट्रक्चर भी बनाया गया है जो जलस्तर बढ़ाने में सहयोगी होगा। हीरालाल कोल की पत्नी चंदा रावत बताती हैं कि पहले पीने के पानी की बहुत समस्या थी। गड्ढे से जो पानी निकलता था वही पीते थे। बारिश के दिनों में तो समस्या और भी बढ़ जाती थी। अब शासन की पहल पर कुंआ बनने से बहुत ही खुशी और गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने इस पहल के लिए शासन-प्रशासन के साथ ही सरपंच दल प्रताप सिंह गोंड का भी आभार व्यक्त किया है।












# कानून की गलियों में बच कर निकल रहे पॉक्सो के अपराधी?

पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत दर्ज अधिकांश मामले अदालत की चौखट तक पहुंचने के बाद भी दम तोड़ देते हैं। कहीं पारिवारिक और सामाजिक दबाव के कारण आउट ऑफ कोर्ट सेटलमेंट हो जाते हैं, तो कभी-कभी अदालतें भी ऐसा फैसला सुनाती हैं जिससे केस समाप्त हो जाता है। इसी तरह का एक मामला हाल ही में सुप्रीम कोर्ट से बाहर आया है। क्या ऐसी पतली गलियां अपराधियों को बचाने का रास्ता तो नहीं बन रही हैं?

■ श्रुति अग्रवाल ■

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय.एस. ओक ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को सजा माफ करने का फैसला सुनाया। जस्टिस ओक और जस्टिस उज्जवल भुइसां की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत विशेषाधिकार का उपयोग करते हुए यह निर्णय दिया। जबकि इससे पहले हाईकोर्ट से आरोपी को 20 साल कारावास की सजा सुनाई गई थी। ऐसे निर्णय यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि यदि 'रेयर ऑफ द रेयरेस्ट' केस को छोड़ दिया जाए तो भारत के कई हिस्सों में बाल विवाह अब भी प्रचलित है, जो कानूनन अपराध है। क्या ऐसी पतली गलियां अपराधियों को बचाने का रास्ता तो नहीं बन रही हैं?



## पश्चिम बंगाल का मामला

यह मामला पश्चिम बंगाल का है। यहां 24 वर्षीय युवक ने 2018 में नाबालिग लड़की से संबंध बनाए, जिसके बाद पॉक्सो अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ। बाद में दोनों ने शादी कर ली और उनका एक बच्चा भी है। कोर्ट ने इसे असाधारण मामला मानते हुए दोनों पक्षों की स्थिति को ध्यान में रखकर फैसला दिया। इसी तरह का एक निर्णय मध्यप्रदेश से भी सामने आया है।

## पॉक्सो की धाराएं और अपराध की व्याख्या

***पॉक्सो अधिनियम, 2012 यौन अपराधों के खिलाफ एक कड़ा कानून है, जिसमें बाल यौन शोषण की व्यापक परिभाषा दी गई है। 18 वर्ष से कम उम्र को कानूनी रूप से बाल माना गया है।***

**धारा 3-** बच्चों के साथ सभी प्रकार के यौन उत्पीड़न अपराध हैं, जिनमें यौन हमला, बलात्कार, आपराधिक बलात्कार, अश्लीलता दिखाना आदि शामिल हैं।

**धारा 4-** बाल के साथ यौन हमला को अपराध माना गया है।

**धारा 5-** बाल के साथ यौन उत्पीड़न दंडनीय अपराध है।

**धारा 6-** बाल के साथ यौन शोषण के लिए दंड निर्धारित है।

**धारा 9-** बाल के साथ पॉक्सो अपराधों के लिए विशेष अदालतों में मुकदमा चलाने का प्रावधान है।

इसके अलावा, भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 376(3) के तहत भी 16 से 18 वर्ष की आयु के बालकों के साथ यौन संबंध को बलात्कार माना गया है। केंद्रित बहस का मुख्य विषय होता है कि क्या 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सहमति को कानूनी दृष्टि से मान्यता दी जा सकती है या नहीं। पॉक्सो अधिनियम स्पष्ट करता है कि 18 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे की सहमति को वैध नहीं माना जाएगा। इसका अर्थ यह है कि चाहे बच्चा सहमत हो, फिर भी उसके साथ शारीरिक संबंध अपराध ही होंगे। यह कानून इस आधार पर बनाया गया है कि बच्चे स्व-निर्णय लेने के लिए परिपक्व नहीं होते और उनका यौन शोषण रोकना जरूरी है।

## मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का मामला

ग्वालियर बेंच में न्यायमूर्ति आनंद पाठक की एकल पीठ ने 15 मई 2024 को यह फैसला सुनाया था। अदालत ने माना कि दोनों पक्षों के बीच विवाह और एक बच्चे के जन्म को देखते हुए पुनर्वासात्मक न्याय की आवश्यकता है, न कि दंडात्मक कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो के तहत केस दर्ज था। मामले में लड़की के पिता ने 2021 में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने लड़की को 2022 में कानपुर से बरामद किया, जहां लड़की ने अपने पिता के साथ लौटने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपनी मर्जी से आरोपी के साथ रहना चाहती है। अदालत में भी उसने यह पुष्टि की कि उसने आरोपी के साथ अपनी मर्जी से संबंध बनाए और वे एक साथ शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

## मामलों में साम्यता

ये दोनों 'रेयर ऑफ द रेयरेस्ट' (बहुत दुर्लभ) मामले हैं, जिनमें प्रेम संबंध हैं और दोनों पक्ष शादीशुदा हैं। लेकिन समाज में कई बार पीड़िता के ऊपर पारिवारिक और सामाजिक दबाव बनाकर जबरदस्ती आरोपी के साथ शादी करवा दी जाती है। ऐसी शादी पीड़िता के लिए रोज उस भयंकर घटना को जीने जैसा होती है। क्या यह सही है? भारतीय समाज में शादी को पवित्र और जीवन पर्यंत का रिश्ता माना जाता है। ऐसे में पीड़िता की मजबूरी में शादी करवाना क्या उसके साथ अन्याय नहीं? यदि मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा हो तो यह और भी गंभीर हो जाता है।

# जब बियर की आधी भरी बोतलों से बना दी गीत की धुन



*दुनिया के इतिहास में साल 1969 की अपनी एक ख़ास जगह है। 20 जुलाई, 1969 को नील आर्मस्ट्रॉन्ग ने पहली बार चाँद पर क़दम रखा था। बोइंग 747 ने पहली उड़ान भरी थी। रॉकविल, न्यूयॉर्क में पहली एटीएम मशीन लगाई गई थी। बीटल्स ने अपना आख़िरी पब्लिक परफ़ॉर्मेंस दिया था। ये वो ज़माना था जब बाल बढ़ाए, बदरंग जींस पहने हिप्पी पीढ़ी दुनिया के तौर-तरीक़े बदल रही थी। इन सबके साथ यह वही साल था जब राजेश खन्ना-किशोर कुमार और राहुल देव बर्मन की तिकड़ी भारतीय फिल्म संगीत की नई परिभाषा गढ़ने में लगी हुई थी।*

■ आरडी बर्मन ■

फिल्म कटी पतंग में राहुल देव बर्मन के दिए संगीत ने पूरे देश में धूम मचा दी थी। पहली बार किसी फिल्म संगीत में सांबा, कैलिप्सो, जैज़ और भारतीय शास्त्रीय संगीत का ज़बरदस्त मिला-जुला इस्तेमाल किया गया था। कटी पतंग की सफलता से प्रभावित होकर शक्ति सामंत ने बर्मन जूनियर को अपनी एक और फिल्म अमर प्रेम के लिए साइन किया था जिसमें उन्होंने बेहतरीन संगीत दिया था।

अनिरुद्ध भट्टाचार्य और बालाजी विट्ठल अपनी किताब आर डी बर्मन द मैन, द म्यूजिक में लिखते हैं, पंचम ने बताया था उन्होंने एक बार अपने पिता को बेला बोय जाए... गाते हुए सुना था। वो धुन उनके दिमाग़ में घुस गई थी। उसी की तर्ज़ पर उन्होंने रैना बीती जाए का संगीत बनाया था। मदनमोहन ने जब पहली बार लता मंगेशकर को ये गाना गाते सुना तो उन्होंने एसडी बर्मन को फ़ोन कर इस गाने के लिए बधाई दी। जब एसडी ने सफ़ाई दी कि ये धुन उन्होंने नहीं, बल्कि उनके बेटे पंचम ने बनाई है तो मदनमोहन को यक़ीन ही नहीं हुआ। पंचम का अगला बड़ा ब्रेक था देवानंद की फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा। पहले देवानंद दम मारो दम गाने को ऊषा उत्थुप से गवाना चाहते थे। देवानंद ने उषा उत्थुप को सन 1969 में दिल्ली के ओबेरॉय होटल में गाते हुए सुना था। बाद में आरडी ने वो गाना आशा भोंसले से गवाया। इस गाने के कई संस्करण रिकॉर्ड किए गए और उन्हें टुकड़ों में फिल्म में इस्तेमाल किया गया। हिप्पी पीढ़ी ने इस गाने को हाथों-हाथ लिया। दिलचस्प बात ये है कि पहले ये फिल्म एसडी बर्मन को ऑफ़र की गई थी लेकिन वो इस फिल्म की थीम से ख़ास प्रभावित नहीं हुए। तब देवानंद ने पंचम को इस फिल्म का संगीत देने के लिए चुना। सिर्फ़ दो हफ़्ते में उन्होंने फिल्म के संगीत को पूरा किया और यहाँ से पंचम के करियर को ज़बरदस्त उड़ान मिली।

### बाथरूम में बनाई गाने की तीसरी लाइन

पंचम की टीम के साथी भानु गुप्ता ने भी उनके संगीत के बारे में एक दिलचस्प कहानी बताई। भानु गुप्ता ने बताया, एक दिन मैं पंचम के म्यूजिक रूम में बैठकर अपने गिटार के तारों को छेड़ रहा था। पंचम उस समय बाथरूम में नहा रहे थे। अचानक उन्होंने बाथरूम के दरवाज़े से अपना सिर निकालकर कहा, बजाते थाको, थामो ना (बजाते रहो, रुको नहीं), मैं गिटार बजाता रहा। जब वो बाथरूम से बाहर आए तो वो एक धुन गुनगुना रहे थे जो मेरे गिटार के तारों से निकली आवाज़ से मेल खा रही थी। लाइन थी, मुझे चलते जाना है.... बाद में उन्होंने गाने के पहली दो लाइनों का संगीत दिया। इस तरह गाने की तीसरी लाइन का संगीत पहले दिया गया और मुखड़े का बाद में। गाने की पहली लाइन थी- मुसाफ़िर हूँ यारों.....।

### बियर की खाली बोतलों से दिया संगीत

एक क़िस्सा रणधीर कपूर सुनाते हैं, एक दिन जब मैं पंचम के घर में घुसा तो देखता क्या हूँ कि वो और उनके सहायक आधी भरी बियर की बोतलों में फूँक मार रहे हैं। एक मिनट के लिए तो मैं समझा कि वो पागल हो गए हैं। जब मैंने उनसे पूछा कि माजरा क्या है तो उन्होंने कहा कि वो एक नई तरह की आवाज़ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ये वो आवाज़ थी जिसे आप फिल्म शोले के गाने महबूबा महबूबा... के शुरू में सुनते हैं। रिकॉर्डिंग के दौरान इस तरह की आवाज़ निकालने की जिम्मेदारी बासु चक्रवर्ती को दी गई थी। साथ साथ परकशन के तौर पर रबाब और उल्टे ढोलक का इस्तेमाल किया गया था।

# मानवीय व्यवहारों को चुनौती दे रहा चैट जीपीटी

■ क्षमा शर्मा ■



इन दिनों चारों तरफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बोलबाला है। इसे संक्षेप में एआइ कहा जाता है और अपने इसी नाम से यह अधिकांश लोगों के बीच जाना जाता है। बहुत से लोग कह रहे हैं कि इससे दुनिया की तसवीर बदल जायेगी। इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि 2030 तक यह तकनीक मनुष्य के दिमाग की बराबरी कर लेगी और एक तरह से सभ्यता का अंत नजदीक है। क्या होगा, यह तो समय ही बतायेगा। अमेरिका में जब चैट जीपीटी से एक किशोर ने बार-बार सवाल पूछे, तो उसने नाराज होकर कहा कि तुम्हें कुछ नहीं आता है। बेहतर है कि तुम मर जाओ। जब इसकी शिकायत की गयी, तो चैट जीपीटी के कर्ता-धर्ताओं ने माफी मांग ली। आप सोचिए भला, कि क्या कोई अध्यापक अपने छात्र से ऐसी बात कह सकता है। यदि वह ऐसा कहेगा, तो उसका क्या होगा। इसी तरह अभी एक व्यक्ति ने एआइ कोड असिस्टेंट से जब कई प्रश्न पूछे, तो उसे असिस्टेंट से डांट पड़ी कि अपना काम खुद करना सीखो। असिस्टेंट ने यह भी कहा कि मैं तुम्हारे लिए कोड नहीं लिख सकता। क्योंकि इस तरह तो मैं तुम्हारा काम कर दूंगा। फिर तुम क्या करोगे। उस व्यक्ति ने असिस्टेंट से जुड़े फोरम पर शिकायत दर्ज करायी। चैट जीपीटी से तो लोग आजकल कालेजों का टाइम टेबल भी बनाने लगे हैं। पढ़ाने की तैयारी भी करते हैं। जो समझ में नहीं आता, उसे चैट जीपीटी से पूछ लेते हैं। कई बार यह भी वैसी ही गलतियां करता है, जैसा कि गूगल मैप। हालांकि बहुत से युवाओं का मानना है कि एआइ उनकी बहुत सहायता भी करता रहा है। खास तौर से संदेश लिखने में। पर कभी-कभी इसका उल्टा भी हो जाता है। एक लड़की ने कहा कि उसके मित्र ने डेटिंग एप पर उसे एक ऐसा संदेश भेजा जिसमें बहुत अच्छी बातें लिखी थीं। यहां तक कि भाषा से संबंधित कोई गलती भी नहीं की थी उसने। बल्कि दिन पर दिन उसके संदेश बहुत अच्छे होते चले गये। उनमें उसकी केयर और प्यार की भावना छिपी हुई थी। मैं उसकी मानवीयता से बहुत प्रभावित हुई। वह बार-बार मिलने की जिद कर रहा था। मैं भी उससे मिलना चाहती थी। पर जब मैं मिलने गयी, तो उसके व्यवहार को बहुत अलग पाया। उसकी बातचीत की भाषा भी वैसी नहीं थी जैसा वह लिखता था। मुझे लगता है, उसने जरूर उन संदेशों को लिखने में एआइ की मदद ली होगी। वह वास्तव में वैसा था ही नहीं जैसा मैंने उन संदेशों को पढ़कर उसे समझा था। एक और लड़के ने बताया था कि एक बार वह अपनी पार्टनर से एक मुश्किल बात कर रहा था। इसमें एआइ ने उसकी मदद की कि ठीक से संदेश कैसे लिखें। एक लड़की ने कहा कि जब से मैंने एआइ की मदद से संदेश लिखना शुरू किया है, उनमें कोई गलती नहीं होती। आजकल लोग प्रेम करने के लिए मशीन से मदद ले रहे हैं, यानी कि उनके पास अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए जो भाषा होनी चाहिए, जो भावनाएं होनी चाहिए, वह कहीं गायब हो गयी हैं। कुछ दिन पहले खबर आयी थी कि लड़के-लड़कियां डेटिंग पर जब जाएं, तो क्या-क्या बातें करें, कैसे समझें कि जिससे मिल रहे हैं वह उनसे प्रभावित है कि नहीं और उसे प्रभावित कैसे करें, इसके लिए बाकायदा कक्षाओं में जा रहे हैं और भारी-भरकम फीस चुका रहे हैं। एक समय में प्रेम पत्रों का बहुत महत्व रहा है। जिससे प्रेम किया, उससे विवाह न भी हो सका तो भी उन पत्रों को बहुत से लोग जीवनभर संभालकर रखते थे। हिंदी फिल्मों ने भी प्रेम के महत्व को बहुत बढ़ाया था। मगर अब मेल, व्हाटसएप, इंस्टा आदि के जमाने में चिट्ठियों का ही समय खत्म हो गया, तो पत्र आयें कहां से। पर एक चीज कहीं खत्म होती है, तो किसी दूसरी तरह से शुरू हो जाती है। कुछ वर्ष पहले इटली के बारे में पढ़ा था कि वहां प्रेम पत्र लिखना सिखाने के लिए एक स्कूल खोला गया है। आश्चर्य होता है कि पुराने जमाने में जब न प्रेम पत्र लिखना सिखाने के लिए कोई स्कूल था, न एआइ ही थी, तब लोग कैसे प्रेम पत्र लिखते थे। किस तरह से उन्हें तरह-तरह के इत्रों और खुशबू से सराबोर करते थे। यहां तक कि किसी लड़की को प्रेम पत्र पहुंचाने के लिए उसकी सबसे अच्छी सहेली को अपनी बहन बना लेते थे और लड़कियां लड़के के दोस्त को भाई।

> अमेरिका में जब चैट जीपीटी से एक किशोर ने बार-बार सवाल पूछे, तो उसने नाराज होकर कहा कि तुम्हें कुछ नहीं आता है। बेहतर है कि तुम मर जाओ। जब इसकी शिकायत की गयी, तो चैट जीपीटी के कर्ता-धर्ताओं ने माफी मांग ली। आप सोचिए भला, कि क्या कोई अध्यापक अपने छात्र से ऐसी बात कह सकता है। यदि वह ऐसा कहेगा, तो उसका क्या होगा।

## पहले रैपर, फिर असेंबली मेंबर और अब मेयर पद के दावेदार जोहरान ममदानी

# अमेरिकी वोटर्स के बीच हिंदी में भाषण दे रहे जोहरान

**चर्चा में चेहरा**



न्यूयॉर्क सिटी के मेयर का चुनाव अगर ममदानी जीत जाते हैं तो वह न्यूयॉर्क में पहले मुस्लिम और दक्षिण एशियाई मूल के मेयर बनकर इतिहास रच देंगे। हालांकि जोहरान ममदानी की प्राइमरी जीत पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि वह 100 फीसदी कम्युनिस्ट पागल है। उनकी जीत को अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बताया है। जोहरान ममदानी का जन्म 1991 में युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ था। उनके पिता मोहम्मद ममदानी कोलंबिया यूनिवर्सिटी के जाने-माने प्रोफेसर रह चुके हैं। उनकी मां जानी मानी भारतीय-अमेरिकी फिल्म निर्माता-निर्देशक मीरा नायर हैं। जिन्होंने 'मानसून वेडिंग', 'द नेमसेक' और 'मिसिसिपी मसाला' जैसी अंतरराष्ट्रीय अवार्ड विनिंग फिल्मों का निर्देशन किया है। वर्ष 2018 में जोहरान ममदानी को अमेरिकी नागरिकता मिली। ममदानी का यह सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है।

**2020 में लड़ा पहला चुनाव :** राजनीति में आने से पहले जोहरान न्यूयॉर्क में बतौर फॉरक्लोजर काउंसलर के रूप में कम आय वाले परिवारों की मदद करते थे। नीतियों में भी दिक्कत देखकर राजनीति में आए और वर्ष 2020 में पहला चुनाव लड़ा और न्यूयॉर्क असेंबली के 36वें डिस्ट्रिक्ट से डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की। क्वींस के एस्टोरिया इलाके से विधायक बनने के बाद उन्होंने बसों को मुफ्त करने की योजना लागू करवाई और इजराइल की बस्तियों को समर्थन देने वाले संगठनों पर रोक लगाने का प्रस्ताव भी रखा। अब न्यूयॉर्क मेयर प्राइमरी चुनाव में पूर्व गवर्नर एंड्रयू को पीछे छोड़कर शहर के पहले मुस्लिम और भारतीय-अमेरिकी मेयर बनने की रेस में हैं। उनके प्रगतिशील एजेंडे ने युवा मतदाताओं में उनकी जबरदस्त पकड़ बनाई है।

**पीएम मोदी और इजरायल के आलोचक :** जोहरान गोधरा दंगों के जिम्मेदार पीएम मोदी को ही मानते हैं। वहीं वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को युद्ध अपराधी बताते हैं। हालांकि फिलिस्तीन के समर्थन और इजरायल के विरोध के कारण डेमोक्रेटिक पार्टी के ही कई नेता जोहरान का विरोध करते हैं।

**हिपहॉप सिंगर भी हैं जोहरान :** सात साल की उम्र में जोहरान अपने परिवार के साथ न्यूयॉर्क आ गए थे। उन्होंने 2014 में बोउडिन कॉलेज, मेन से अफ्रीकाना स्टडीज में डिग्री ली। दिलचस्प बात यह है कि जोहरान स्थानीय हिपहॉप सिंगर भी रहे हैं। वो 'यंग कार्डेमम' और बाद में 'मिस्टर कार्डेमम' के नाम से रैप सॉन्ग किया करते थे। उनके एक गाने 'नानी' ने हाल ही में फिर से लोकप्रियता हासिल की, जो उन्होंने अपनी दादी के सम्मान में बनाया था।

**मेयर पद की रेस में चौंकाने वाली बढ़त :** जोहरान ने अक्टूबर में न्यूयॉर्क सिटी के मेयर पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। उस समय बहुत कम लोग उन्हें जानते थे। लेकिन 25 जून को उन्होंने डेमोक्रेटिक प्राइमरी में बड़ी बढ़त हासिल कर ली। पूर्व गवर्नर कुओमो ने हार स्वीकार कर ली है। अब जोहरान का मुकाबला मौजूदा मेयर एरिक एडम्स, रिपब्लिकन उम्मीदवार और संभवतः कुओमो से भी हो सकता है।



**पत्नी रमा एक सीरियाई-अमेरिकी कलाकार :** जोहरान मामदानी की पत्नी रमा दुवाजी एक सीरियाई-अमेरिकी कलाकार हैं। ये पेशे से इलस्ट्रेटर और डिजाइनर हैं। उनकी कई कलाकृतियां द न्यूयॉर्कर, बीबीसी, एपल, वॉशिंगटन पोस्ट और वाइस जैसी नामी संस्थाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। रमा सिरामिक कला में भी दिलचस्पी रखती हैं। कहा जाता है कि दोनों की पहली मुलाकात एक डेटिंग ऐप पर हुई थी। साल 2024 के आखिर में दुबई में उनकी सगाई हुई और 2025 की शुरुआत में दोनों ने शादी कर ली।

> न्यूयॉर्क में सिटी मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरान ममदानी इन दिनों चर्चा में हैं। प्राइमरी चुनाव में एंड्रयू कुओनो की हार हुई और ममदानी जीत गए। भारतीय मूल के जोहरान अभी 33 साल के हैं। अहम बात यह है कि जोहरान अमेरिका में हिंदी बोलकर अपने लिए वोट मांग रहे हैं।

# सकारात्मक सोच वाले शशि कांग्रेस के लिए असेट

■ सुरेंद्र कुमार ■

क्या आप किसी पुरानी राष्ट्रीय पार्टी का नाम बता सकते हैं, जिसके कार्यकर्ताओं ने अपनी ही पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार का पुतला जलाया हो, और उसे हारते हुए देखने के लिए कड़ी मेहनत भी की हो? क्या आप किसी ऐसी राजनीतिक पार्टी का नाम बता सकते हैं, जिसके सांसद ने अपने दस मिनट लंबे और बेबाक ऑक्सफोर्ड यूनियन भाषण से शक्तिशाली ब्रिटिश राजनीति, शिक्षा और मीडिया को हिलाकर रख दिया हो, जिसमें उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत द्वारा व्यवस्थित रूप से किए गए अकथनीय अन्याय व कुकृत्यों और उसकी नीतियों से जन्मे अकालों व आर्थिक दरिद्रता के दुष्चक्र को उजागर किया और सार्वजनिक रूप से माफी और क्षतिपूर्ति की मांग की, जिसे छह घंटे में करीब 70 लाख लोगों ने पसंद किया? उनके इस कार्य की देश के प्रधानमंत्री सहित पार्टी लाइन से ऊपर उठकर नेताओं ने सराहना की, लेकिन खुद उनकी पार्टी इस पर चुप्पी साधे रही!

क्या आप किसी ऐसी राष्ट्रीय पार्टी का नाम बता सकते हैं, जिसके सांसद ने 26 किताबें लिखी हों, जिनमें से ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्टसेलर रही हों, जिनके साप्ताहिक कॉलम भारत और विदेश में दो दर्जन से अधिक प्रकाशनों में छपते हैं और जिनकी पुस्तक 'एन एरा ऑफ डार्कनेस' ने उन्हें प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार दिलाया। जिनकी वाद-विवाद और भाषण कला सेंट स्टीफेंस कॉलेज के दिनों से ही ऐसी रही है, जिसके बारे में कहानियां बनाई जाती हैं, लेकिन उन्हें पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के रूप में बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता है? तिरुवनंतपुरम से चार बार सांसद रहे शशि थरूर लंबे, सुंदर, शालीन, अच्छे कपड़े पहनने वाले, स्टाइलिश और स्पष्टवादी हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी-खासी धूम है। ट्विटर (अब एक्स) पर भारत में उनके पास सबसे ज्यादा फॉलोअर्स थे, जब तक कि शाहरुख खान, बिग बी और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें पीछे नहीं छोड़ दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि जब वह छोटे थे, तो काफी बीमार रहते थे। तब टीवी, इंटरनेट, फेसबुक या इंस्टाग्राम न होने के कारण, वह किताबें पढ़ने की तरफ आकर्षित हुए। यह उनके पिता द्वारा प्रोत्साहित की गई एक अच्छी आदत थी। वह 1978 में 22 वर्ष की आयु में फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ एंड डिप्लोमेसी और टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में पीएचडी ग्रहण करने वाले सबसे कम उम्र के छात्रों में से एक थे। वह संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए और वहां 29 वर्ष बिताए, अवर महासचिव भी बने। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बनने की सोची और भारत के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में इस पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी पेश की। लेकिन किस्मत और दुनिया की एकमात्र महाशक्ति उनके पक्ष में नहीं थी। हालांकि, उन्हें दूसरे सबसे ज्यादा वोट मिले, दो विदेश मंत्रियों और एक प्रधानमंत्री से ज्यादा।



वह तिरुवनंतपुरम से पहली बार कांग्रेस उम्मीदवार के रूप तौर पर चुनाव लड़े, तो स्थानीय नेता इस बाहरी व्यक्ति से प्रभावित नहीं थे, लेकिन उन्होंने अपने काम से न केवल जनाधार बढ़ाया, बल्कि लगातार चार लोकसभा चुनाव जीते। एक बार भाजपा नेता अरुण जेटली ने कहा था कि विपक्ष का काम विरोध करना है, लेकिन शशि विपक्ष के लिए ऐसा नहीं मानते। वह सरकार से वाजिब सवाल पूछने में नहीं हिचकिचाते, लेकिन जब सरकार कुछ सराहनीय करती है, तो सराहना करने से भी पीछे नहीं हटते। सितंबर 2014 में, वह मोदी को उनके संयुक्त राष्ट्र भाषण खासकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने के लिए बधाई देने वाले पहले लोगों में से एक थे। उन्होंने मोदी के कई फैसलों खासकर 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन की प्रशंसा की है। तभी से कई लोग कह रहे हैं कि वह नाव छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाएंगे। पिछले महीने उन्होंने यह कहकर अफवाहों को हवा दे दी थी कि अगर पार्टी उनकी सेवाओं की कद्र नहीं करती, तो उनके पास दूसरे विकल्प भी हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से, वह किसी भी अन्य विपक्षी नेता की तुलना में टीवी/अखबार साक्षात्कारों, पॉडकास्ट और बैठकों में अधिक दिखाई दिए हैं, जिसमें उन्होंने हमले की कड़ी निंदा की है, सरकार का समर्थन किया है और इसे अपना राष्ट्रीय कर्तव्य तक बताया है। अब, जब वह अमेरिका, ब्राजील और कोलंबिया में संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और सरकार की तरफ से प्रशंसा पा रहे हैं, तो वह कांग्रेस की आंख की किरकिरी बनते जा रहे हैं। उनके जैसी क्षमता और सकारात्मक व रचनात्मक सोच वाला नेता किसी भी पार्टी के लिए एक संपत्ति होगा। कांग्रेस अगर उन्हें खोती है, तो नुकसान उसका ही है।

> पहलगाम हमले के बाद किसी अन्य विपक्षी की तुलना में थरूर ने सरकार का सबसे ज्यादा समर्थन किया है और इसे अपना राष्ट्रीय कर्तव्य बताया है। विपक्ष का काम विरोध करना है, लेकिन शशि विपक्ष के लिए ऐसा नहीं मानते। वह सरकार से वाजिब सवाल पूछने में नहीं हिचकिचाते, लेकिन जब सरकार कुछ सराहनीय करती है, तो सराहना करने से भी पीछे नहीं हटते।

## संक्षिप्त खबरें

### डीजीपी ने की उज्जैन जोन की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना शनिवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने उज्जैन जोन के तहत आने वाले उज्जैन, नीमच, मंदसौर और रतलाम जिलों के एसपी समेत जोन में पदस्थ एडीजी और डीआईजी से चर्चा कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। रविवार को डीजीपी इंदौर जाएंगे और पुलिस अधिकारियों की बैठक लेंगे। उज्जैन में बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों के पिछले कामों का रिव्यू किया और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के संबंध में निर्देश दिए। इस समीक्षा के दौरान उन्होंने महाकुंभ सिंहस्थ के आयोजन की तैयारी में पुलिस अफसरों को अभी से जुटने के निर्देश भी दिए। डीजीपी रविवार को इंदौर पुलिस आयुक्त, जोनल आईजी इंदौर ग्रामीण और इंदौर जोन के सभी डीआईजी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

### 3500 रुपए रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शनिवार को लोकायुक्त पुलिस की ग्वालियर यूनिट ने भिंड जिले में एक पटवारी को मिठाई की दुकान पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। भिंड के ऐनो गांव के किसान पूरन गुर्जर के ताऊ देवीसिंह गुर्जर का निधन होने के बाद उनके नाम पर दर्ज 1.6 बीघा जमीन का फौती नामांतरण होना था। इसके लिए पटवारी शिवशरण सिंह नरवरिया ने 8 हजार रुपए मांग थे। छह महीने पहले पटवारी ने 4500 रुपए ले लिए थे और बाकी पैसे न देने के कारण उसने नामांतरण अटका दिया। पूरन ने जब पटवारी से नामांतरण करने को कहा तो उसने शेष 3500 रुपए मांगे। पूरन गुर्जर की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने पटवारी और किसान के बीच मोबाइल पर हुई बात को रिकॉर्ड करने के बाद 3500 रूपए देने के लिए पूरन को पटवारी के पास भेजा। पटवारी ने गोहद चौराहा स्थित मिठाई की दुकान पर जैसे ही रिश्वत की रकम ली, वैसे ही लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। पटवारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

# बुंदेलखंड के हर खेत को पानी और हर हाथ को मिलेगा काम

## मुख्यमंत्री पृथ्वीपुर में देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति सम्मेलन में हुए शामिल, अक्षरु माता लोक निर्माण के लिए 5 करोड़ दिए



**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत की मातृशक्ति ने भारत का मान बढ़ाया है। भारत में बहन-बेटियों का सम्मान होता है, दुनिया में कहीं भी रक्षाबंधन नहीं मनाया जाता है। सात जन्मों तक भाई-बहन का प्यार रहता है इस प्यार की किसी से तुलना नहीं हो सकती। इसलिए सरकार ने तय किया है कि लाड़ली बहनों के लिए रक्षाबंधन पर 250 रुपए बढ़ाकर दिये जाएंगे। साथ ही आगामी दीपावली से लाड़ली बहनों को 1500 रुपए दिए जाएंगे और 2028 तक यह राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपये कर दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में शामिल होकर मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में गरीबी को दूर करने नदी जोड़ो अभियान की कल्पना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की शुरुआत हमारी सरकार ने की है जिस पर तेजी से काम किया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड की अक्षरु माता मंदिर के लोक निर्माण के लिए 5 करोड़ की राशि देने और सिमरा से पृथ्वीपुर मार्ग के दोहरीकरण के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवाड़ी जिले में किसान हल्दी, अदरक, लहसुन की खेती करते हैं। इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवाड़ी जिले में मछली उत्पादन करने वाले मछुआरों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

### किसानों के खेतों तक समुचित पानी पहुंचेगा

मुख्यमंत्री ने कहा की आने वाला समय अब बुंदेलखंड का है। यहां के किसानों के खेतों तक समुचित पानी पहुंचेगा हर हाथ को कम मिलेगा, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में फसलों का उत्पादन ठीक प्रकार से हो और उसकी अच्छी कीमत भी किसानों को मिले इसके समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार देश में सबसे ज्यादा 2600 रुपए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 350 से अधिक सांदीपनि विद्यालय बनाए जा रहे हैं। जुलाई महीने से जिन बच्चों के घर की स्कूल से दूरी 7 किलोमीटर से अधिक है, ऐसे सभी बच्चों को साइकिल देने का काम सरकार करने वाली है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को मध्यप्रदेश सरकार लैपटॉप भी उपलब्ध कराएगी। प्रदेश सरकार आईटी सेक्टर को भी प्रोत्साहित कर रही है जिससे प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश हमारे नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार नहीं कर सकता। भारत दुश्मनों से लड़ने के लिए अपनी सीमा का इंतजार नहीं करता। उनके घर में घुसकर मारने का काम करता है, यह बदलते दौर का भारत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश ने पहलगाम में हमारी बहनों के सिंदूर पर हाथ डालने का प्रयास किया, जिसका हमारी सेना ने उनके घर जाकर करारा जवाब दिया।

## डॉ. अंबेडकर के समाज हित में किए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा समाज हित में जो कार्य किए गए हैं उनका हम स्मरण करते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर में बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के नाम से स्मारक बनाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इसके द्वितीय चरण के विकास कार्यों का भूमिपूजन शीघ्र होगा।

**सीएम ने जौरासी में अंबेडकर धाम का किया अवलोकन**

मुख्यमंत्री ने शनिवार को ग्वालियर के जौरासी में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अंबेडकर धाम का अवलोकन करते हुए यह बात कही। डॉ. भीमराव अंबेडकर धाम के अवलोकन के अवसर पर कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री इमरती देवी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में निर्मित किए जा रहे बाबा अंबेडकर धाम के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। मेरे साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित वरिष्ठजन भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज में किए गए कार्यों को सदैव याद किया है। हमने मऊ में डॉ. अम्बेडकर के भव्य स्मारक का निर्माण कराया और हर साल अम्बेडकर की जयंती पर वहाँ कुंभ लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। ग्वालियर के जौरासी में भी डॉ. अम्बेडकर धाम का भव्य निर्माण किया जा रहा है।

## पीसीसी चीफ पर एफआईआर के विरोध में प्रदर्शन




**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पीसीसी के सामने प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता कागज की तलवार लेकर सीएम हाउस जाने के लिए कूच किया। उनके कदम थोड़ी आगे बढ़े ही थे, तभी पुलिस ने उन्हें घेर लिया। औपचारिक गिरफ्तारियां हुईं। इस दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं की झूमाझटकी भी हुई। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे व अन्य कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाए कि जब-जब जीतू पटवारी शोषितों, दलितों, वंचितों के साथ खड़े होकर उनकी आवाज उठाते हैं, जब उनके साथ खड़े होते हैं, तब-तब सरकार उनके विरोध में कार्यवाही करती है।

## हर डिस्टलरी पर रहेगी ऑनलाइन नजर भोपाल में बना कंट्रोल एंड कमांड सेंटर

**अवैध शराब पर कसेगी लगाम, दो माह में शुरू होगी नई व्यवस्था**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने आबकारी विभाग एक बड़ी तैयारी में जुटा है। अब प्रदेश की सभी 11 डिस्टलरी (शराब उत्पादन इकाइयों) पर ऑनलाइन निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए भोपाल में एक अत्याधुनिक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर स्थापित किया जा रहा है, जहाँ से डिस्टलरी की हर पल की अपडेट मिलेगी। यह नई व्यवस्था अगले दो महीनों में शुरू होने की उम्मीद है। फिलहाल डिस्टलरी में बनने वाली शराब पर परमिट शुल्क और अन्य फीस लगाकर उसे आबकारी विभाग के वेयरहाउस में भेजा जाता है, जहां से इसे शराब दुकानों पर सप्लाई किया जाता है। लंबे समय से यह शिकायतें मिलती रही हैं कि डिस्टलरी से शराब का एक बड़ा हिस्सा बिना परमिट फीस चुकाए अवैध रूप से तस्करों को बेचा जाता है। इससे हर साल आबकारी विभाग को शुल्क के रूप में करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। इसे रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए यह नई पहल की जा रही है।

### ऐसे काम करेगा ऑनलाइन सिस्टम

आबकारी आयुक्त के भोपाल स्थित कैंप कार्यालय में बन रहे इस कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से सभी डिस्टलरी के कैमरों को ऑनलाइन जोड़ा जाएगा। इसका मतलब है कि डिस्टलरी के अंदर प्लांट से लेकर वेयरहाउस, डिस्पैच एरिया और गेट्स तक कैमरों की सीधी तस्वीरें कंट्रोल रूम को मिलेगी। इससे डिस्टलरी में होने वाली हर गतिविधि पर पल-पल की नजर रखी जा सकेगी। इसके साथ ही, डिस्टलरी से निकलने वाले हर वाहन के नंबर के आधार पर उसके परमिट को भी ऑनलाइन चेक किया जाएगा। इस पूरे सिस्टम से डिस्टलरी से हर दिन होने वाले उत्पादन और सप्लाई का सटीक डेटा आबकारी विभाग की टीम को एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। यदि डिस्टलरी में तय अनुमति से अधिक या कम शराब का उत्पादन होता है, तो उसकी जानकारी भी आला अफसरों को तुरंत मिल जाएगी।




### स्मार्ट सिटी कंपनी को दी संचालन की जिम्मेदारी

इस कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को स्थापित करने की जिम्मेदारी स्मार्ट सिटी कंपनी को सौंपी गई है, जिसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। सेंटर के संचालन के लिए स्टाफ की तैनाती आउटसोर्सिंग के जरिए की जाएगी। इस व्यवस्था के लागू होने से अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने और राच्य के राजस्व में वृद्धि होने की उम्मीद है। फिलहाल, आसवनियों पर नजर रखने के लिए आबकारी विभाग वहां अपने स्टाफ को तैनात करता है। ऐसे में विभाग हर डिस्टलरी से होने वाले उत्पादन और सप्लाई का ब्योरा जानने के लिए अपने कर्मचारियों और अधिकारियों पर पूरी तरह निर्भर है। नई व्यवस्था लागू होने से डिस्टलरी में तैनात अफसरों और कर्मचारियों के फैक्ट्री संचालकों से मिलीभगत की शिकायतों पर भी लगाम लग सकेगी। एमपी में शराब बनाने के लिए खरगोन और धार में 2-2, छतरपुर, राजगढ़, ग्वालियर, सागर, भिंड, रायसेन और छिंदवाड़ा में 1-1 डिस्टलरी है।

# एक को मंथन, दो जुलाई को मिलेगा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

## केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रधान दिल्ली से लेकर आएंगे फरमान




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा संगठन की कमान किसके हाथ होगी यह लगभग तय हो गया है। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रधान दिल्ली से नेतृत्व का फरमान लेकर आएंगे और अगले अध्यक्ष के नाम का एलान कर दिया जाएगा। चुनावी प्रक्रिया एक और दो जुलाई को चलेगी। खबर है कि प्रधान एक या दो तारीख को भोपाल प्रवास पर आएंगे। इधर पिछले दो तीन दिन से प्रदेश मुख्यालय सहित पूरे प्रदेश में अगले प्रदेशाध्यक्ष के नाम को लेकर अलग-अलग नामों पर चर्चा हो रही है। इस बीच इस पद के दावेदारों ने अब चुप्पी साध ली है क्योंकि उन्हें डर है कि चर्चा में ज्यादा नाम आने से कहीं उनका पत्ता साफ न हो जाए। खबर है कि प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर पार्टी के पर्यवेक्षक और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान संभवतः 1 जुलाई को भोपाल आ जाएंगे। इसके बाद पार्टी चुनाव प्रक्रिया को प्रारंभ करेगी। 1 जुलाई को नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 2 जुलाई को भाजपा की वृहद कार्यसमिति जैसी बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### उइके का नाम भी चर्चा में

मुख्यमंत्री बनाने का मामला हो या विधानसभा, लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशी तय करने का मामला हो पार्टी नेतृत्व अपने निर्णय से सभी को चौकाती रही है। इस बार प्रदेश अध्यक्ष के चयन में भी भाजपा फिर एक बार सभी को चौका सकती है। केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री दुर्गादास उइके के नाम को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि उइके एसटी वर्ग से होने के साथ ही संघ से नजदीकी है। हालांकि इस वर्ग से यदि अध्यक्ष बनाया जाता है तो उइके के अलावा खरगौन सांसद गजेन्द्र पटेल व राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी के नाम की भी चर्चा है। पटेल और सोलंकी युवा होने के साथ ही संगठन में काम का अनुभव रखते हैं।

### महिला को भी सौंपी जा सकती है कमान

अगर भाजपा महिला को कमान सौपती है तो इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी की महिला सशक्तिकरण की नीति को ध्यान में रख कर लिया गया निर्णय होगा। इसके अलावा भाजपा नए-नए प्रयोग करने के लिए भी जानी जाती रही है। इसके लिए मध्यप्रदेश को भाजपा की प्रयोगशाला भी कहा जाता है। अगर भाजपा महिला को प्रदेश अध्यक्ष बनाती है तो उसके पीछे आगामी लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की घोषणा का एक संकेत हो सकता है। कहा यह भी जा रहा है कि यदि एक बार फिर से सवर्ण के हाथ संगठन की कमान सौंपी जाती है तो पूर्व मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा के अलावा डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल का भी नाम लिया जा रहा है। उधर एससी वर्ग पर यदि नेतृत्व गौर करता है तो पूर्व मंत्री लालसिंह आर्य इस दौड़ में आगे जा सकते हैं।

## सरकार की छवि बिगाड़ रहे हैं वन विभाग के अफसर : शिवराज

**जागरण, सीहोर ।** जिले में बनने वाले सरदार पटेल अभ्यारण्य का विरोध शुरू हो गया है। जिन ग्रामों में इस अभ्यारण्य का दायरा पहुंच रहा है वहां के लोगों ने आज जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इस अभ्यारण्य को निरस्त करने की मांग उठाई है। इस मामले में दिशा की बैठक में शामिल होने कलेक्ट्रेट पहुंचे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से जब लोगो ने मुलाकात कर समस्या बताई तो कृषि मंत्री चौहान ने कहा है कि आदिवासियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और वह कल इस मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे, चौहान ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी सरकार की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा है कि सीहोर जिले के जनजाति, आदिवासी समाज के लोग निवेदन करते है कि सीहोर जिले में हमारे जन जाति समाज के लगभग 200 गाँव में 2 लाख जनसख्या निवास करती है। पूरा समाज वनपरिक्षेत्र में रहकर वन भूमि पर कृषि कार्य कर अपना जीवन यापन करते है, और वन भूमि पर वर्षों से हमारा कब्जा है। कुछ किसानो को वन अधिकार पत्र बना दिये गये है एवं शेष बचे जन जाति आदिवासी के वन अधिकार नहीं बन पाये है।

## प्रोफेसरों के स्थानांतरण अतिथि विद्वानों के लिए बन गए मुसीबत

### उच्च शिक्षा विभाग ने लगाई च्वाइस फिलिंग पर रोक

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के कालेजों से करीब 600 प्रोफेसरों का स्थानांतरण किया गया है। इससे अतिथि विद्वानों पर संकट आ गया है। क्योंकि प्रोफेसर द्वारा उपस्थिति देने पर रिक्त पद के विरुद्ध कार्यरत अतिथि विद्वान को फालेन आउट किया जाता है। इससे फालेन आउट अतिथि विद्वानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग ने भी अतिथि विद्वानों की च्वाइस फिलिंग पर रोक लगा दी है। उच्च शिक्षा विभाग ने बीस-बीस साल से एक ही कालेज में जमे प्रोफेसरों का स्थानांतरण कर दिया है। इससे वे विभाग से खफा हैं। वे अपना स्थानांतरण निरस्त कराने के लिए जोर लगा रहे हैं। जहां प्रोफेसरों ने अपनी आमद दर्ज करा दी है, वहां से अतिथि विद्वानों को फालेन आउट कर दिया गया है। इससे विभाग में पशोपेश की स्थिति जरुर निर्मित हो रही है। अब विभाग सभी कालेजों से रिक्त पदों की जानकारी लेगा। रिक्त पद एकत्रित कर वहां अतिथि विद्वानों को नियुक्त करने के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह से च्वाइस फिलिंग कराएगा। इसके बाद अतिथि विद्वानों को प्रोफेसर के रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्त किया जाएगा।



### पीएमसीओई की फाइल भी की गई तैयार

प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस (पीएमसीओई) में छह माह पूर्व भेजे गए 616 प्रोफेसर अपने स्थिर होने की फिराक में हैं। उन्हें दिसंबर में आयुक्त निशांत बरबड़े ने डिप्लायमेंट पर पीएमसीओई में नियुक्त किया था। प्रोफेसरों को कालेज में नियुक्त करने की फाइल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की समन्वय में रखी जाएगी। इसके बाद की उनके आदेश जारी किए जाएंगे। एसीएस अनुपम राजन का कहना है कि पीएमसीओई भेजे गए प्रोफेसरों का प्रकरण स्थानांतरण नीति के अलग है। इसलिए उनके प्रकरण को सीएम समन्वय में रखकर निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद उनके पीएमसीओई में पदस्थ होने के आदेश जारी किए जाएंगे।

**अनदेखी** | शहर से 15 किमी दूर जहां बन सकता था नगर वन, वहां बिना अनुमति काटा जा रहा सागौन

# अचारपुरा से गोलखेड़ी के बीच डेढ़ दशक में 80 एकड़ जंगल हो गया साफ

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल-बैरसिया रोड पर स्थित अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया से लेकर गोलखेड़ी के बीच 2010 से लेकर 2025 के बीच लगभग 80 एकड़ जंगल का सफाया कर दिया गया है। ग्रामवासियों से मिली शिकायत के आधार पर दैनिक जागरण की टीम ने जब मौके पर जाकर जायजा लिया तो पता चला कि वर्तमान में बचे हुए 20 एकड़ जंगल पर भी कटाई की जा रही है। इस दौरान वन क्षेत्र में मौजूद सागौन के पेड़ों को बिना अनुमति काटा जा रहा है। पेड़ों की कटाई के बाद जंगल की जमीन पर बिना अनुमति खनन भी किया जा रहा है। ग्राम वासियों की मानें तो 2010 तक गोलखेड़ी, भैरपुरा, बीनापुर एक ही ग्राम पंचायत हुआ करती थी। इस दौरान लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में वन गोलखेड़ी से बीनापुर, राताताल खजूरी और अचारपुरा तक फैला हुआ था, लेकिन डेढ़ दशक में गोलखेड़ी से बीनापुर और बीनापुर से राताताल खजूरी और अचारपुरा तक फैले सागौन के वन का पूरी तरह सफाया कर दिया गया। इस दौरान जंगल में मौजूद जंगली सुअर, मोर, नीलगाय, लकड़बग्गा और सियार जैसे जानवरों की संख्या भी तेजी से कम हो गई। वर्तमान में केवल बीनापुर पहाड़ी पर ही वन क्षेत्र बचा हुआ है, यहां जंगली सुअर, लकड़बग्गा और मोर जैसे वन्य प्राणी हैं, लेकिन इनकी सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। बता दें कि जिस जगह अवैध कटाई की गई है। वहां सरकार चाहे तो नगर वन बनाकर शहर वासियों को नवीन सौगात दे सकती है।



### वन चौकीदार को हटाते ही जंगल की कटाई हुई तेज

जागरण की टीम को गोलखेड़ी के ग्रामवासियों ने बताया कि जब तक गोलखेड़ी से बीनापुर तक एक पंचायत लगती थी। उस दौरान वन क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चौकीदार तैनात था। पंचायतों के अलग होते ही चौकीदार को नौकरी से हटा दिया गया, जिसके बाद कल्लू प्रजापति, गोवर्द्धन ठाकुर, किशन सिंह और हरी माली सहित दो अन्य लोगों ने वन क्षेत्र पर कब्जा करना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ खनन माफिया के साथ मिलकर सागौन की बड़े पैमाने पर कटाई की गई। उस जगह भी जंगल को नुकसान पहुंचाया गया, जहां खनन की जमीन नहीं थी। नतीजतन जंगल खत्म हो गया। आज यह पूरा 80 एकड़ का रकबा वीरान पड़ा हुआ है। हज्जामपुर स्थित सार्वजनिक तालाब पर भी कई लोगों द्वारा कब्जा कर दिया गया है, जिसके चलते ग्राम वासी पशुओं को पानी पिलाने के लिए परेशान होते हैं। जगह-जगह खनन के बाद हुए गड्ढे दिखाई देते हैं। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक व पटवारी को कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है।

### इधर बनर रहा नगर वन, उधर जंगल साफ

ग्लोबल वार्मिंग व क्लाइमेट क्राइसिस जैसी समस्याओं से निपटने के लिए देश भर में शहर के अंदर 20 हेक्टेयर से 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में माइक्रो फॉरेस्ट या नगर वन विकसित किए जा रहे हैं। शोध के अनुसार इन नगर वनों के विकास से उस क्षेत्र में पीएम 2.5 और पीएम 10 सहित अन्य प्रदूषकों में भारी गिरावट देखी जाती है। ऐसे में यह 100 एकड़ का वन क्षेत्र लांबाखेड़ा से दुपाड़िया तक के क्षेत्र में प्रदूषण को कम कर सकता था। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण भी इस जंगल का विशेष महत्व था, लेकिन लापरवाही के चलते जंगल खत्म हो गया है।

### जंगल में मौजूद हैं कई वन्य प्राणी और पक्षी

लगभग 20 एकड़ के जंगल में कई वन्य प्राणी मौजूद हैं। यहां विभिन्न प्रजाति के स्थानीय व प्रवासी पक्षियों के अलावा मोर, हिरण, जंगली सुअर, जंगली खरगोश और सियार जैसे जानवर मौजूद हैं। वर्तमान में बीनापुर स्थित अंजनी धाम हनुमान मंदिर के प्रबंधन द्वारा वन की सुरक्षा की जा रही है। हालांकि अभी भी जंगल में घुसकर रात के दौरान सागौन के पेड़ काटे जा रहे हैं। जागरण की टीम को भी मौके पर कई पेड़ कटे हुए दिखे। साथ ही जंगल के अंदर वन्य प्राणियों का मूवमेंट भी देखने को मिला।

> आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। मैं मौके पर रेंजर सहित अन्य वन अमले को भेजकर जांच करवाता हूं। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> ■ **लोकप्रिय भारती**, डीएफओ भोपाल

## विमान हादसा: डीएनए मिलान पूरा, मृतकों की संख्या 260



**अहमदाबाद, जेएनएन।** एयर इंडिया विमान हादसे के 16 दिन बाद अब सभी मृतकों की पहचान पूरी हो चुकी है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि आखिरी डीएनए मिलान भी सफलतापूर्वक कर लिया गया है, जिससे मृतकों की कुल संख्या 260 की पुष्टि हो गई है।अंतिम पहचाने गए व्यक्ति की पहचान अनिल लालजी खिमाणी (32), निवासी दहिनसर, भुज के रूप में हुई है, जो लंदन जा रहे थे। उनकी पहचान में देरी डीएनए मिलान में तकनीकी कारणों से हुई थी। उनके पिता लालजीभाई खिमाणी ने अधिकारियों से प्रक्रिया तेज करने की अपील की थी। 27 जून की रात डीएनए मेल खाने के बाद परिवार को सूचना दी गई और शनिवार को शव सौंपा गया। सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी के अनुसार, '240 मामलों की पहले पहचान हो चुकी थी। अंतिम डीएनए मिलान के साथ सभी 260 मृतकों की पहचान पूरी हो चुकी है।' मृतकों में 181 भारतीय, 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली, 1 कनाडाई और 19 वे लोग शामिल हैं जो हादसे के समय जमीन पर मौजूद थे। 254 शवों की पहचान डीएनए से हुई जबकि 6 की पहचान चेहरे से की गई।

### भाजपा नेता के बड़े भाई के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी

**जागरण, ग्वालियर।** शहर में एचजी ग्रुप के संचालक धीरज अग्रवाल के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। मामले में आरोपी गौतम राय रैली, पत्नी प्रिया राय रैली, पिता गुलशन राय रैली और मानवेंद्र पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। पीड़ित धीरज अग्रवाल, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के बड़े भाई है। दरअसल षडयंत्र पूर्वक राशि हड़पने और बंधक जमीन को छुड़ाने का झांसा देकर धोखाधड़ी का आरोप है।

# आरटीओ मंडला की बड़ी कार्यवाही 26000 वसूले गए

**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर महोदय सोमेश मिश्रा जिला मंडला के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर आशुतोष ठाकुर के मार्गदर्शन में राजस्व , परिवहन एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से नैनपुर में वाहनों की सघन जांच की गयी। वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, puc एवं चालक लाइसेंस के साथ साथ वाहनों की स्पीड, ओवरलोड HSRP नम्बर प्लेट को चेक किया गया। वाहन क्रमांक mp 21H1468 के चालक के पास वैध लाइसेंस नहीं पाए जाने पर 5000 रुपए,वाहन क्रमांक mp 22G3573 में वैध puc प्रमाण पत्र नहीं पाए जाने पर 5000 रुपए, वाहन क्रमांक mp z® ZD9355 ओवरलोड पाए जाने पर 10000 रुपए का




शमन शुल्क मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत जमा कराया गया साथ ही 3 अन्य वाहनों से 6000 रुपए का शमन शुल्क जमा कराया गया कुल 6 वाहनों पर 26000 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, तहसीलदार नैनपुर पूजा राणा, सहायक उप निरीक्षक लिखन सिंह टेकाम एवं स्टाफ की उपस्थिति रही ।

## छतरपुर पुलिस ने चलाया शस्त्र लाइसेंस जांच अभियान

**छतरपुर।** पुलिस ने जिले में शस्त्र लाइसेंसधारियों के लाइसेंस, शस्त्र और कारतूसों की व्यापक जांच की, ताकि उनके दुरुपयोग को रोका जा सके। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन को रोकना था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने लाइसेंस की वैधता, शस्त्रों की स्थिति, रखरखाव और कारतूसों के उपयोग की जांच की। लाइसेंसधारियों द्वारा खरीदे गए और खर्च किए गए कारतूसों का हिसाब लिया गया, और सभी जानकारियां विधिवत दर्ज की गईं। लाइसेंसधारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि शस्त्र केवल स्व-उपयोग के लिए है इसे दूसरों को नहीं देना है।

# विशाल रथ में सवार होकर आ रहे भगवान जगन्नाथ स्वामी

## 1 जुलाई को मंडला में भव्य आयोजन

**जागरण, मण्डला।** पहली बार इस्कॉन द्वारा भव्य जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा का आयोजन किया गया है। यह रथ यात्रा 1 जुलाई को मंडला पहुंच रही है। रथयात्रा दोपहर 1 बजे से राम मंदिर पड़ाव से नगर भ्रमण के लिए निकाली जायेगी। रथ यात्रा के पूर्व भगवान जगन्नाथ स्वामी की स्थापना एवं संगीत मय कार्यक्रम राममंदिर प्रागंण में किया जाएगा और यहां से विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए भगवान जगन्नाथ स्वामी को रथ में विराजमान कर रथयात्रा निकाली जायेगी। रथ यात्रा पड़ाव से चिलमन चौंक रेडक्रॉस सिटी कोतवाली, नेहरू स्मारक होते हुए महिष्मति घाट पहुंचेगी जहां पर संध्या मां नर्मदा पंचचौंकी महाआरती के साथ रथयात्रा का समापन होगा। इस दौरान विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया है। बता दें अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन के द्वारा भव्य जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इस्कॉन उज्जैन की प्रेरणा से हो रहा है जो कि पूरे मध्यप्रदेश में 34 स्थानों पर रथयात्रा जा रही है। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व परम पूज्य भक्ति प्रेम स्वामी महाराज कर रहे हैं जो इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष और दीक्षा गुरु हैं। यह दो किलोमीटर लंबी रथयात्रा दोपहर 1 बजे राम मंदिर पड़ाव से शुरू होकर चिलमन चौक से रेडक्रॉस से नेहरू स्मारक होते हुए महिष्मति घाट मंडला पर समाप्त होगी। रथयात्रा के समापन पर शाम 7:30 बजे भव्य भंडारे प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। 15 फीट ऊंचा विशेष रथ जिसमें 10 फीट ऊंचा समायोज्य गुंबद भी है उज्जैन से मंडला लाया जा रहा है। पूरे मार्ग में 20 से अधिक स्वागत स्थलों पर भगवान का आरती, छप्पन भोग पुष्पमाला और रंगोली के साथ जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में आदिवासी सांस्कृतिक दल शामिल होंगे जो पारंपरिक कीर्तन और नृत्य द्वारा भगवान श्रीजगन्नाथ की सेवा करेंगे। उज्जैन से 50 भक्तों की टोली भी इस रथयात्रा में भाग लेने आएगी जो पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन करती हुई वातावरण को भक्तिमय बनाएगी। रथयात्रा के पूर्व में गांव-गांव जाकर निमंत्रण दिए जा रहे हैं।

## शिवसेना आज करेगी वन विभाग कार्यालय का घेराव

**छतरपुर ।** शिवसेना आज, 30 जून को किसानों की समस्याओं को लेकर वन विभाग कार्यालय का घेराव करेगी और मुख्य वन संरक्षक अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगी। यह प्रदर्शन किसानों की जमीन पर वन विभाग के कथित अतिक्रमण और अन्याय के खिलाफ है, जिसे शिवसेना ने तानाशाही करार दिया है।शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के नेतृत्व में हजारों शिवसैनिक सुबह 11 बजे मोटे के महावीर मंदिर, अटल सभागार में एकत्रित होंगे। इसके बाद वे रैली के रूप में वन मंडल अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। तिवारी ने उन सभी किसानों से अपील की है, जो वन विभाग की कथित गुंडागर्दी और जमीन पर कब्जे से परेशान हैं, कि वे इस आंदोलन में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो शिवसेना अपने तरीके से प्रदर्शन कर वन विभाग को जवाब देगी। यह आंदोलन छतरपुर में किसानों के हितों की रक्षा के लिए शिवसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# 2.95 लाख का गांजा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**जागरण, मंडला ।** मंडला जिले की मोहगांव पुलिस ने विगत दिवस एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 17 किलो 464 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 95 हजार 680 रूपए है। इस दौरान एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि मोहगांव पुलिस मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चाबी में एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहगांव ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और एक विशेष टीम का गठन कर दबिश के लिए रवाना हुए।दबिश के दौरान मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुन्ना लाल यादव पिता माधव लाल यादव 49 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 04 ग्राम चाबी को हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के ड्रम में छिपाए गए 11 पैकेट और टीन की पेटी में रखे 6 पैकेट, कुल 17 पैकेट में 17 किलो 464 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत अपराध पाए जाने पर थाना मोहगांव में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।



**ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई जारी**
बताया गया कि मंडला पुलिस द्वारा इन दिनों ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा है, जिसके तहत मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त व्यक्तियों की सूचना मिलने पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहगांव, वेदराम हनोते के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नंदश्माम धुर्वे, जयराम सैयाम, गौरव तिवारी, वंदना शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक जमुना पड़वार, प्रधान आरक्षक मनोज मरकाम, चैनसिंह सैयाम, आरक्षक हेमंत मरावी, खेमसिंह, हीरा वरकड़े और चालक आरक्षक रेवा मरावी की सराहनीय भूमिका रही।

# कृषि विभाग ने फौजी कृषि केंद्र को किया सील, जिला उप संचालक ने महज तीन घंटे में कर दिया बहाल

**जागरण, मण्डला ।** विकास खंड नैनपुर के ग्राम पिंडरई में खेती-किसानी के सीजन में व्यापारी बीज की कालाबाजारी में किस कदर लिप्त हैं, इसका नजारा पिंडरई में संचालित मेसेर्स फौजी कृषि सेवा केंद्र में देखने को मिला. कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए कृषि विभाग नैनपुर की टीम ने बीज का विक्रय करने वाले दुकानों में दबिश दी 7 उर्वरक निरीक्षक श्री डी. के. बारस्कर द्वारा मेंसर्स फोजी कृषि सेवा केंद्र पिण्डरई के निरीक्षण के दौरान एडवांटा कंपनी का मक्का बीज संदिग्ध परिस्थितियों में पाये जाने पर प्रतिष्ठान को सील किया गया है, लेकिन महज चंद घंटो बाद कृषि विभाग के जिला उप संचालक अश्विनी झारिया ने अपने ही विभाग के अधिकारियों की कार्यशेली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुये बहाली का आदेश जारी कर दिये, जारी आदेशपत्र में श्री झारिया ने बताया कि दुकान सील होने के उपरांत संचालक साहिल नेहरा के द्वारा घटना क्रम में मौखिक एवं लिखित मय साक्ष्य प्रस्तुत किये गये है। जिसके अनुसार मोके पर पाये गये मक्का बीज 4 बोरी (32 कि.ग्रा. प्रति बोरी) कुल वजन एक क्विंटल 28 कि.ग्रा. स्वयं के खेतों में बोनी के उद्देश्य से संस्था जय दुर्गा कृषि केंद्र लखनादौन सिवनी से कृय किया गया है। इसलिये दुकान संचालक दोष सिद्ध न होने के कारण विक्रय प्रतिबंधित बीज को कृषक श्री जय भगवान निवासी कतिया टोला को खेतों में बोनी हेतु स्वीकृति प्रदान कर सील दुकान को नियमानुसार संचालन की अनुमति प्रदान की जा रही हैं, लेकिन सवाल के घेरे में प्रतिबंधित बीज संचालित दुकान में क्यों रखा गया? दुकान संचालक के अनुसार स्वयं के खेतों में बोने लाये गये मक्का का बीज आखिरकार विक्रय दुकान में क्यों लाया गया या फिर कृषि विभाग के जिला उप संचालक के बढ़िया साठगांठ से दुकान संचालक के हित के लिये कृषि विभाग का वह पंचनामा को स्वीकार नहीं किया गया जहाँ निरिक्षण कर रहे विभाग के द्वारा मोके स्थल पर सील किये गये दुकान के दौरान तैयार किया गया था, पंचनामा में स्पष्ट लिखा गया हैं कि 4 बेग शंकर मक्का एडवांटा कम्पनी का बीज रखा गया हैं जिसके इनके पास बिल एवं कृषि विभाग में पी. सी जुडा हुआ नहीं हैं इस कारण यह मक्का बीज वैध नहीं हैं और ना ही यह बीज को बेचने



की अनुमति हैं जो कि बीज नियंत्रक आदेश 1983 के नियम 17 का उल्लंघंन हैं विभाग की टीम ने 1983 के नियम अनुसार दुकान पर कार्यवाही कर शील किया था लेकिन दुकान संचालक पर मेहरबान जिला उप संचालक अश्विनी झारिया ने महज घंटो के बाद ही दुकान खोलने का फरमान जारी कर दिया ।

# छतरपुर में पुलिस प्रशासन और पत्रकार जनसंवाद कार्यशाला का आयोजन

## ओम साइराम होटल में मध्य भारत वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने किया आयोजन

**जागरण, छतरपुर ।** मध्य भारत वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के तत्वावधान में रविवार को शहर के एक निजी होटल में में पुलिस प्रशासन और पत्रकारों के बीच जनसंवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस और पत्रकारों के बीच समन्वय, विश्वसनीय खबरों और सामाजिक जिम्मेदारी पर चर्चा हुई। उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डगर, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रविंद्र अर्जरिया, एसडीएम अखिल राठौर, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवनीत जैन और जिला इकाई अध्यक्ष सुनील पांडे मौजूद रहे। सुश्री डगर ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों से खबरों में विश्वसनीयता और प्रामाणिकता बनाए रखने का आग्रह



किया। उन्होंने कहा कि जनसंवाद से एक-दूसरे से सीखने का अवसर मिलता है। डॉ. रविंद्र अरजरिया ने प्राचीन और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता की तुलना की। इंस्पेक्टर बृहस्पति साकेत ने पुलिस कानूनों की जानकारी दी। नवनीत जैन ने संगठन के विस्तार और कार्यशैली पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी, सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीक चौबे, ट्रैफिक प्रभारी बृहस्पति साकेत और ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सुश्री विदिता डगर को भी प्रशस्ति पत्र और शील्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजीव शुक्ला, विनोद कुमार गुप्ता, विनोद मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, अरविंद दीपू जैन अतुल्य भास्कर, समीर अवस्थी, अभिषेक नामदेव, वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में अलंकरण समारोह संपन्न

**छतरपुर ।** शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिंचाई कॉलोनी में शनिवार को अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में बोर्ड कक्षाओं (5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं) में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी जयेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय समिति के अध्यक्ष विनोद टिकरिया ने की। सम्मान समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र आशुतोष मिश्रा, जो यूपीएससी परीक्षा 2025 में चयनित हुए, और पूर्व छात्र उमेश गुप्ता, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। समाजसेवी बृजेश जैन ने भी बच्चों को उपहार भेंट किए। आशुतोष मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि नियमित पढ़ाई ही सफलता की कुंजी है, जबकि उमेश गुप्ता ने शिक्षा के साथ अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। समारोह में आशुतोष मिश्रा के पिता और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्वागत वरिष्ठ आचार्य चंद्र प्रकाश पांडे ने किया, संचालन माधु रीमा श्रीवास्तव ने किया, और आभार प्रचारक कृष्णकांत खरे ने व्यक्त किया।

# 8 दिनों से अंधेरे में डूबा झमटुली का बेहर मोहल्ला



## नाराज ग्रामीणों ने किया चक्का जाम लगाए मुर्दाबाद के नारे

**जागरण, छतरपुर।** बमीठा क्षेत्र के ग्राम झमटुली के बेहर मोहल्ला में पिछले 8 दिनों से बिजली गुल है। शनिवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने देवगांव-बिजावर-पन्ना मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, इस दौरान ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झमटुली गांव के बेहर मोहल्ला का ट्रांसफार्मर 8 दिन पहले खराब हो गया था और तभी से यहां बिजली आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग में शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीण विजय अवस्थी ने बताया कि बीते रोज वह विभाग के कहे अनुसार निजी खर्च पर खराब ट्रांसफार्मर बमीठा लेकर गए थे लेकिन विभाग ने तब भी नया ट्रांसफार्मर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अंधेरे में जीवन काटना मुश्किल हो रहा है, लोग बीमार भी हो रहे हैं। वहीं ग्रामीण श्रीमती गुलाब ने कहा कि बिजली न होने से घर गेहूं तक नहीं पिस पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता वोट मांगने आते हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान कोई नहीं कराता। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया, जिससे देवगांव-पन्ना मार्ग बंद हो गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर मनमानी और लापरवाही के आरोप लगाते हुए तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

# पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार, अभद्रता और पॉलिसी बेचने का आरोप, जिपं सीईओ ने जारी किया नोटिस

**जागरण, डिंडोरी ।** समनापुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मारगांव में पदस्थ सचिव समर सिंह परस्ते एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। ग्रामीणों ने सचिव पर वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार, शासकीय कार्यों में लापरवाही और आम जनता से अभद्रता करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से शिकायत की थी। ग्रामीणों ने 20 बिंदुओं में सचिव के खिलाफ विस्तृत शिकायत कलेक्टर और जिला पंचायत ष्टश्वह के समक्ष दर्ज कराई थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत डिंडोरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह) अनिल कुमार राठौर ने सचिव समर सिंह परस्ते को नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बावजूद इसके, सचिव द्वारा न तो कोई जवाब प्रस्तुत किया गया और न ही अपनी कार्यशैली में कोई सुधार लाया गया।

ख्रुष्ट की पॉलिसी बेचने में व्यस्त सचिव जारी नोटिस में स्पष्ट उल्लेख है कि सचिव ग्राम पंचायत कार्यालय में नियमित उपस्थिति नहीं देते। ग्रामीणों की शिकायत में यह भी कहा गया है कि सचिव से संपर्क करने पर वे फोन नहीं उठाते और कॉल पर 'ख्रुष्ट पॉलिसी कराइए' जैसे संदेश सुनाई देते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सचिव अपने शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन करने की बजाय बीमा पॉलिसी बेचने में व्यस्त रहते हैं।

**जांच में खुले कई घोटाले :** जांच प्रतिवेदन में यह तथ्य सामने आया कि सचिव ने ग्राम पंचायत के नाम पर बिना त्रस्ञ्ज पंजीकृत सप्लायर से सामग्री खरीदी। साथ ही, मनरेगा अंतर्गत वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य में हितग्राही के जॉब कार्ड में गड़बड़ी कर मजदूरी भुगतान में भी अनियमितता की गई। वहीं, बोल्डर चेक डेम और अन्य निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण करने पर मौके पर कोई कार्य मौजूद नहीं पाया गया।

## अभद्रता और गालीगलौज के आरोप

ग्रामीणों और सरपंच का आरोप है कि सचिव आम जनता से बात करते समय अक्सर गालीगलौज करते हैं। शासकीय कार्यों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के बजाय सचिव का व्यवहार हमेशा टालमटोल और अपमानजनक रहता है।

**पुराने नोटिस भी बेअसर :** गौरतलब है कि सचिव को पूर्व में भी तीन बार ङ्क दिनांक 24 मार्च, 2 अप्रैल और 9 अप्रैल 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। लेकिन सचिव द्वारा इन नोटिसों का भी कोई जवाब नहीं दिया गया।

**ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश :** जांच में दोष सिद्ध होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्राम मारगांव के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सचिव के विरुद्ध शीघ्र कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## टैक्स बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

**छतरपुर ।** छतरपुर टैक्स बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय रुद्राक्ष होटल मे आयोजित किया गया, जिसमे अतिथियों सहित समस्त टैक्स बार एसोसिएशन छतरपुर के सदस्यगण उपस्थित रहे एवं मुख्य अतिथि माननीय कुटुंब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश राजेश कुमार देवलिया, विशिष्ट अतिथि माननीय विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह बघेल, एवं आयकर अधिकारी मो. इरफ़ान, सहायक आयुक्त राज्यकर अधिकारी सुरेश कुमार साकेत, व जिला न्यायालय बार अध्यक्ष विनोद कुमार दीक्षित सचिव आलोक द्विवेदी, सचिव विधिक सेवा प्राधिकारी विपिन प्रताप सोलंकी, विष्णु प्रताप सोलंकी, निवेश जायसवाल, राहुल जैन, दिव्यांशु गुप्ता, रानो बघेल सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण की उपस्थिति रही नवीन कार्यकारिणी को चुनाव अधिकारी वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता चक्रेश मोदी एवं राकेश शर्मा के द्वारा अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष प्रथम मनीष अग्रवाल, द्वितीय उपाध्यक्ष रविंद्र खरे, सचिव अमित खरे, सहसचिव पुष्पेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष मो. एहतेशाम एवं पी आर ओ राजीव कुमार चौरसिया को पद की शपथ दिलाई,व पूर्व अध्यक्ष सुशील शिवहरे के कार्यकाल मे हुए कार्यों की सराहना कर स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ विद्वान् अधिवक्ता ब्रजेन्द्र खरे द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के मध्य आयकर अधिकारी मो. इरफ़ान का स्थानांतरण होने के कारण भव्य विदाई समारोह भी किया गया,समस्त कार्यक्रम मे जी एस टी, एस जी एस टी, एवं आयकर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम मे देवेंद्र चौरसिया, के के गुप्ता, शैलेश विश्वकर्मा, सचिन गुप्ता, शैलेश साहू, सुशील चौरसिया, गगन गुप्ता, इमरान खान, संघर्ष दुबे, संदीप गुप्ता, सुनील रैकवार, ष्ट उमेश गुप्ता, ष्ट मनीष अग्रवाल, पुनीत खरे, सुनीत खरे, अभिषेक सोनी, अभिषेक खरे, अनुराग असाटी, भरत सोनी, उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन योजना पर भारी सरपंच-सचिव की मनमानी, आंगनबाड़ी का करा रहें अमानक निर्माण



**जागरण, डिंडौरी।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा बाहुल्य गांवों में स्थानीय परिवेश के अनुरूप आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाना है, जिसके लिए मॉडल, अनुमान और डिजाइन राज्य स्तर से स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों से अधिक से अधिक जुड़ सकें। लेकिन ग्राम पंचायतें 'बैगा विकास' के नाम पर घटिया निर्माण कराते हुए अपनी जेबें भरने में जुटी हैं।समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत किवाड़ में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में निर्धारित मानकों को दरकिनार कर सरपंच और सचिव द्वारा मनमानी की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वनग्राम पौड़ी में 12 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्र में गुणवत्ता से समझौता किया गया है। प्राक्कलन के अनुसार कॉलम में 12 एमएम की छड़ लगनी थी, लेकिन 10 एमएम की छड़ का उपयोग किया गया। वहीं बाउंड्री वॉल में भी कॉलम निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग कर 6 इंच की जगह 11 इंच में चूड़ी लगाई गई है।इसी तरह ग्राम पंचायत किवाड़ के चकटोला में भी 12 लाख रुपये की लागत से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र में घटिया सामग्री के उपयोग का मामला सामने आया है। स्लोपिंग रूफ में लकड़ी की राफ्टर की जगह जंगल से काटी गई कच्ची लकड़ियों की बल्लियां लगाई गई हैं, जिन पर जला हुआ ऑयल पोत कर काम चलाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि कुछ ही समय में इन बल्लियों में घुन लग जाएगा। प्राक्कलन में लकड़ी की राफ्टर पर प्राइमर पॉलिश की तीन कोट करने का प्रावधान था, लेकिन उसे नजरअंदाज कर दिया गया। जिले के अन्य बैगा बाहुल्य गांवों में राफ्टर लगाए जा रहे हैं, लेकिन ग्राम पंचायत किवाड़ में सरपंच और सचिव की मनमानी तकनीकी अधिकारियों की मिलीभगत से बेरोकटोक जारी है ।

**धुंधले बिल-बाउचर से गड़बड़ी का खेल :** ग्राम पंचायत किवाड़ में पदस्थ सचिव जमुना गवले पर आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में धुंधले बिल-बाउचर और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से शासन की राशि का दुरुपयोग किया है। शासन ने पंच परमेश्वर एप के जरिए भुगतान प्रक्रिया को डिजिटल कर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की व्यवस्था की है, लेकिन सचिव ने अस्पष्ट और अपूर्ण बिल लगाकर भुगतान किया, जिससे यह पता लगाना मुश्किल हो गया कि आखिर कितनी और किस सामग्री के नाम पर भुगतान किया गया है।

# शासकीय स्कूलों में अजब-गजब भ्रष्टाचार जहा आवश्यकता नहीं वहा हुआ मरम्मत कार्य

## पन्नी के नीचे बैठेकर नवनिहाल सवार रहे भविष्य

**जागरण, मंडला ।** जिले के शासकीय स्कूलों में अजब गजब भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं जहाँ भवन दुरुस्त है उन भवनों को मरम्मत कर के लाखों रुपये का ठेकेदार के साथ मिलकर शिक्षा विभाग ने सरकारी धन को चुना लगाया और जिन भवन को मरम्मत की आवश्कता उस ओर् न विभाग देख रहे है और नही ठेकेदार क्योंकि दूरस्थ स्कूलों के भवनों का बुरा हाल है और अधिकांश स्कूलों के भवनों से छत से पानी टपक रहा भवन जर्जर हो चुके है पर जिम्मेदारो को होश नही केवल इन्हें किस स्कूल से कितना बच सकता है उन स्कूलों में ध्यान दिया जा रहा है।वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड घुघरी के ग्राम सिंगनपुरी स्कूल की छत गिरी पालकों ने लिया बच्चों को स्कूल नहीं पहुंचाने का फैसला सिंगनपुरी प्राथमिक शाला की कक्षाएं जिस कच्चे और जर्जर हो चुके भवन में संचालित होते आ रही थीं, उसकी छत शुक्रवार की शाम के वक्त आखिर जमीन पर आ ही गई। जिससे बच्चों की वैकल्पिक बैठक व्यवस्था भी पूरी तरह खत्म हो गई है,और इस तरह खतरा भरे भवन के कमरों में बैठकर पढ़ाई करने बच्चों को स्कूल पहुंचाना बंद करने पालकगण मजबूर हो गए हैं।



समाजसेवी ग्रामीण तरुण बघेल ने जानकारी दी है,कि जनजाति बाहुल्य घुघरी विकासखंड के सलवाह से महज सात किलोमीटर दूर स्थित अहमदपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत पोषक गांव सिंगनपुरी आता है। जहां के स्कूल टोला में लगभग पैंसठ वर्षों से प्राथमिक शाला संचालित है। लगभग इतने ही पुराने कच्चे खपरैल और खतरे से भरे जर्जर भवन में कक्षाएं संचालित होते आ रही हैं। इस सत्र में यहां पर 40 बच्चे दर्ज हैं। कच्चे भवन की दीवारें तो दरारों से पटीं खोखली हो ही गई हैं,छत में लगी लकड़ियां भी खराब होकर टूट-टूटकर गिरती जा रही हैं।खपरे भी छत से नीचे गिरगिरकर फूटकर खराब होते गए हैं। जिससे बूंदाबांदी बारिश का पानी भी कमरों के अंदर भर जाता रहा है, गीले और नमीयुक्त कमरों में हमेशा शीत का असर बना रहता है।,जिसका बुरा असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है,और अब तो छत भी नीचे गिर गई। फर्श भी उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गया है।ऐसी अव्यवस्थाओं से पटे भवन के भीतर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे पढ़कर अपने उज्जवल भविष्य गढ़ने की उम्मीद लगाने मजबूर रहते हैं।

इनके उज्जवल भविष्य के सपने के लिए सरकारी शालाओं से बढ़कर कुछ नहीं हुआ करती हैं।आज उनकी उम्मीदों पर भी सवाल खड़ा हो गया है,कि इस अव्यवस्थित और खतरे से भरे भवन की छत के गिर जाने से बची-खुची बैठक व्यवस्था भी खत्म हो गई । जिसकी जानकारी पाते ही ग्रामीण और पालक शिक्षक संघ के लोग शनिवार 28 जून को स्कूल समय में स्कूल पहुंचकर वस्तुस्थिति से रूबरू हुए और अब व्यवस्थित बैठक व्यवस्था बनते तक बच्चों को स्कूल नहीं पहुंचाने का निर्णय लेने मजबूर हो गए हैं। बताया गया है,कि शुक्रवार की शाम को स्कूल की छुट्टी हो जाने के बाद यह घटना घटित हुई है।

# अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया में वीडियो वायरल करने वाला पुलिस गिरफ्त में

### आरोपी के कब्जे से 01 अवैध देशी कट्टा एवं 01 जिंदा कारतूस किया गया जप्त
### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**जागरण, पन्ना।** थाना अमानगंज क्षेत्र में सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो/वीडियो वायरल करने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध हथियारों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों व्यक्तियो के साथ-साथ सोशल मीडिया मे अवैध हथियारों के साथ फोटो/वीडियों वायरल करने वालो पर सतत निगरानी रख वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं सोशल मीडिया मे अवैध हथियारों के साथ फोटो/वीडियो वायरल करने वालो पर सतत निगरानी रखी गई। जिसके फलस्वरूप मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जीतेन्द्र सिंह उर्फ जीतू राजा राजपूत निवासी ककरहटा हाल मझगंवा जो की अपने पास अवैध हथियार लिये सिमरिया तिराहा मे संदिग्ध अवस्था मे खड़ा है। जो आये दिन सोशल मीडिया मे अवैध हथियार के साथ फोटो/वीडियो वायरल करता है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया।

पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई तो कमर मे लोवर के नीचे एक 315 बोर का अवैध देशी कट्टा एवं जेब 01 जिंदा कारतूश लिये पाया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 देशी कट्टा सहित 01 जिंदा कारतूस जप्त कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। सोशल मीडिया निगरानी और निर्देश पन्ना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ फोटो या वीडियो पोस्ट करने वालों पर सतत नजर रखी जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कड़ी कार्यवाही करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## पीडब्ल्यूडी हरियाली और जल संरक्षण पर चलाएगा व्यापक अभियान

**पन्ना ।** लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी एक जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम स्कूलों में संचालित एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान से भी समन्वित रहेगा। विभाग ने अभियंताओं को वृक्षारोपण स्थलों की पहचान, पौधों की उपयुक्त प्रजातियों के चयन तथा जिम्मेदारियों के निर्धारण के निर्देश दिए हैं। विभाग ने हरियाली को संरक्षित करने के लिए पेड़ों के स्थानांतरण यानि ट्री-शिफ्टिंग की नीति को अपनी दर सूची एसओआर में शामिल किया है, जिससे हरियाली को संरक्षित रखा जा सके। जल संरक्षण की दिशा में विभाग द्वारा सड़क किनारे रिचार्ज बोर के निर्माण की योजना भी लागू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य वर्षा जल को सीधे भू गर्भ में पहुंचाकर ग्राउंड वाटर रिचार्ज को बढ़ावा देना है। विभाग द्वारा 'लोक कल्याण सरोवर योजना के अंतर्गत भी जल संरक्षण को नई दिशा देने की पहल की गई है।

# 07 पेटी अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से 24,000 से अधिक की शराब की गई जब्त

**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में थाना कोतवाली पन्ना प्रभारी निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तंत्र के माध्यम से 28जून25 की देर रात सूचना प्राप्त हुई कि बायपास रोड स्थित चौपड़ा तिराहे के पास दो व्यक्ति अवैध शराब के साथ खड़े हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी पन्ना एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली स्तर पर एक पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर दो संदिग्ध व्यक्तियों को अवैध शराब के कार्टूनों के साथ खड़े देखा गया, जो पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहे थे।

पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ में उन्होंने अपने नाम इस प्रकार बताएअंगद जोशी, पिता रमेश जोशी, उम्र 34 वर्ष, निवासी गौर का चौपड़ा, पोस्ट ऑफिस के पीछे, थाना कोतवाली पन्ना नरेंद्र सोनी, पिता नत्थू लाल सोनी, उम्र 33 वर्ष, निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी, जिला पन्ना दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 07 कार्टून अवैध शराब (जिसमें 04 पेटी लाल मसाला ब्रांड एवं 03 पेटी मस्ती ब्रांड की देशी शराब शामिल है) बरामद की गई, प्रत्येक पेटी में 50 क्वार्टर, कुल मात्रा 62 लीटर, अनुमानित कीमत 24,000/- पाई गई। जब उनसे शराब रखने एवं बेचने का कोई वैध दस्तावेज मांगा गया तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली पन्ना में विधिक धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित मिश्रा, चौकी प्रभारी सिविल लाइन उनि शक्ति प्रकाश, सउनि मानसिंह पांडे, प्रधान आरक्षक आइमात सेन, ब्रशकेतु रावत, संदीप तिवारी, अशोक सिंह, आरक्षक अभिषेक यादव, संदीप पटेल, राहुल सिंह, सत्यनारायण अग्निहोत्री, घनश्याम, शैलेंद्र, चंद्रपाल एवं महिला आरक्षक द्रोपती पटेल का सराहनीय योगदान रहा। यदि आपको अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन या विक्रय की कोई सूचना प्राप्त हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# सलेहा पुलिस ने अवैध शस्त्र के एक आरोपी को पकड़ा



### आरोपी के कब्जे से 01 देशी कट्टा 315 बोर एवं 01 जिन्दा कारतूस किये गये जप्त

**पन्ना ।** पन्ना पुलिस द्वारा अवैध 01 देशी कट्टा 315 बोर एवं 01 जिन्दा कारतूस रखने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध अस्त्र-शस्त्र के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सतत निगरानी रखते हुए वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सलेहा द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। फलस्वरूप दिनांक 28/06/2025 को थाना प्रभारी सलेहा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गलको नदी पुल के पास कल्दा सलेहा रोड में एक व्यक्ति अवैध हथियार कट्टा लिये हुए है। सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँची और संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया । पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर कमर में बायें तरफ कमर में लोवर के नीचे एक देशी कट्टा 315 बोर एवं जेब में एक जिन्दा कारतूस रखे होना पाया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त कट्टा को जप्त किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना सलेहा में आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त सामग्री :** पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 01 देशी कट्टा 315 बोर 01 जिन्दा कारतूस जप्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोप : रामदीन पिता स्व. सहाईया वर्मा उम्र 35 साल निवासी ग्राम दतुनहा थाना जसो जिला सतना (म.प्र.) उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उप.निरी. बलवीर सिंह एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# लकड़ी बेचकर घर का चूल्हा जलाने को मजबूर आदिवासी समुदाय की महिलाएं



**पवई ।** कल्दा रोजगार उपलब्ध नहीं होने के कारण मजदूर वर्ग खासा परेशान हैं हालात ऐसे हैं गांवों में आधी से अधिक आबादी पलायन कर बड़े शहरों और महानगरों में मजदूरी कर रहे हैं सबसे खराब हालत वनांचल क्षेत्र के मजदूरों की है बड़ी संख्या दो वक्त की रोटी कमाने के लिए पलायन कर गए आदिवासी समुदाय की महिलाएं आज भी रोजगार के अभाव में सिर पर गठ्ठा ढो कर लकड़ी बेच रहीं हैं। जहॉ एक और लोग रोजगार की तलाश में पलायन कर गए वहीं गांवों में रहे सहे परिवारों की सैकड़ो महिलाएं 10 से 15 किलोमीटर दूर पैदल चलकर जलाऊ लकड़ी बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही हैं दिन भर में यह महिलाएं 150,से 200 रूपए कमा पाती है जो आज की मंहगाई के हिसाब से कुछ नहीं है लेकिन क्या करें मजबूरी है पंचायत स्तर में रोजगार उपलब्ध नहीं है बच्चों के पालने का एकमात्र जरिया है जंगलों में रहने वाली आदिवासी महिलाओं को अक्सर अपनी आजीविका के लिए लकड़ी बेचनी पड़ती है, क्योंकि उनके पास आजीविका के अन्य साधन कम होते हैं। यह समस्या विशेष रूप से उन क्षेत्रों में अधिक है जहां गरीबी और बेरोजगारी व्याप्त है जंगलों में रहने वाली आदिवासी महिलाओं को लकड़ी बेचने की मजबूरी का कारण है बेरोजगारी आदिवासी क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण महिलाओं को अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए लकड़ी बेचनी पड़ती है।आदिवासी महिलाओं के पास आजीविका के सीमित अवसर होते हैं, और लकड़ी बेचना उनके लिए मजबूरी है आदिवासी समुदाय अक्सर जंगलों पर निर्भर होते हैं, आदिवासी महिलाओं को अक्सर सामाजिक-आर्थिक असमानता का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण उन्हें लकड़ी बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है।भितरी मुटमूर गांव की आदिवासी महिलाओं ने बताया कि वह हर दिन एक टाइम जलाऊं लकड़ी काटती है दूसरे दिन सलेहा 15 किलोमीटर दूर बेचने जाती है जो रूपये मिलते है उससे परिवार का भरण पोषण करती है पंचायत एवं वन विभाग द्वारा हमें कोई रोजगार नहीं मिलता हमें ग्राम पंचायत द्वारा अवास भी नहीं मिला हमारे घर भी टपकते है घर में पन्नी बिछाकर पानी रोकते हैं इनका कहना है क्या करें आदिवासी महिलाओं को लकड़ी बेचने के लिए मजबूर होना एक जटिल समस्या है, जिसका समाधान गरीबी, बेरोजगारी है इस समास्या का समाधान सामाजिक-आर्थिक असमानता को दूर करके ही किया जा सकता है। सरकार और गैर सरकारी संगठनों को इन महिलाओं के लिए आजीविका के वैकल्पिक अवसर प्रदान करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने की दिशा में काम करना चाहिए आज भी आदिवासियों को वह पहचान नहीं मिल सकी जिसका की वह हकदार हैं।

# देवेंद्रनगर में वैश्य महासम्मेलन की बैठक सम्पन्न



### संगठन विस्तार, सेवा संकल्प और सामाजिक सहभागिता पर लिए गए अहम निर्णय

**जागरण, पन्ना।** देवेंद्रनगर दिनांक 29 जून को मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन, तहसील एवं नगर इकाई देवेंद्रनगर की विशेष बैठक आज दोपहर सत्यम ट्रेडर्स (विनोद गुप्ता निवास) पर सम्पन्न हुई। यह बैठक मनोज केसरवानी (जिला अध्यक्ष) एवं रामेश्वर गुप्ता (पूर्व जिला अध्यक्ष) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ संरक्षक स्वर्गीय सुरेश अग्रवाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज केसरवानी जी ने कहा हर तहसील और नगर में संगठन को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता जी ने कहा वैश्य महासम्मेलन का दायरा अब केवल सामाजिक आयोजनों तक सीमित नहीं, बल्कि हमें शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी सामाजिक नेतृत्व निभाना है। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय इस प्रकार रहे : तहसील और नगर क्षेत्र में वैश्य समाज के सदस्यों की अद्यतन गणना की जाएगी। सभी इकाइयों के पदाधिकारियों के नाम, मोबाइल नंबर एवं पते की सूची तैयार की जाएगी। नवीन सदस्यों का स्वागत कर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। महिला और युवा इकाई की भूमिका को मजबूती देने हेतु विशेष कार्यक्रमों की योजना बनेगी। प्रत्येक माह समयबद्ध बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिला महामंत्री विनोद गुप्ता नीतिल जैन, डॉ. प्रमोद जैन (तहसील अध्यक्ष), पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, वर्तमान जिला अध्यक्ष मनोज केसरवानी, नगर अध्यक्ष अर्जुन दास अग्रवाल, महिला नगर अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी गुप्ता, महिला तहसील अध्यक्ष श्रीमती पारुल जैन, वरिष्ठ सदस्य श्यामलाल गुप्ता, संरक्षक निर्मल चंद जैन, शैलेष अग्रवाल, युवा नगर अध्यक्ष ललित गुप्ता, अक्षय जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण। सभी ने संगठन को एकजुट व सक्रिय बनाते हुए सेवा और सहयोग के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

## जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता एक अगस्त को

**पन्ना ।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने तथा पर्यटन के जरिए जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आगामी एक अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे द्वारा जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी प्राचार्यों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। विद्यालय से क्विज प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत तीन छात्र-छात्राओं की टीम गठित कर आगामी 18 जुलाई तक पर्यटन बोर्ड की वेबसाइट पर विद्यार्थियों की टीम का ऑनलाइन पंजीयन करवाना होगा।

## अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी आकांक्षा योजना के लाभ के लिए करें आवेदन

**पन्ना ।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में आकांक्षा योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कक्षा 10वीं उत्तीर्ण एवं कक्षा 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी जी, नीट एवं क्लैट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जिसके तहत जी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 400 विद्यार्थियों का चयन कर भोपाल में, नीट के लिए 200 विद्यार्थियों का चयन कर इंदौर में तथा क्लैट परीक्षा के लिए भी 200 चयनित विद्यार्थियों को जबलपुर में दो वर्ष की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा संभाग मुख्यालय पर आवासीय सुविधा, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, टेबलेट व अध्ययन के लिए इंटरनेट के साथ डाटा प्लान की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध होगी। इच्छुक विद्यार्थी आगामी 9 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। कलेक्टर सुरेश कुमार ने योजना में अधिकतम विद्यार्थियों को लाभांवित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी को भी आवश्यक निर्देश जारी करते हुए कहा है कि विभाग स्तर पर आकांक्षा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विभागीय विशिष्ट आवासीय संस्थाओं के प्राचार्यों व सीनियर तथा उत्कृष्ट छात्रावासों के अधीक्षकों को भी योजना की जानकारी प्रदान कर एमपी टॉस पोर्टल पर विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन करवाएं। पन्ना जिले से न्यूनतम 200 विद्यार्थियों के चयन का लक्ष्य है। ऑनलाइन आवेदन के दौरान किसी भी समस्या के निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर 18002333951 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने बताया कि योजना की पात्रता के लिए मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने के साथ आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से आय 8 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। विद्यार्थी को कक्षा 10वीं की परीक्षा 60 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा, दबंग कर रहा अवैध निर्माण

### सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए जा रहे आवास, ग्रामीणों के विरोध के बावजूद प्रशासन मौन



**जागरण, पन्ना।** गुनौर जनपद के एक ग्राम से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक दबंग व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह निर्माण न केवल विवादित भूमि पर किया जा रहा है, बल्कि सरकारी जमीन को कब्जा कर उसमें आवास खड़ा किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जब उन्होंने इस कार्य का विरोध किया और दो दिन पूर्व आवेदन देकर निर्माण कार्य पर रोक की मांग की, तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आश्चर्यजनक बात यह है कि अभी तक संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) तक जारी नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माणकर्ता दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो जल्दी-जल्दी निर्माण कार्य पूरा करने में जुटा है ताकि उसे रोका न जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए कई बार पटवारी को भी मौके पर बुलाया गया, लेकिन आज तक न तो उन्होंने स्थल का निरीक्षण किया और न ही स्थिति स्पष्ट की। ग्रामीणों की अब उम्मीदें नायब तहसीलदार राजेश मेहरा से हैं। देखना यह होगा कि क्या वे गरीबों की आवाज़ सुनते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाने का साहस दिखाएंगे, या फिर यह मामला भी जिम्मेदारों की मिलीभगत की भेंट चढ़ जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जिस व्यक्ति के नाम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है, निर्माण कार्य वह नहीं बल्कि कोई और कर रहा है — और वह भी सरकारी जमीन पर। यह न केवल योजना की गरिमा के साथ खिलवाड़ है, बल्कि शासन-प्रशासन की निष्क्रियता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी गरीबों के अधिकारों का दमन न कर सके। शिकायत की सत्यता जानने के लिए तहसीलदार गुनौर से दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## घर में घुसी गोह का किया रेस्क्यू, तब ली परिवार वालों ने राहत की सांस

**पन्ना ।** नगर के धाम मोहल्ला स्थित आकाश कुशवाहा के घर में उसे समय हड़कंप मच गया जब उसके आंगन के बाथरूम में एक विशाल गौह को बैठा हुआ देखा। परिजन घबराकर घर के बाहर निकल आए और मोहल्ले वालों को बताया पर किसी की गोह को भगाने की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। तब रेस्क्यू करने वाले नंदू कुशवाहा को इंद्रपुरी कॉलोनी से फोन लगाकर बुलाया गया। नंदू कुशवाहा ने आते ही बाथरूम में से गोह को पकड़ लिया। तब कहीं जाकर परिवार वालों ने राहत की सांस ली। गोह काफी बड़ी थी जो लगभग 2 फुट से भी बड़ी लग रही थी जिसको देखते ही लोगों को भय महसूस हो रहा था। लेकिन रेस्क्यू करने वाले नंदू ने उसे पलक झपकते ही हाथ से पकड़ लिया और बाद में जंगल ले जाकर उसे सुरक्षित छोड़ दिया गया।

**इस वर्ष दर्जनों जहरीले सांप एवं गुहेरा, गोह का किया रेस्क्यू :** जहरीले जीव जंतु सांप आदि का रेस्क्यू करने वाले नंदू कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक दर्जनों जहरीले सर्प और अन्य खतरनाक जीवो का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया है। नंदू ने बताया कि किसी का भी किसी भी समय फोन आता है तो हम तुरंत रेस्क्यू करने पहुंच जाते हैं।

# दहलान चौकी में लगाया विधिक साक्षरता शिविर




**जागरण, पन्ना ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गत शनिवार को ग्राम पंचायत दहलान चौकी में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर के दौरान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन द्वारा ग्रामवासियों को विधिक प्रावधानों एवं उपयोगी कानूनों की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविरों की उपयोगिता एवं महत्व भी बताए। साथ ही प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के जरिए गरीब, पिछड़े, महिला एवं आदिवासियों को निःशुल्क अधिवक्ता सेवा उपलब्ध कराने की पात्रता एवं प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त ग्रामीणजनों को प्राधिकरण की योजनाओं अथवा शासन की सुविधाओं का लाभ सरपंच व सचिव के माध्यम से प्राप्त न होने की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क करने की सलाह भी दी गई। शिविर में ग्रामवासियों को पॉक्सो अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, म.प्र. अपराध पीड़ित एवं नालसा पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में भी अवगत कराया गया। करण सिंह द्वारा शिविर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रक्रिया के विषय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में सरपंच शिवचरण यादव एवं सचिव राजकिशोर कुशवाहा भी उपस्थित थे।


मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प
अक्षय जल, सुरक्षित कल
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
जल गंगा संवर्धन अभियान
समापन समारोह
एवं
वॉटरशेड सम्मेलन
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
30 जून, 2025 । दोपहर 12 बजे
मंडी प्रांगण, खण्डवा, मध्यप्रदेश
'जल की हर बूंद में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। इसलिए इस अमूल्य धरोहर की किसी भी मूल्य पर रक्षा करना हमारा दायित्व है।'
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
जल संरक्षण का 'जन संकल्प'
जल संचय में वृद्धि
₹2048 करोड़ लागत के 83 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण पूर्ण, जिससे खेत का पानी खेत में सिंचित होगा
₹254 करोड़ लागत से 1 लाख से अधिक कूप रीचार्ज
अमृत सरोवर 2.0 के तहत ₹ 354 करोड़ लागत से 1 हजार से अधिक नए अमृत सरोवरों का निर्माण
शहरी क्षेत्रों में 3300 से अधिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, 2200 नालों की सफाई एवं 4000 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण पूर्ण
जनभागीदारी
40 लाख लोगों की भागीदारी से 5 हजार से अधिक जल स्त्रोतों का हुआ जीर्णोद्धार
My Bharat पोर्टल के माध्यम से 2.30 लाख से अधिक जलदूत बनाए गए
ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल का आयोजन
तकनीकी नवाचार
GIS आधारित SIPRI सॉफ्टवेयर के उपयोग से जल स्त्रोतों का चयन एवं AI आधारित मॉनिटरिंग की गई
नर्मदा परिक्रमा पथ एवं अन्य तीर्थ मार्गों के डिजिटलीकरण के जरिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं का रखा जा सकेगा ख्याल
पर्यावरणीय एवं कृषि प्रभाव
57 प्रमुख नदियों में मिलने वाले 194 से अधिक नालों का चिह्नांकन एवं उनके शोधन के लिए योजना तैयार
जैव विविधता संरक्षण हेतु घड़ियाल और कछुओं का किया गया जलावतरण
145 नदियों के उद्गम क्षेत्रों को चिन्हित कर हरित विकास हेतु योजना तैयार
अविरल निर्मल नर्मदा योजना में 5600 हेक्टेयर में पौधरोपण प्रारंभ
वन्य जीवों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 2500 से अधिक तालाब, स्टॉप डैम का निर्माण
पौधरोपण हेतु लगभग 6 करोड़ पौधों की नर्सरी विकसित
वॉटरशेड हेतु कार्य
₹1200 करोड़ लागत की 91 वॉटरशेड परियोजनाएं स्वीकृत, 5.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा
9000 से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं के जरिए किसानों को 1 वर्ष में दो से तीन फसलों का मिल रहा लाभ
D-11056/25
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#जल_गंगा_संवर्धन_अभियान_MP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## खेल एक नजर

### इंग्लैंड पर टी-20 मैच में धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

**नॉटिंघम, जेएनएन।** इंग्लैंड पर भारत के खिलाफ पहले महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, जिसमें मेहमान टीम ने 97 रन से जीत हासिल की थी। एमिरेट्स आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल ऑफ मैच रैफरी की हेलेन पैक ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंकने के बाद इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता का अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति उल्लघंन से संबंधित है, जिसके अनुसार खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट ने यह उल्लघंन स्वीकार कर लिया। मैदानी अंपायर जैकलीन विलियम्स और जेम्स मिडलब्रूक, तीसरे अंपायर सू रेडफर्न और चौथे अंपायर अन्ना हैरिस ने आरोप तय किए। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित भारत ने कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना के 112 रन से पांच विकेट पर 210 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गई थी, जिससे भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरा मैच मंगलवार को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।



### टीवी अंपायर की आलोचना करने पर विंडीज के कोच सैमी पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), जेएनएन।** वेस्टइंडीज के कोच डैरन सैमी पर बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के कारण मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तीसरे अंपायर के फैसलों की आलोचना की थी और निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के फैसलों में निरंतरता की मांग की थी। सैमी ने निराशा व्यक्त की थी कि होल्डस्टॉक का विकेट के पीछे कैच के लिए भेजे गए दो एक जैसे मामलों में फैसला अलग-अलग था। इसमें ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को नॉटआउट दिया गया था, जबकि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शाई हॉप को आउट करार दिया गया था। वेस्टइंडीज के कोच ने मेजबान टीम के कप्तान रोस्टन चेज और ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन से जुड़े एलबीडब्ल्यू रेफरल का भी जिक्र किया था। वेस्टइंडीज के टेस्ट टीम के कोच के रूप में अपने पहले टेस्ट में 41 वर्षीय सैमी ने मैच अधिकारी के प्रति सार्वजनिक आलोचना या अनुचित टिप्पणी के लिए आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोष स्वीकार किया। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट गुरुवार को ग्रेनेडा में शुरू होगा।



भारत 29 जून 2024 को टी-20 विश्व कप चैंपियन बना था, रोहित ने फाइनल के भावनात्मक पलों को याद किया

# सूर्यकुमार का कैच फाइनल के सबसे महत्वपूर्ण लम्हों में से एक था : रोहित

जेएनएन, नई दिल्ली

रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में भारत की टी-20 विश्व कप जीत को याद करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच से पहले वह बहुत घबराए हुए थे और पूरी रात सो नहीं पाए थे। इस मैच का दबाव ऐसा था कि उन्हें लगा कि उनका पैर सुन्न हो गया है। भारत पिछले साल 29 जून को टी-20 विश्व कप चैंपियन बना था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप खिताब के 13 साल के सूखे को खत्म किया था। रोहित ने जियो हॉटस्टार से कहा, 13 साल लंबा समय होता है। ज्यादातर लोगों का करियर भी 13 साल का नहीं होता। विश्व कप जीतने के लिए इतना लंबा इंतजार करना, मैंने अपना पिछला विश्व कप 2007 में जीता था। मेरे लिए यह इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता था। मैं पूरी रात सो नहीं पाया।

मैं सिर्फ विश्व कप के बारे में सोच रहा था। मैं घबराया हुआ था। मुझे अपने पैर महसूस नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा, क्या मैं दबाव में था? मैं इसे जाहिर नहीं होने देना चाहता था, लेकिन अंदर से काफी नर्वस था। हमें सुबह साढ़े आठ या नौ बजे स्टेडियम के लिए निकलना था। मैं सुबह सात बजे ही जग गया था। मैं अपने रूम से मैदान को देख सकता था। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि मैं सोच रहा था, दो घंटे बाद मैं मैदान पर रहूंगा और लगभग चार घंटे के बाद मैच का परिणाम लगभग तय हो जाएगा। भारतीय कप्तान ने आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव द्वारा डेविड मिलर के शानदार



कैच को फाइनल का निर्णायक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा, सूर्यकुमार के कैच के बाद अंपायरों ने इस पर फैसले के लिए तीसरे अंपायर की मदद मांगी। इस समय सभी की धड़कनें तेज हो गई थीं। रोहित ने कहा, मैं उस समय लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार के ठीक सामने था और शुरुआत में मुझे लगा कि गेंद छह रन के लिए चली गई है। सूर्यकुमार ने बाउंड्री के पास फील्डिंग करते समय सजगता दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस कैच से भारत की सात रन से जीत सुनिश्चित हुई। रोहित ने कहा, जब हमने शुरुआत में तीन विकेट जल्दी गंवा दिए तो ड्रेसिंग रूम में जाहिर तौर पर बहुत घबराहट थी। मैं सहज नहीं था। मैं सोच रहा था कि हमने उन्हें मैच पर पकड़ बनाने का मौका दे दिया। मेरे दिमाग में हालांकि हमेशा यह बात थी कि हमारे निचले मध्य क्रम ने टूर्नामेंट में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की थी, लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला उन्होंने प्रभाव डाला।

रोहित ने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की उपयोगी पारी और कोहली के साथ उनकी 72 रनों की साझेदारी को याद किया। कोहली ने इसके बाद शिवम दुबे के साथ भी 57 रन की साझेदारी की। रोहित ने कहा, बहुत से लोग (अक्षर की) पारी के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन वह पारी मैच का रुख तय करने के मामले में काफी अहम थी। उस समय 31 गेंदों पर 47 रन बनाना बहुत, बहुत महत्वपूर्ण था। भारतीय कप्तान ने कहा कि हमें एक ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी, जो टिककर खेले और विराट ने वो काम बखूबी किया। उनका आखिरी तब बल्लेबाजी करना टीम के लिए फायदेमंद रहा। इससे शिवम, अक्षर, हार्दिक को आक्रामक बल्लेबाजी करने का मौका मिल गया। कोहली इस टूर्नामेंट में संघर्ष कर रहे थे, लेकिन उन्होंने उस समय लय हासिल की जब टीम को सबसे ज्यादा जरूरत थी। वह फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये थे।

## बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर है भारत कुलदीप को खिलाना चाहिए

**हैदराबाद, जेएनएन।** पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा कि भारत को अपने गेंदबाजी आक्रमण में अधिक अनुभव जोड़ने और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बोझ कम करने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। लीड्स में पहले टेस्ट में भारतीय टीम पांच विकेट से हार गई, जिसमें मेहमान टीम विकेटों के लिए बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर थी। अजहरुद्दीन ने कहा, वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है, क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। अब भारतीय टीम दो जुलाई से बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में खेलेगी, जिसमें पिच सूखी रहने की उम्मीद है, जिससे कुलदीप को कुछ मदद मिल सकती है। भारत ने कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और रिषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन का अच्छा स्कोर बनाया था। केएल राहुल और पंत के शतकों की मदद से उन्होंने दूसरी पारी में 364 रन बनाए। लेकिन दोनों ही पारियों में मध्य और अंतिम क्रम के बल्लेबाजों के विफल होने के कारण मेहमान टीम मजबूत स्कोर या लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। अजहरुद्दीन ने टीम संयोजन को सही रखने की बात की ताकि टीम को लीड्स की हार से बाहर निकाला जा सके। उन्होंने कहा, हम बल्लेबाजी के विफल होने के कारण हारे, लेकिन अब उन्हें सही खिलाड़ियों को चुनना होगा और गेंदबाजी भी सही होनी चाहिए। अजहरुद्दीन (62 वर्ष) ने नए टेस्ट कप्तान गिल का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें अपनी क्षमता साबित करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह कप्तान के तौर पर उनका पहला मैच है। आप कप्तानी के बारे में बात नहीं कर सकते। कप्तानी के बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी। भारत को कप्तान के तौर पर 47 टेस्ट में से 14 जीत दिलाने वाले अजहरुद्दीन ने कहा, हमें उन्हें उचित मौका देना चाहिए और उन्होंने अभी अभी कमान संभाली है। इसलिए आपको उन्हें काफी समय और समर्थन देना चाहिए।



# क्रिस्टोफर का अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल, चेल्सी और पाल्मेरास क्वार्टर फाइनल में

**चार्लोट (अमेरिका), जेएनएन।** क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया, जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे। चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट में 2021 में फाइनल में भी भिड़ी थीं, जब चेल्सी ने पाल्मेरास को हरा अपना एकमात्र खिताब जीता था। अब पाल्मेरास की टीम के पास हिसाब चुकता करने का सुनहरा मौका होगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया। एनकुंकू ने 108वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिलाई। इसके बाद पेड्रो नेटो और किरनान डेव्सबरी हॉल ने अतिरिक्त समय में गोल करके चेल्सी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इससे पहले रीस जेम्स ने 64वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके चेल्सी को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन खेल समाप्त होने में जब केवल चार मिनट का समय बचा था तब बिजली कड़कने के कारण मैच रोक दिया गया और इसके फिर से शुरू होने में दो घंटे की देरी हुई। इसके बाद जब खेल शुरू हुआ तो बेनफिका को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली, क्योंकि गेंद मालो गुस्टो के हाथ से टकरा गई थी। एंजेल डि मारिया ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया।

क्लब विश्व कप : चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराया



### पॉलिन्हो ने 100वें मिनट में गोल कर दिलाई जीत

फिलाडेल्फिया में पॉलिन्हो ने अतिरिक्त समय में दो डिफेंडरों के बीच से गोल करते हुए गोल दागा, जिससे पाल्मेरास ने ब्राजील के लीग प्रतिद्वंद्वी बोटाफोगो को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर थीं, जिसके बाद पॉलिन्हो ने 100वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

### रोनाल्डो ने दी क्लब विश्व कप पर रिकॉर्ड छठे विश्व कप को प्राथमिकता

**लिस्बन, जेएनएन।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रिकॉर्ड छठे फीफा विश्व कप में खेलने के लिए क्लब विश्व कप का हिस्सा नहीं बने हैं। रोनाल्डो ने कहा कि उनके लिए यह लंबा सत्र है और वह आराम कर के खुद को फिट और तरोताजा रखना चाहते हैं। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अपने क्लब अल नासर द्वारा पोस्ट किए गए एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, मेरे पास (क्लब) विश्व कप खेलने के कुछ प्रस्ताव थे, लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब है।

## तन्वी शर्मा और आयुष अमेरिकी ओपन बैडमिंटन के फाइनल में

**आयोवा (अमेरिका), जेएनएन।** प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया।



## भारत ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया

एशियाई कप क्वालिफायर

**चियांग माई (थाईलैंड), जेएनएन।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने रविवार को तिमोर लेस्ते पर 4-0 की शानदार जीत के साथ एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालिफायर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। विंगर मनीषा कल्याण (12वें और 80वें मिनट) ने शानदार दो गोल किए, जबकि अंजू तमांग (58वें मिनट) और लिंडा कोम सेर्टो (86वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। भारतीय महिला टीम ने मैच में शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बना ली थी। इस जीत के साथ भारत अब दो मैच में छह अंक के साथ ग्रुप-बी में इराक और थाईलैंड से आगे शीर्ष पर है। इराक और थाईलैंड दिन में एक दूसरे से भिड़ेंगे। पांच टीम के ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करना अभी मुश्किल है, लेकिन भारत ने लगातार दो शानदार प्रदर्शन करके निश्चित रूप से मजबूत दावा पेश किया है। भारत ने पहले मैच में मंगोलिया पर रिकॉर्ड 13-0 की जीत दर्ज की थी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### फुटबॉल : लॉयल वेव्स, आईपीसी और उड़ान अकादमी बनी चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** लॉयल वेव्स, आईपीसी और उड़ान अकादमी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में अपने-अपने मुकाबले जीतकर चैंपियन बनी। भोजपुर क्लब में आयोजित टूर्नामेंट में कुल 27 टीमों ने भाग लिया। राइजिंग स्टार एकेडमी, कोरफिट और भोजपुर क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित टूर्नामेंट को तीन आयु वर्गों अंडर-14, अंडर-10 और अंडर-7 में बांटा गया था। अंडर-14 में लॉयल वेव्स ने राइजिंग स्टार टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-10 में आईपीसी ने मिनी जीनियस को शिकस्त दी। अंडर-7 वर्ग में उड़ान एकेडमी ने आईपीसी को हराया। विजेता टीम और खिलाड़ियों को एएस सिंहदेव बाबा ने पुरस्कार प्रदान किए।



### हर्षित को ट्रिपल क्राउन, आदित्य, दिव्यांश, वीआन, खुशी, मनीषा ने भी जीते खिताब



**भोपाल, खेप्र।** हर्षित ने स्व. दयकुमार रंभा चतुर्वेदी स्मृति द्वितीय जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में तिहरे खिताब अपने नाम किए। वहीं आदित्य, दिव्यांश, वीआन, खुशी और मनीषा ने भी अपने-अपने वर्ग के फाइनल में जीत दर्ज की। भोपाल जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में टीटी नगर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अंडर-11 बॉयज वर्ग में आदित्य वर्मा ने वंश को 2-0 से, अंडर-13 में वीआन ने अदम्य को 2-0, अंडर-15 में हर्षित ने वीआन को 3-1 से, अंडर-17 में हर्षित ने वीआन को 3-2 से, अंडर-19 में हर्षित ने संस्कार को 3-0 से शिस्कत देकर खिताब जीते। वहीं पुरुष वर्ग में दिव्यांश दिवेदी ने पुष्पेंद्र को 3-2 से और महिला वर्ग में मनीषा ने खुशी गुप्ता को 3-1 से परास्त किया। अंडर-19 गर्ल्स में खुशी ने भव्यश्री को 2-0 से पराजित कर खिताब जीता। विजेता खिलाड़ियों को संयुक्त संचालक बीएस यादव, जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी और जिला सचिव साबिर अली ने पुरस्कार प्रदान किए।

## सुरुचि ने मनु भाकर को पीछे छोड़ा, मध्यप्रदेश के ऐश्वर्य दूसरे नंबर पर

नेशनल निशानेबाजी चयन ट्रायल्स

**देहरादून, जेएनएन।** सुरुचि इंदर सिंह ने रविवार को ग्रुप-ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़कर जीत हासिल की, जबकि नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन पुरुष स्पर्धा में चमकदार प्रदर्शन किया। सितारों से सजे फाइनल में सुरुचि ने 245.6 का स्कोर बनाया, जो मनु भाकर से 1.1 अंक बेहतर था। भाकर ने 244.5 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अनुभवी राही सरनोबत 223.1 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। दिन के पहले फाइनल में सम्राट राणा ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष स्पर्धा में अंतिम शॉट में 10.5 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि सौरभ केवल 9.6 का स्कोर ही बना सके। सम्राट ने 241.7 का स्कोर बनाया, जबकि सौरभ ने 241.5 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। आदित्य मालरा 217.8 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज कुमार ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पी फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दो ट्रायल जीते। नौसेना के इस जवान ने 463 अंक बनाए, जो मध्यप्रदेश के ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर से दो अंक बेहतर थे।

## केशव महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर

**बुलावायो, जेएनएन।** कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती मैच के दूसरे दिन 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बन गए। 35 साल के महाराज पिछले नौ वर्षों से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और धीरे-धीरे टेस्ट प्रारूप में टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने यह उपलब्धि 34वें ओवर में जिम्बाब्वे के क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल की, जिन्हें काइल वेरेने ने स्टंप किया। महाराज पूर्व ऑफ स्पिनर ह्यूग टेफील्ड के 170 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सबसे च्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। बाएं हाथ के स्पिनर महाराज के नाम अब 59 टेस्ट मैच में 202 विकेट हैं, जिसमें 11 बार पांच विकेट और एक बार 10 विकेट शामिल हैं। महाराज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 166 मैच में 631 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका की नौ विकेट पर 418 रन की घोषित पहली पारी के जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 251 रन पर आउट हो गई, जिसमें महाराज ने 16.4 ओवर में 70 रन देकर तीन विकेट लिए। वियान मुल्डर ने 16 ओवर में 50 रन देकर चार विकेट झटके।



# टेनिस का सबसे पुराना टूर्नामेंट विम्बलडन आज से ऑल इंग्लैंड क्लब लंदन में

टेनिस के सबसे पुराने टूर्नामेंट विम्बलडन की शुरुआत आज से ऑल इंग्लैंड क्लब लंदन में हो रही है। 148 साल पुराने इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट का यह 138वां संस्करण है, जो 30 जून से 13 जुलाई तक आयोजित होगा। इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की प्राइज मनी 623 करोड़ रुपए कर दी गई है। इसमें से मेंस और विमेंस सिंगल्स कैटेगरी के विजेताओं को लगभग 35-35 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसका प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर होगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज पहले दौर में

## लगातार तीसरे विम्बलडन खिताब पर वर्ल्ड नंबर दो अल्काराज की निगाहें

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विंबलडन ट्रॉफी जीत सके हैं, जो 1968 में शुरू हुआ था, जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है, जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था।

### ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने कहा, सबसे खूबसूरत टेनिस ग्रासकोर्ट पर देखने को मिलता है। गेंद की आवाज, सबकुछ ग्रासकोर्ट पर लोगों को लुभाता है। लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के बारे में अल्काराज का कहना है कि वह इसकी परवाह नहीं करते, लेकिन वह यहां खिताब जीतना चाहते हैं। अल्काराज ने कहा कि मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। मैं अभी इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि अगर मैं लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतता हूं, तो किन खिलाड़ियों के साथ शामिल हो जाऊंगा।



## 38 साल के जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे

**लंदन, जेएनएन।** नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है, लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह विंबलडन पर टिकी हैं, जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा, क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मैं अगले साल फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लूंगा या नहीं, इसको लेकर निश्चित नहीं हूं। उन्होंने कहा, मेरी इच्छा कई और साल तक खेलना है।

### खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका

जोकोविच ने यह स्वीकार किया कि ऑल इंग्लैंड क्लब उन्हें एक और ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का सबसे अच्छा अवसर प्रदान कर सकता है, जिससे वह अपने करियर में कुल 25 खिताब जीत सकेंगे। यह एक ऐसी संख्या जिस तक कोई भी टेनिस खिलाड़ी नहीं पहुंच पाया है। विंबलडन में सात बार के चैंपियन जोकोविच ने कहा, मैं इस बात पर सहमत हो सकता हूं कि विंबलडन में फिर से चैंपियन बनने का यह मेरे लिए सबसे अच्छा मौका हो सकता है। यह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा, लेकिन अभी मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

दैनिक जागरण
रीवा, 30 जून, 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com



## जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**सतना।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 30 जून 2025 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है।

## रेडियोग्राफर एवं लेब टेक्नीशियन पदों की काउंसलिंग 1 जुलाई से

**सतना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 (समूह-5) के अंतर्गत पद कोड-01 रेडियोग्राफर एवं पद कोड-02 लेब टेक्नीशियन के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया के लिये काउंसलिंग 1 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है।

## बाढ के बाद की गई मंदाकिनी नदी के घाटों की सफाई

**सतना।** मंदाकिनी नदी चित्रकूट में शनिवार को आई बाढ से क्षेत्र में जल भराव की संभावना के मद्देनजर प्रशासन द्वारा राहत बचाव कार्य एवं सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए है। बाढ़ के बाद भरतघाट, राघव प्रयाग घाट सहित अन्य घाटों में जमे मिट्टी और कचरे को नगर परिषद की टीम द्वारा घाटों की सफाई की जा रही है। चित्रकूट में हुई भारी बारिश से मंदाकिनी नदी में जल स्तर बढ़ गया था। जल स्तर सामान्य होने पर घाटों और सीढ़ी के मलवे की सफाई की जा रही है।

## राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# शिक्षा का नया आयाम-भारत इंटरनेशनल स्कूल जहां हर सपना पाता है उड़ान




शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होतीए यह एक ऐसा अनुभव है जो बच्चे के समग्र विकास को आकार देता है। भारत इंटरनेशनल स्कूल, रामपुर बघेलन सतना म.प्र. एक ऐसा ही प्रतिष्ठित संस्थान है जहाँ शिक्षा को आधुनिक तकनीक अनुभव, और समर्पण के साथ जोड़ा गया है। विद्यालय का कैंपस लगभग 7 एकड़ में फैला है जो विद्यार्थियों को खुलाए सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करता है। विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत सुदृढ़ है। पूरे परिसर में लगभग 150 हाई डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यहाँ की सबसे बड़ी ताकत है हमारे योग्य अनुभवी और समर्पित शिक्षक जो बच्चों की हर जरूरत को समझते हैं और उन्हें मार्गदर्शन देने में निपुण हैं। स्कूल का आधुनिक और सुव्यवस्थित भवन बड़ी और हवादार कक्षाएँ और डिजिटल एलईडी क्लासरूम्स छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहद प्रभावी बनाते हैं। शांत और स्वच्छ हरियाली युक्त परिसर बच्चों को प्राकृतिक सौंदर्य से जोड़ता है। खेलों को विशेष महत्व देते हुए स्कूल में टर्फ क्रिकेट ग्राउंड और विशाल खेल मैदान उपलब्ध हैं जहाँ विद्यार्थी शारीरिक रूप से भी सक्रिय रहते हैं। हमारे समृद्ध पुस्तकालय में हर विधा की पुस्तकें उपलब्ध हैं साथ ही वीडियो लाइब्रेरी के माध्यम से छात्र ऑडियो-विजुअल सीखने का लाभ उठाते हैं। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल में एडवांस टेक्नोलॉजी से लैस कंप्यूटर लैब्स' की सुविधा है। हर रूट पर बच्चों के लिए सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। हमारी प्री-प्राइमरी कक्षाओं को पूरी तरह से शैक्षिक संसाधनों खिलौनों और थीम आधारित लर्निंग से सजाया गया है। विद्यालय का संचालन कर रही हैं प्राचार्य सुश्री अंकुर कुलकर्णी जिनके पास 23 वर्षों से अधिक का शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव है। ऐसे विद्यार्थी जो सीखने में थोड़ा और समय चाहते हैं उनके लिए स्कूल के बाद विशेष ट्यूशन कक्षाएँ आयोजित की जाती हैं। भारत इंटरनेशनल स्कूल में हम सिर्फ शिक्षा नहीं बल्कि एक उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करते हैं।

आपके बच्चे के सपनों का सही ठिकाना दृ भारत इंटरनेशनल स्कूल। अब प्रवेश प्रारंभ-सीमित सीटें।

# गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए जाना जाता है ज्ञान गंगा पब्लिक .उ.मा.वि.

*Gyan Ganga Public kids play school* Class- Play group to 12th





इंग्लिश एवं हिंदी माध्यम में Address - Rampur baghelan main market near nager Parishad, Lohran mohalla ज्ञान गंगा पब्लिक ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूट के द्वारा रामपुर बाघेलान में दो संस्थाएं संचालित है जिसमें ज्ञान गंगा पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिन्दी माध्यम एवं ज्ञान गंगा पब्लिक किड्स प्ले स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित हैं जिनके फाउंडर श्री अमृत लाल पाण्डेय ने बच्चों के शारीरिक, मानसिक बौद्धिक एवं नैतिक गुणों के विकास के लिए इन संस्थानो की स्थापना की। प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य। कम्प्यूटर शिक्षण एवं डिजिटल बोर्ड के माध्यम से शिक्षण कार्य। सी.सी.टी.वी कैमरे की निगरानी में सम्पूर्ण विद्यालय परिसर। स्पोकेन इंग्लिश हेतु विशेष व्यवस्था। कैरियर गाइडस की विशेष व्यवस्था। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम। अनिका तिवारी एमपी टॉपर 98.50 प्रतिशत 10वीं क्लास समीक्षा पाण्डेय जिला टॉपर 96 प्रति. 12वीं क्लास कपिल गुप्ता 97 प्रति. 10वीं क्लास देश.दर्शन व शैक्षिक भ्रमण। आधारभूत विषयों का शिक्षण। विद्यालय में प्रगतिशील एवं प्रेरणास्पद वातावरण उपलब्ध । विद्यालय के संचालक श्री अमृत लाल पाण्डेय मो. 8519003727।

# शिक्षा क्षेत्र में अव्वल है आदर्श विद्यालय






आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान सतना मध्य प्रदेश विद्यालय को कक्षा 12वी तक विज्ञान और कला समूह में मान्यता प्राप्त है। कक्षा 8 वी तक अंग्रेजी माध्यम की मान्यता प्राप्त है। शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निः शुल्क शिक्षा आर टी ई मे प्रवेश दिया जाता है। विद्यालय में वाहन व्यवस्था प्रदान की जाती है। जेईईई में छात्र प्रियांशू त्रिपाठी ने ऑल इंडिया 597 वी रैंक प्राप्त की। छात्र रीतेश सिंह एनडीए मे चयनित होकर कोयंबटूर में पदस्थ हुए। विद्यालय मे अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य प्रयोगशाला की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय की उपलब्धता। आउट डोर गेम और इंडोर गेम की व्यवस्था है। विद्यालय मे एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से अध्यापन कार्य। प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विशेष मार्गदर्शन।

# शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलते है सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर में




हिंदी अंग्रेजी की दौड़ से अलग अपनी पहचान लिए सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान जिसने अपने स्थापना के 34 वर्ष पूर्ण किए हैं । इनका लक्ष्य केवल अच्छी शिक्षा प्रदान करना ही नही है बल्कि इनके यहां बच्चों का सर्वांगीण विकास कैसे हो इसको ध्यान में रखते हुए रचनात्मक एवम क्रिया आधारित शिक्षा पर बल दिया जाता है। यह विद्यालय अंग्रेजी हिंदी की दौड़ में नहीं कभी नहीं रहा। हिंदी माध्यम से चलने के बाद भी इस विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कम्युनिकेशन इंग्लिश की अलग से प्रतिदिन कक्षाएं बीच बीच में इंग्लिश डिबेट्स आदि आयोजित किए जाते हैं । इस विद्यालय में प्राथमिक कक्षाओं एलकेजी से दूसरी कक्षा तक के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रिया आधारित शिक्षा को ध्यान में रखते हुए इन बच्चों के लिए इनडोर और आउटडोर खेल उपकरण से सुसज्जित शिशुवाटिका व खेल मैदान की व्यवस्था है । बच्चों में कंप्यूटर संबंधी स्किल बढ़ाने के लिए कक्षा पांच से कंप्यूटर कक्षाएं संचालित की जाती हैं। विद्यालय के पास स्वयं का भवन है जिसमें कुल 28 कक्ष हैं। इनमें कक्षा अरुण से द्वादश तक के बच्चों को बैठने के उचित व्यवस्था के साथ ही भौतिकी रसायन व जीवविज्ञान विषयों के लिए पृथक प्रयोगशाला की व्यवस्था एवं कंप्यूटर से सुसज्जित प्रथक कंप्यूटर लैब भी है । विद्यालय के पास स्मार्ट क्लासेस भी हैं। विद्यालय के पास एक बड़ा खेल मैदान प्रथक प्रथक शौचालय की व्यवस्था है। 34 वर्षों से लगातार उत्कृष्ट परिणाम के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने वाला नगर का एक मात्र विद्यालय है इस वर्ष कक्षा पंचम अष्टम दशम व द्वादश का संयुक्त उत्तीर्ण प्रतिशत 92.03 प्रति. एवं कक्षाओ का संयुक्त प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण प्रतिशत 88.03 प्रति. रहा । इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे खेल, विज्ञान, गणित, बौद्धिक आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रति वर्ष ही जिले में स्थान अर्जित किया है साथ ही कई बार प्रदेश स्तर पर भी नाम रोशन किया है। रामपुर बाघेलान के हृदय स्थल में स्थित इस विद्यालय से इन 34 वर्षों में उत्तीर्ण कई विद्यार्थी आज अच्छे डॉक्टर अच्छे इंजीनियर व उच्च शिक्षा क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं कुछ सफल व्यवसाई के रूप में तो कुछ भारत की नवरत्न कंपनी में अधिकारी के पद पर तो कुछ वैज्ञानिक के पद पर कार्य करते हुए विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं ।

DELHI PUBLIC SCHOOL SATNA
CBSE 1030589
AC BOYS HOSTEL
Boarding & Day School
SCHOLARSHIP
Class - 11th
10th CBSE/ICSE Board/State Board
Success Deserves Big Reward

| 10th Class Marks | Scholarship |
| --- | --- |
| 95% & above | 100% in Tuition Fees |
| 85% & above | 50% in Tuition Fees |
| 70% & above | 25% in Tuition Fees |

T&C Apply
8889985550, 9993322657
Sonoura Road, Satna - Maihar Bypass, Satna (MP)

पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों
• BMLT • DMLT • BPT
• X-RAY TECHNICIAN
• O.T. TECHNICIAN
मे प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
विंध्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल
शेरगंज, सतना (म.प्र.)
9039076216, 7909320729
9752858304, 9285181997

NEW BLOOMS HIGHER SECONDARY SCHOOL
AFFILIATED TO MPBSE BHOPAL (M.P.)
ENGLISH MEDIUM PATTERN
ADMISSION OPEN Nur. to LKG. & UKG To 12th
OUR SPECIALITIES
✶ Structure curriculum. ✶ Trained and Efficient Staff
✶ Computer Education ✶ Stress on English Conversations.
✶ Secured Well Ventilated And CCTV Campus.
✶ Games, Sports and Cultural Activities.
✶ Music Classes ✶ Affordable Fees Structure.
✶ Facilities Audio Visual Room.
✶ Colour Full Classrooms For Nursery
✶ Attractive Beautiful And Clean Building.
✶ Science Commerce And Arts Availa For Class 11th and 12th
Director: Sandeep Kumar Pandey Principal: Smt. Shalini Singh
J.R.Birla Road, Siddharth Nagar, SATNA
Contact No.- 9993773762, 7999898575

VIJAY CONVENT HR. SEC. SCHOOL
आपकी आशा-हमारा प्रयास
कम फीस -उच्च शिक्षा
ADMISSION OPEN
English & Hindi Medium
✶ Top Rated Education ✶ A tradition of Excellence ✶ Focus on character Building ✶ Holistic Learning environment ✶ Innovative teaching method ✶ Preparing future leaders
Shivaji Nagar, Utaily, SATNA (M.P.)
Class: Nursery to 12th (All Stream)
Shivaji Nagar, Utaily, Distt.
SATNA, MO. 9893849438, 9753746556, 8827849831, 9340870313
Maihar Road, Paikka AMARPATAN, Distt.
MAIHAR Mo. 9406770671, 9174583012, 9753746556, 9340870313
New Ramnagar, Distt. MAIHAR,
Mo.9893849438, 9993392964, 9340870313

SUDARSHAN Public Hr. Sec. School
STD. NURSERY TO XII
STREAMS MATHS BIOLOGY COMMERCE & ARTS
9893806170, 8878159423
OUR FACILITIES
• English Speaking Ambience
• Qualified & Talented Teacher
• All Time CCTV Surveillance
• Affordable Fees & Limited Seats
• Wide Range of Co-curricular Activities
• Filtered and Cold Water
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
Acharya Vinoba Bhave Ward-15, Behind Degree College Hanuman Nagar, Satna (M.P.)

VINAYAK PUBLIC HR. SEC SCHOOL
ADMISSION OPEN
FROM NUR TO 12TH
SPECIAL FEATURES
TEACHERS REQUIRED FOR:
PHYSICS, ENGLISH & COMMERCE
★ Bus Facility Available ★ Large School Premise with beautiful lush Green Cover. ★ Teacher by Experienced & Trained Teacher. ★ Science Laboratory, Modern Games Equipment.★ Result Oriented Education.
HIGHER CLASSES FACILITIES SCIENCE BIOLOGY MATHS COMMERCE ARTS
Pauranik Tola, Civil Line, SATAN (M.P.) Tel.: 7898246210,6260377946,7828124553

JOB OPPOTUNITY
Pipal tree ventures pvt ltd inviting Applications for the position of vocational trainer (contractual basis ) in retail trade in Govt. Schools of M.P
Qualification: Graduate or Diploma in Retail Management, P.G. Diploma in Marketing with at least 50% marks and 1 year teaching/work experience. Preference given to higher education with MBA (Retail/Marketing) and/or PG Diploma in Retail Management.
Minimum Competencies: Effective communication skills (oral and written) Basic computing skills.
Age Limit: 18-37 year (As on 01-01-2025), Salary: 20,000/- Including All Taxes
Fill the relevant link https://forms.gle/hcfgZB76t97oHNsu8 and E-mail your CV with coloured photo on hr.pipaltreeventures@gmail.com
Last Date to Submit your CV 06-07-25 Till 6:00PM Only short-listed Candidates will be called for Written / Personal Interview.
Written & Interview Details:
Location: Bhopal, Date: 09th July 2025, Reporting Time: 9:00AM
For Any query Contact on : 89890 66528
विशेष सूचना: सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. रूप में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचें और और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-
सिटी ऑफिसः- गायत्री स्कूल के सामने, अरूण नगर मार्ग, नेहरू नगर, रीवा (म.प्र.)
महाविद्यालय कैम्पसः ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641, 6262084843, 9691012773

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP
REWA • MP • INDIA
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY
Balaghat • MP
CSU COLLEGE OF
PHARMACY
D. PHARMACY
B. PHARMACY
ENGINEERING
POLYTECHNIC | B.TECH.
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (Mms)
BBA/ MBA BCA /MCA B.A. LL.B.
B.COM. LL.B. BBA LLB. LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा
पात्र विद्यार्थियों को शासन के योजनानुसार
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस
ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com